आश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या 12:19 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 2 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 317, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





वेबसीरीज डायनेस्टी में काम करेंगी रवीना 15

मंगल पर मिली अजीबोगरीब धारीदार चट्टान 16


## 18 और पर हो सकती है कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**हाईवे भू-अधिग्रहण घोटाला**

- अभी तक सामने आ चुका है 200 करोड़ से ज्यादा का घोटाला

**अमृत विचार :** बरेली के हाईवे भू-अधिग्रहण घोटाले में और अधिकारियों की गर्दन फंस सकती है। इस प्रकरण में 18 और अधिकारियों और कर्मचारियों के निलंबन और अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए फाइल तैयार है। इनमें चार तत्कालीन सक्षम प्राधिकारी, भूमि अध्याप्ति भी शामिल हैं। मालूम हो कि बरेली-पीलीभीत-सितारगंज हाईवे और बरेली रिंग रोड के लिए जमीन अधिग्रहण में अभी तक 200 करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला सामने आ चुका है।

इस मामले में एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी के सात अधिकारी और कर्मचारी निलंबित किए जा चुके हैं। बरेली के स्थानीय प्रशासन ने 27 मार्च 2018 से नवंबर 2023 तक कार्यरत रहे सक्षम प्राधिकारी, भूमि अध्याप्ति सुल्तान अशरफ सिद्दीकी, भरत कुमार, राजीव पांडेय और आशीष कुमार के भी निलंबन की संस्तुति की है। तहसील सदर के लेखपाल उमाशंकर, नवाबगंज के लेखपाल सुरेश सक्सेना और एसएलएओ दफ्तर के अमीन डबर सिंह पर कड़ी कार्रवाई की संस्तुति की गई है। इसके अलावा एक रिपोर्ट में लेखपाल आशीष कुमार, मुकेश कुमार, विनय, दिनेश चंद्र, विशेष भूमि अध्याप्ति कार्यालय के तत्कालीन अमीन अनुज वर्मा, ग्राम विलहरा माफी व मुडलिया गोसू के क्षेत्रीय लेखपाल मुकेश गंगवार, हेमंतडांडी के क्षेत्रीय लेखपाल तेजपाल, ग्राम भैंसहा के क्षेत्रीय लेखपाल ज्ञानदीप गंगवार, उगनपुर के क्षेत्रीय लेखपाल मुकेश कुमार मिश्रा, अमरिया के क्षेत्रीय लेखपाल विनय कुमार व दिनेश चंद्र और ग्राम हुसैन नगर एवं सरदार नगर के क्षेत्रीय लेखपाल आलोक कुमार को भी अनियमितता के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। शासन के सूत्रों के मुताबिक, इन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के निलंबन और आगे की कार्रवाई के लिए फाइल प्रक्रिया में है। शीघ्र ही आदेश होना संभव है।

## नशा, स्मार्ट फोन छोड़ बहाएं पसीना तो बरसेंगी नौकरियां

### पेरिस ओलंपिक-पैरालंपिक के पदक विजेताओं को मुख्यमंत्री योगी ने दिए 22.70 करोड़ रुपये के पुरस्कार

- कहा, सम्मानित करने के साथ पदक विजेताओं को सरकार बनाएगी राजपत्रित अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को प्रतीक चेक सौंपते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेरिस ओलंपिक व पैरालंपिक गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को 22.70 करोड़ रुपये की सम्मान राशि देते हुए नवोदित खिलाड़ियों को सचेत भी किया। कहा कि नशा और स्मार्ट फोन से दूर रहकर बड़ा खिलाड़ी बनने को जितना पसीना बहाएंगे, उतना ही नौकरियों के साथ धन की बारिश भी होगी। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि युवा पीढ़ी के लिए स्मार्ट फोन आज सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। यह युवाओं के समय और श्रम दोनों को प्रभावित करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने को सचेत किया। कहा कि नशा नाश का कारण है। जो नशे की तरफ गया वह जीवन में फिर किसी के लायक नहीं रह पाएगा। योगी ने कहा कि युवा खुद को तैयार करें। उनकी सुविधाओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार समुचित माहौल तैयार कर रही है। युवा खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। सरकार प्रदेश के शहरों से लेकर गांवों तक खेल की सुविधाएं विकसित कर रही है। अच्छे प्रशिक्षण के साथ अच्छे प्रशिक्षक भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**राजपत्रित अधिकारी बनेंगे पदक विजेता खिलाड़ी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेल के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए सम्मान समारोह में आए खिलाड़ियों की प्रेरक कहानी भी साझा की। कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को धनराशि आवंटन में पीछे नहीं है। सरकार ने खेलों में देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को राजपत्रित अधिकारी बनाने बनाने का निर्णय लिया है। 2 खिलाड़ी पुलिस उपाधीक्षक, 2 नायब तहसीलदार, 1 माल कर अधिकारी और 2 खिलाड़ी जिला युवा कल्याण अधिकारी बनेंगे।

# ईरान ने बोला इजराइल पर हमला सैकड़ों बैलेस्टिक मिसाइलें दागीं

### इजराइल के साथ अमेरिका ने भी दी ईरान को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी

- इजराइल में बजे चेतावनी के सायरन, नागरिकों को बंकरों के पास रहने का आदेश

यरुशलम, एजेंसी



ईरान ने इजराइल पर सैकड़ों बैलेस्टिक मिसाइलें दागी हैं और इसके साथ ही देशभर में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बज रहे हैं। द जेरूसलम पोस्ट ने मिसाइलों की संख्या 400 बताई हैं। इजराइली सेना ने निवासियों को बंकरों के पास रहने का आदेश दिया है। तेल अवीव और यरुशलम के निकट कई धमाके सुने गए, हालांकि यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये धमाके मिसाइल के गिरने की थीं या इजराइली सुरक्षा बलों द्वारा हमलों को रोके जाने की थीं, या दोनों की थीं।

इजराइल और अमेरिका ने चेतावनी दी है कि ईरान द्वारा इजराइल पर हमले की स्थिति में गंभीर परिणाम होंगे। इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगरी ने कहा कि देश की वायु रक्षा प्रणाली पूरी तरह से चालू है, जो खतरों का पता लगा रही है और उन्हें रोक रही है। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि ईरान ने इजराइल के खिलाफ बैलिस्टिक मिसाइल दागी तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। ईरान से हमले की स्थिति में इजराइल की सहायता के लिए अमेरिकी जहाज और विमान इस क्षेत्र में तैनात हैं।

इजराइली सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि हमले में बहुत कम लोग घायल हुए हैं। लोग बंकरों से बाहर निकल सकते हैं।

**इजराइल ने कहा-हिजबुल्ला पर हमला जारी रखेगा**

इजराइल ने कहा है कि वह हिजबुल्लाह पर तब तक हमला करता रहेगा जब तक कि लेबनान सीमा के पास के घरों से विस्थापित नागरिकों के लिए वापस लौटना सुरक्षित नहीं हो जाता। इजराइल के सरकारी टेलीविजन के अनुसार ईरान ने इजराइल पर दर्जनों बैलिस्टिक मिसाइल दागने की जिम्मेदारी ली है। ईरान ने हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला और रिवोल्यूशनरी गार्ड जनरल अब्बास निलफोरुशान का जिक्र किया, जो पिछले हफ़्ते बेरूत में एक इजराइली हवाई हमले में मारे गए थे।

**बाइडेन ने की इमरजेंसी बैठक, इजराइल की सुरक्षा पर चर्चा**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने ईरान मिसाइल हमले से इजराइल की रक्षा के संबंध में अमेरिकी तैयारी की समीक्षा की है। इजराइल पर ईरान के मिसाइल हमले के शुरू होने से कुछ पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि आज सुबह उपराष्ट्रपति और मैंने इज़राइल के खिलाफ आसन्न मिसाइल हमला शुरू करने की ईरानी योजनाओं पर चर्चा करने के लिए हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम बुलाई। हमने चर्चा की कि इन हमलों से बचाव में इज़राइल की मदद करने और क्षेत्र में अमेरिकी कर्मियों की सुरक्षा के लिए अमेरिका की तैयारी कैसी है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया, जो बाइडेन ने उप राष्ट्रपति कमला हैरिस और नेशनल सिक्योरिटी टीम के साथ बैठक की। इस बैठक में ईरान के हमले की चर्चा की गई। इजराइल को इस हमले से कैसे बचाया जाए।

## बंगाल में डॉक्टर फिर हड़ताल पर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों ने सभी चिकित्सा प्रतिष्ठानों में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर राज्य सरकार पर दबाव बनाने के मकसद से मंगलवार को फिर से अनिश्चितकाल के लिए काम पूरी तरह बंद कर दिया। इससे एक दिन पहले भी उच्चतम न्यायालय ने टिप्पणी की थी कि चिकित्सकों को बाह्य रोगियों और अस्पताल में भर्ती मरीजों के इलाज समेत सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध करानी चाहिए। चिकित्सकों ने मंगलवार सुबह से अनिश्चितकाल के लिए पूरी तरह काम बंद करने के अपने निर्णय की घोषणा करने से पहले सोमवार को लगभग पूरी रात शासी निकाय की बैठक की।

## व्यवसाय को बिना ब्याज मिलेंगे 5 लाख रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**मंत्रिमंडल के फैसले**

- एक लाख युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से मिलेगा लाभ
- युवाओं के लिए उप्र. उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024 प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोकभवन में मंगलवार को हुई बैठक में 25 प्रस्तावों में से 24 पर मुहर लगाई गई। इस कड़ी में एक अहम प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाते हुए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को जमीन पर उतारने का रास्ता साफ कर दिया गया।

इसके तहत 1 लाख युवाओं को हर साल बिना ब्याज के 5 लाख रुपये का लोन माइक्रो यूनिट स्थापित करने के लिए दिया जाएगा। इसके जरिए बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य है। जिसमें सामान्य वर्ग को 15 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग 12.5 प्रतिशत, अनसूचित जाति जनजाति के लिए 10 प्रतिशत मार्जिन मनी देनी होगी। 8वीं से 12वीं पास बेरोजगार इसके लिए पात्र होंगे। मंत्रिमंडल ने राज्य के युवाओं के लिए उप्र. उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024 प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इस नीति के जरिए विदेशी उच्च शैक्षिक संस्थानों को निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। 50 करोड़ तक के निवेश पर भूमि लागत से 50 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी छूट, 150 करोड़ तक के निवेश पर 30 प्रतिशत और 150 करोड़ से अधिक के निवेश पर 20 प्रतिशत की स्टाम्प ड्यूटी की छूट का प्रस्ताव दिया गया है। पहली 5 विदेशी संस्थाओं को निवेश करने पर विशेष प्रोत्साहन किया जाएगा।

**मक्का, बाजरा और ज्वार की एमएसपी तय**

राज्य सरकार ने मक्का, बाजरा और ज्वार का समर्थन मूल्य निर्धारित कर दिया है। इसी दर पर सरकार मोटे अनाज खरीदेगी। कैबिनेट के निर्णय की जानकारी देते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि मक्का की एमएसपी 2285 रुपये, बाजरा की एमएसपी 3431 और ज्वार की एमएसपी 2625 रुपये प्रति क्विंटल होगी। मक्के की 21 जिलों में खरीद की जाएगी तो बाजरा की खरीद 32 जिलों में होगी। वहीं, ज्वार की 11 जिलों में खरीद की जाएगी।

## लखीमपुर खीरी में आदमखोर बाघ के हमले में ग्रामीण की मौत

संवाददाता, मोहम्मदी (खीरी)



- मोहम्मदी क्षेत्र में घास काट रहा था ग्रामीण अधखाया शव मिला

**अमृत विचार :** मोहम्मदी क्षेत्र के गांव नासियाघाट में बाघ ने घास काट रहे एक ग्रामीण पर हमला बोल दिया। ग्रामीण का अधखाया शव गन्ने के खेत में बरामद हुआ है। गुस्साए परिजनों ने मुआवजा समेत अन्य कई मांगों को लेकर हंगामा किया। विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह और वन विभाग समेत अन्य अफसरों ने बमुश्किल समझाकर परिजनों को शांत किया।

गांव शाहपुर राजा निवासी 45 वर्षीय प्रभुदयाल विश्वकर्मा साइकिल से मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे पशुओं के लिए घास लेने पड़ोस के गांव नासियाघाट गया था। वह गन्ने के खेत के सामने घास काट रहा था। इसी बीच छिपे बैठे बाघ ने उसकी गर्दन दबोच ली और करीब 200 मीटर दूर गन्ने के खेत में खींच ले गया। परिवार वालों ने बताया कि प्रभुदयाल जब काफी देर तक घर वापस नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश करने लगे।

> वन्यजीव के गन्ने के खेतों में छुपे होने की संभावना होने पर वन विभाग की टीमें निरंतर गशत कर रहीं हैं साथ ही खेतों पर समूह बनाकर जाने की सलाह दी जा रही है। – संजय कुमार बिश्वाल, प्रभागीय वनाधिकारी

## अभिनेता गोविंदा के पैर में लगी गोली, खतरे से बाहर

मुंबई, एजेंसी



- रिवाल्वर आलमारी में रखते वक्त ट्रिगर दबने से चली गोली
- पुलिस ने लाइसेंसी रिवाल्वर को जांच के लिए किया जब्त

अभिनेता गोविंदा मंगलवार को अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से दुर्घटनावश गोली चलने के कारण घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब वह हवाई अड्डा जाने के लिए मुंबई स्थित अपने घर से निकलने वाले थे। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गोविंदा (60) की हालत खतरे से बाहर है। गोविंदा ने एक बयान में कहा कि अब वह बेहतर महसूस कर रहे हैं।

अभिनेता के प्रबंधक शशि सिन्हा ने बताया कि गोविंदा को कोलकाता में एक कार्यक्रम के लिए सुबह छह बजे उड़ान भरनी थी और वह 4:45 बजे अपने घर से निकलने वाले थे तभी लाइसेंसी रिवॉल्वर को अलमारी में रखते वक्त ट्रिगर दुर्घटनावश दब गया जिससे गोली चल गई। उनके पैर में लगी है। गोविंदा के भाई कीर्ति कुमार ने कहा कि वह भाग्यशाली थे कि बच गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया था कि गोविंदा को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। अभिनेता को उपचार के लिए क्रिटिकेअर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने लाइसेंसी रिवॉल्वर को जांच के लिए जब्त कर लिया है।

## ध्वस्तीकरण पर सभी के लिए जारी होगा दिशा-निर्देश

### याचिका पर निर्णय होने तक निर्माणों पर बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह संपत्तियों को ध्वस्त किए जाने के मुद्दे पर सभी नागरिकों के लिए दिशा निर्देश जारी करेगा। इसके साथ ही न्यायालय ने उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया जिनमें आरोप लगाया गया है कि कई राज्यों में आरोपियों की संपत्ति समेत अन्य संपत्तियां ध्वस्त की जा रही हैं।

न्यायालय ने कहा कि उसके दिशा निर्देश पूरे भारत में लागू होंगे। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति का महज आरोपी या दोषी होना संपत्ति के ध्वस्तीकरण का आधार नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि हम सभी नागरिकों, सभी संस्थानों के लिए इसे जारी कर रहे हैं न कि किसी खास समुदाय के लिए। पीठ ने कहा कि किसी खास धर्म के लिए अलग कानून नहीं हो सकता है। अदालत ने कहा कि वह सार्वजनिक सड़कों, सरकारी जमीनों या जंगलों में किसी भी अनधिकृत निर्माण को संरक्षण नहीं देगा। हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि हमारे आदेश से किसी भी सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण करने वालों को मदद न मिले। पीठ ने मामले पर सुनवाई के बाद कहा कि आदेश सुरक्षित रखा जाता है। पीठ के आदेश सुरक्षित रखने के बाद याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट के 17 सितंबर के आदेश का उल्लेख किया जिसमें कहा गया था कि उसकी अनुमति के बगैर एक अक्टूबर तक आरोपियों समेत अन्य लोगों की संपत्तियों को नहीं गिराया जाएगा। वकील ने पीठ से अपने अंतरिम आदेश की अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया। इस पर पीठ ने कहा कि इस मामले में निर्णय लेने तक यह बना रहेगा।

**अवैध कब्जों पर नहीं लागू होगा सुप्रीम कोर्ट का आदेश**

इससे पहले न्यायालय ने कहा था कि अगर अवैध रूप से ध्वस्तीकरण का एक भी मामला है तो यह हमारे संविधान के मूल्यों के विरुद्ध है। न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि उसका आदेश सड़कों, फुटपाथ, रेलवे लाइन या जलाशयों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर बने अनधिकृत ढांचों पर लागू नहीं होगा और साथ ही उन मामलों पर भी लागू नहीं होगा जिनमें अदालत ने ध्वस्तीकरण का आदेश दिया है।


कर्मजं बुद्धियुक्ता हि फलं त्यक्त्वा मनीषिणः।
जन्मबन्धविनिर्मुक्ताः पदं गच्छन्त्यनामयम्।।
(श्रीमद्भगवद्गीता 2/51)


36वीं पुण्यतिथि




परम श्रद्धेय स्व. श्री राममूर्ति जी
(08.02.1910 - 02.10.1988)
हमारे प्रेरणा स्रोत
स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, गांधीवादी,
पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार

श्रद्धांजलि कार्यक्रम
दिनांक-2 अक्टूबर 2024 (समय- प्रातः 10:30 से 1:00 बजे तक)
स्थानः श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी
राममूर्ति पुरम्, 13 किमी., बरेली-नैनीताल रोड, बरेली (उ.प्र.)

राम मूर्ति प्रतिभा अलंकरण



डॉ. नरेश
साहित्यकार



डॉ. अर्जुमंद जैदी
समाजसेवी



श्री कर्णव रस्तोगी
जलवायु परिवर्तन कार्यकर्ता

कहानी प्रतियोगिता विजेता



शिवानी कार्की
शीर्षक- 'लगाव' (प्रथम पुरस्कार)

₹ 3.5 करोड़ छात्रवृत्ति वितरण
एस.आर.एम.एस. महाविद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों हेतु

पुरस्कार वितरण
• कहानी प्रतियोगिता • वाद-विवाद प्रतियोगिता

देव मूर्ति
(संस्थापक एवं प्रबन्ध न्यासी)
एवं समस्त ट्रस्ट परिवार

SRMS
श्री राम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट
बरेली • लखनऊ • उन्नाव

मानवसेवा एवं राष्ट्र निर्माण को समर्पित गौरवमयी 34 वर्ष (1990-2024)
शिक्षा, चिकित्सा, कौशल विकास, समाज सेवा व कला एवं संस्कृति में अग्रणी संस्थान

एन-3, रामपुर गार्डन, बरेली (उ.प्र.) 0581-2567571, 2567724 www.srms.ac.in
Facebook Live Streaming - @SRMSTrust
Follow us:



स्वच्छ भारत

# स्वच्छ भारत अभियान

एक कदम स्वच्छता की ओर

# नगर पंचायत बिलराम, कासगंज

## की ओर से आप सभी को

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयन्ती

## की हार्दिक शुभकामनाएं

### सभी जनपदवासियों से अपील

1. पीने और भोजन बनाने के लिये हैण्डपम्प, इण्डिया मार्क-11 के स्वच्छ जल का ही इस्तेमाल करें।
2. प्रतिदिन शौच के लिए शौचालय का ही प्रयोग करें।
3. खाने से पहले हाथों को अच्छी तरह साबुन से धोयें।
4. खाने वाली वस्तुओं को ढ़क कर रखें व मटके से पानी निकालने हेतु डंडी वाले लोटे का प्रयोग करें।
5. प्रतिदिन स्नान करें और स्वच्छ कपड़े से शरीर को पौंछकर साफ कपड़े पहने।
6. घर में इकट्ठा होने वाला कूड़ा सड़क पर न फेंके।
7. अपने घर के साथ ही साथ अपने घर के आस-पास भी स्वच्छता का ख्याल रखें।
8. ग्राम पंचायतों को स्वच्छ बनाने में हमें सहयोग करें।
9. सार्वजनिक भवनों के आस-पास साफ-सफाई रखें।





**सुनीता देवी**
चेयरमैन
नगर पंचायत बिलराम



**मुकेश कुमार**
ई.ओ.
नगर पंचायत बिलराम



**राकेश कुमार पटेल**
एडीएम वित्त एवं प्रशासन
कासगंज



**मेधा रूपम**
जिलाधिकारी
कासगंज

**समस्त सभासदगण, नगर पंचायत बिलराम जनपद (कासगंज)**

## एक नजर

### निगोही में वृद्ध की तालाब में डूबकर मौत

**निगोही।** गांव पिपरिया खुशहाली निवासी फूलचंद्र( 65 ) की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वह मंगलवार गांव के निकट खेत पर फसल की रखवाली करने गए थे, वहीं पर गहरा तालाब है। जब शाम पांच बजे तक नहीं आए, तो बेटा सोहन लाल खेत पर गया। खेत पर आवाज लगाता रहा, कहीं से कोई आवाज नहीं आई, तब बेटा गांव की तरफ तालाब के किनारे उसकी नजर तालाब में पड़ी, जिसमें एक शव तालाब में उतरा रहा था। गौर से देखने पर शव पिता का निकला। ग्रामीणों ने तालाब से शव बाहर निकाला। निगोही थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि पंचायतनामा भरकर शव को पीएम को भेज दिया है।

### किशोरी का वीडियो वायरल करने के आरोपी हिरासत में

**पुवायां।** शौचालय गई किशोरी का शोहदों ने वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद किशोरी के परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। मामला नगर के एक मोहल्ले का है। किशोरी घर से बाहर शौच को गई थी। मोहल्ले के ही दो लड़कों ने उसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने की जानकारी मिलने पर परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की, जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। देर शाम तक कोतवाली में दोनों में समझौता का प्रयास चल रहा था, जिसके चलते पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। वही कोतवाल हरपाल सिंह बालियान ने बताया कि मौखिक शिकायत पर दो आरोपियों को पकड़वाया है, तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### आत्मदाह की धमकी देने वाली महिला के हुए बयान

**शाहजहांपुर।** कटरा थाना क्षेत्र की एक गांव की महिला ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया था कि गांव का उवैश नामक व्यक्ति उसे कई बार बुरी नीयत से पकड़ चुका है। आरोपी उसके मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजता है। छह सितंबर को महिला के पति ने आरोपी के घर पर जाकर शिकायत की तो आरोपी ने उसके पति को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने उवैश समेत तीन के ,खिलाफ मारपीट की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उसे और परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस राजनीतिक दबाव के कारण आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। पीड़िता ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो किसी दिन विधान सभा लखनऊ में आत्मदाह कर लेगी। सीओ तिलहर अमित चौरसिया ने पीड़िता के बयान लिए।

### छात्र को पीटने का आरोप

**सिंधौली।** क्षेत्र के गांव पैना बुजुर्ग निवासी अंशुमान ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि वह बी फार्मा का छात्र है। तीन दिन पूर्व उसके पास मैसेज आया कि सरकारी टैबलेट वितरित किए जाने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है, आकर ले लो। वह कॉलेज पहुंचा तो अकाउंटेंट ने बकाया फीस में छह हजार रुपये अतिरिक्त जोड़कर मांगे। जिसके बाद टैबलेट देने को कहा। इसको लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन ने उसे पीटकर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि जांच की जा रही है।

### तमंचा समेत दो गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** जिले की दो थानों की पुलिस ने तमंचा समेत दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने सोमवार की शाम कोला पुल के नीचे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा व एक कारतूस बरामद किया है। पकड़ा गया अभियुक्त भीमसेन निवासी भौती कीलापुर थाना जलालाबाद है। पुवायां प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने मंगलवार की सुबह मुबारकपुर मार्ग पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा बरामद किया है। पकड़ा गया अभियुक्त माजिद निवासी पकड़िया हकीम थाना पुवायां है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तें का चालान कर दिया।

# स्वास्थ्य सेवाएं फेल, घंटों लाइन में लगने के बाद मिल रही दवा

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार:** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुखार खांसी जुकाम आदि रोगियों की संख्या बढ़ने लगी है। रोगियों की भीड़ के आगे स्वास्थ्य सेवाएं फेल नजर आ रही हैं।

मंगलवार 12 बजे दिन में पर्चा बनने वाली खिड़की पर ऐसी भीड़ थी, कि मानों मेला लगा हो, वहीं कमोबेश यही हाल दवा वितरण वाली खिड़की का था। लाइन में लगे रोगियों ने बताया कि काफी देर लाइन में लगने के बाद पर्चा बनने का नंबर आया। इसके बाद ओपीडी में पहुंचकर चिकित्सक से पर्चा पर दवा लिखवाई और दवा वितरण

> प्रतिदिन 50 से ज्यादा बुखार और सर्दी, जुकाम आदि से संबंधित करीब 200 से ज्यादा मरीज आ रहे हैं। जिस कारण भीड़ बढ़ रही है। सभी का समुचित इलाज किया जा रहा है। **-डॉ. दिनेश प्रताप सिंह**

खिड़की पर पहुंचने पर भारी भीड़ का सामना करना पड़ा। जिस कारण एक घंटे बाद दवा मिल सकी, तब कहीं दवा का इंतजार खत्म हुआ। उधर कई लोगों ने बताया कि जो दवा बुखार की दी जा रही है, उससे बुखार नहीं उतरता है। मजबूरन मेडिकल से बुखार की दवा लेनी पड़ती है। उधर, इस समय बुखार, सर्दी, जुकाम आदि बीमारियों के की रोगी ज्यादा आ रहे हैं।

## बाइक नहीं मिलने पर ससुरालियों ने जिंदा जला दी थी कुसुमा, भाई की तहरीर पर दर्ज हुई थी रिपोर्ट

# विवाहिता की हत्या में पति और देवर को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वर्ष 2001 में पुवायां के नवलपुर गांव में हुई थी घटना
- मृतका के शव का भी कर दिया था अंतिम संस्कार



**अमृत विचार:** विवाहिता की जिंदा जलाकर हत्या किए जाने के मामले में कोर्ट ने दोष सिद्ध होने पर विवाहिता के पति देव सिंह और देवर रूम सिंह को आजीवन कारावास और 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर वर्ष 2001 में पुवायां के गांव नवलपुर में विवाहिता के साथ घटना को अंजाम दिया था।

फर्रुखाबाद के थाना शमशाबाद के गांव लतीफपुर सिंकदरपुर निवासी डॉ. संतोष कुमार कुशवाहा ने पुवायां थाने में सात जून 2001 को तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। पीड़ित भाई ने बताया था कि उसने चार वर्ष पहले बहन कुसुमा देवी की शादी पुवायां के गांव नवलपुर निवासी देव सिंह के साथ की थी। दिए गए दहेज से ससुराली संतुष्ट नहीं थे और दहेज में बाइक, फ्रिज, सिलाई मशीन, बीस हजार रुपये नगद की मांग को लेकर प्रताड़ित करने थे। कुसुमा के पति देव सिंह व देवर रूम सिंह ने शादी में कलेवा के दौरान ही बाइक की मांग की थी। रिश्तेदारों आदि के समझाने पर बमुश्किल बहन की विदा हुई। ससुराल पहुंचने पर बहन को प्रताड़ित किया जाने लगा। 27 मई 2001 को उसे सूचना मिली कि बहन कुसुमा को ससुराल वालों ने मिट्टी का तेल डालकर जिंदा जलाकर मार डाला है। अगले दिन 28 मई को सुबह वह बहन की ससुराल पहुंचा तो पता चला कि उसके शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया था। एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर पुवायां पुलिस ने सात जून को कुसुमा के पति देव सिंह, ससुर रामासरे, देवर रूम सिंह, सर्वेश व सास राजकुमारी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए, 304 बी, 201, 3/4 डीपी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की। विवेचना के उपरांत पुलिस ने आरोप पत्र कोर्ट में पेश किए। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट दशम में मुकदमे की सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान और शासकीय अधिवक्ता श्रीपाल वर्मा के तर्कों को सुनने के बाद पत्रावली का अवलोकन कर न्यायाधीश पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मृतका के पति देव सिंह व देवर रूम सिंह को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा और 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अभियुक्तों की मुकदमा विचारण के दौरान मृत्यु हो गई।

### धमकाया था...पुवायां थाने तक लगे है हमारे लोग

डॉ. संतोष कुमार कुशवाहा ने बताया कि पुलिस में शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। कहा कि हमारे लोग पुवायां थाने तक लगे हुए हैं। तब वह पुवायां थाने न जाकर एसपी से मिला और उन्हें प्रार्थना पत्र देकर ससुरालियों पर कार्रवाई की मांग की।

# घर के बाहर चारपाई पर सो रहे ग्रामीण की गला रेतकर हत्या

## छोटा भाई खेत से रखवाली करके लौटा, तब हुई जानकारी, रुपयों के लेनदेन में दो लोगों पर हत्या का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, शाहजहांपुर/कुर्रिया कलां



घटना के बाद गुमसुम बैठे परिजन। ● अमृत विचार



परिजनों से घटना की जानकारी लेते एएसपी सिटी, सीओ व अन्य पुलिस अधिकारी।

**अमृत विचार:** घर के बाहर पाकड़ के पेड़ के नीचे चारपाई पर सो रहे ग्रामीण की कुछ लोगों ने गला रेत कर हत्या कर दी। घटना की जानकारी तब हुई, जब छोटा भाई खेत की रखवाली करके मंगलवार सुबह घर लौटा। जानकारी होते ही गांव में सनसनी फैल गई और लोगों की भीड़ लग गई। एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सदर प्रयांक जैन, कांट इंस्पेक्टर पुलिस टीम के साथ गांव पहुंच गए। अधिकारियों ने मौका मुआयना कर घटना की जानकारी के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक के भाई ने रुपयों के लेनदेन में दो लोगों पर रंजिशन हत्या का आरोप लगाया है। मामले की कांट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना कांट की कुर्रिया कलां चौकी क्षेत्र की ग्राम पंचायत कदरदादपुर उर्फ लिलथरा के मजरा यादव गौटिया निवासी मोरपाल यादव उर्फ पप्पू बाबा( 50 ) सोमवार की रात घर के बाहर पाकड़ के पेड़ के नीचे चारपाई डालकर सो गए। कुछ दूर दरवाजे के पास में बहनोई उपदेश और चाचा जमादार सो गए। छोटा भाई देशराज रात करीब दस बजे छुट्टा पशुओं से फसल की रखवाली करने के लिए चला गया था। रात में किसी समय मोरपाल की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे देशराज जब खेत से लौटा तो उसने बड़े भाई को आवाज लगाई लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। दो-तीन बार आवाज देने के बाद वह चारपाई पर लेटे भाई के पास पहुंचा और उन्हें हिलाकर जगाने की कोशिश की लेकिन शरीर में कोई हलचल नहीं हुई, तब उसने देखा कि गले में किसी धारदार हथियार से गला रेते जाने का निशान बना हुआ है। तब उसके मुंह से चीख निकल गई।



मृतक मोरपाल

हत्या किए जाने की जानकारी देते हुए उसने दरवाजे के पास में सो रहे बहनोई और चाचा को उठाया।

परिजनों ने प्रधान और गांव वालों को बताया, फिर पुलिस को सूचना दी। सुबह लगभग आठ बजे कांट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में मौके पर एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सदर प्रयांक जैन, कांट प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार, तहसीलदार आशीष सक्सेना आदि अधिकारी पहुंच गए। पुलिस ने मृतक के परिजनों से जानकारी कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं छोटे भाई देशराज ने थाना कलान के गांव अभिनि नगरिया निवासी आराम और डुकुरियाई निवासी संजेश पर हत्या की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि मृतक का दोनों आरोपियों से रुपये को लेकर विवाद चल रहा था। शायद इसी रंजिश में मोरपाल की हत्या कर दी होगी।

### आरोपियों ने दी थी जान से मारने की धमकी

देशराज ने बताया कि उसके भाई मोरपाल से इन दोनों आरोपियों का रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। दोनों ने भाई को जान से मारने की धमकी दी थी। भाई के अनुसार उसका गांव में कोई भी विवाद नहीं था। मृतक मोरपाल पूजा पाठ किया करता था। मृतक चार भाई था, जिनमें अब सत्यपाल, देशराज वीरेंद्र रह गए हैं। चारों भाइयों के पास मात्र सात बीघा जमीन है।

> मृतक के भाई आदेश की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। मामले की जांच के साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही है।
> **- अश्वनी कुमार**, प्रभारी निरीक्षक, कांट

### बृज किशोर की चोटों के कारण हुई मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव रौसरकोठी निवासी बेबी पांडेय ने बताया था कि उसके पति बृज किशोर पाण्डेय ने रोजा क्षेत्र के गांव निवाजपुर में दलाल के माध्यम से एक मकान 29 लाख 50 हजार रुपये का सदर बाजार थाना क्षेत्र की एक महिला से खरीदा था। 12 सितंबर को रजिस्ट्री कार्यालय में रजिस्ट्री कराई थी। दलाल, महिला और उसके पति ने कहा था कि 28 सितंबर को मकान खाली कर दूंगा। वह अपने पति के साथ मकान पर कब्जा करने के लिए गई तो आरोपियों ने मकान खाली करने से मना कर दिया और गालियां दी थी। विरोध करने पर उसके पति को आरोपियों ने मारा पीटा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उसकी चोटों के कारण मौत हुई है। सीओ सदर प्रयांक जैन ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा चालक की मौत



ई-रिक्शा पलटने के बाद अस्पताल में बच्चों के साथ गुमसुम बैठी महिला।

**पुवायां, अमृत विचार:** सामने से आ रही पिकअप ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी, जिसमें चालक की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। एक महिला समेत दो बच्चों को मामूली चोट आई है।

मंगलवार को पुवायां से खुटार रोड पर जा रहे ई रिक्शा में चालक सुलख्खन सिंह समेत पांच सवारी भगवान शरण, छोटी कौर पत्नी अमरीक सिंह व अमरीक के बच्चे लवप्रीत एवं सुखदेव सवार थे। पुवायां से निकलते ही थोड़ी दूर बरगदिया गांव के पास सामने से आ रही पिकअप ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी, जिसमें चालक सुलख्खन और भगवान शरण उर्फ गुड्डू निवासी धारा गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने सभी को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चालक सुलख्खन ने दम तोड़ दिया।

# 15 थानों में फेरबदल, कई निरीक्षक और एसओ बदले

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एक निरीक्षक, तीन उप निरीक्षक का दूसरे जनपद तबादला
- तीन दिन पहले बढ़ते अपराधों पर आईजी ने ली थी मीटिंग

**अमृत विचार:** अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए एसपी राजेश एस ने 15 थानों में बड़े स्तर पर फेरबदल करते हुए 9 निरीक्षक और 6 उप निरीक्षकों के तबादले किए है। एक निरीक्षक और तीन उप निरीक्षकों को दूसरे जिले तबादले पर पुलिस लाइन भेजा है।

बरेली रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश कुमार ने पुलिस लाइन में थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर अपराध की समीक्षा की थी। इस दौरान अपराधों पर अंकुश लगाने और विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इधर एसपी राजेश एस ने सोमवार की देर रात निरीक्षक चंद्र प्रकाश शुक्ला का प्रभारी निरीक्षक रामचंद्र मिशन से प्रभारी निरीक्षक सिंधौली, निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार का प्रभारी निरीक्षक सिंधौली से प्रभारी निरीक्षक रामचंद्र मिशन, निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य का प्रभारी निरीक्षक बंडा से प्रभारी निरीक्षक परौर, निरीक्षक राकेश कुमार का प्रभारी आईजीआरएस से प्रभारी निरीक्षक तिलहर, निरीक्षक ओमशंकर शुक्ल का प्रभारी निरीक्षक कटरा, निरीक्षक गौरव त्यागी का प्रभारी निरीक्षक कटरा से प्रभारी निरीक्षक जैतीपुर, निरीक्षक विश्वजीत प्रताप सिंह का पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक मदनापुर, निरीक्षक रजनीश कुमार का पीआरओ से प्रभारी निरीक्षक गढ़िया रंगीन तबादला किया है।

तिलहर प्रभारी निरीक्षक विशाल प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष मदनापुर उप निरीक्षक अमित सिंह चौहान, एसओ सेहरामऊ दक्षिणी उप निरीक्षक रोहित सिंह, एसओ खुटार उप निरीक्षक संजय कुमार का दूसरे जिले तबादला हो जाने पर पुलिस लाइन भेजा गया। उपनिरीक्षक अवधेश कुमार एसओ जैतीपुर से एसओ सेहरामऊ दक्षिणी, उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार का एसओ गढ़िया रंगीन से एसओ खुटार तबादला किया है।

### पीएचसी पर डॉक्टर सहित 9 अनुपस्थित, जवाब तलब


**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को अजीजगंज स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर टीकाकरण का निरीक्षण किया। उन्हें डॉक्टर सहित 9 कार्मिक अनुपस्थित मिले। डीएम ने दवा वितरण कक्ष, पैथोलॉजी कक्ष सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. शुएब अली, फार्मासिस्ट हरिओम सिंह, एएनएम मृदुल कुमारी, शालिनी मिश्रा, रीता रानी, रेहाना, कुसुम, फातिमा, नीतू, लक्ष्मी देवी, अजरा खान एवं वार्ड बॉय ओम सिंह अनुपस्थित होने पर डीएम ने जवाब तलब के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देशित किया कि सुनिश्चित किया जाए कि निर्धारित समय तक समस्त स्टाफ स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद रहे। केंद्र पर आने वाले मरीजों का मोबाइल नंबर भी पंजिका में दर्ज किया जाए। अस्पताल में होने वाली जांचों के संबंध में भी जानकारी ली। कहा कि सरकार की ओर से विभिन्न सुविधाएं आमजन को नि :शुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन सुविधाओं का लाभ मरीजों को मिलना चाहिए।

### कटान के बाद बेची गई लकड़ी मामले में जांच शुरू

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुवायां रोड पर गांव पैना बुजुर्ग के पास सरकारी पेड़ों का कटान सरकारी लकड़ी को आरामशीनों पर बेचने की शिकायत पर डीएफओ के निर्देश पर वन विभाग की ओर से जांच एसडीओ सुशील कुमार द्वारा की जा रही है। वहीं वन निगम के डीएलएम के द्वारा जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। मंगलवार को निगम की तीन सदस्यीय टीम जांच के लिए पैना बुजुर्ग पहुंची। टीम ने आरा मशीन मालिक व कटान करा रहें इकाई अधिकारी के अलावा डिप्टी रेंजर के बयान दर्ज किए। बता दें कि पुवायां मार्ग पर पैना बुजुर्ग गांव के समीप सड़क चौड़ीकरण के लिए वन निगम द्वारा सरकारी पेड़ों का कटान कराया जा रहा है। इसकी लकड़ी को एक आरा मशीन पर बेचे जाने की शिकायत डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं चीफ कंजरवेटर बरेली से की गई थी। जांच टीम के अध्यक्ष अमित त्रिवेदी ने बताया कि ठेकेदार द्वारा सागौन एवं शीशम के पेड़ नियम विरुद्ध तरीके से काटे गए हैं तथा कुछ पेड़ लाट से अतिरिक्त भी काट लिए गए हैं। जांच टीम के आने से पहले ठेकेदार द्वारा सागौन एवं शीशम की जड़ों को उखड़बाया गया है, जो मौके पर पड़ी मिली है। जांच रिपोर्ट वन निगम के डीएलएम को सौंप दी जाएगी।

### नीलगाय के शिकार के बाद वनकर्मियों ने की कांबिंग

**खुटार, अमृत विचार :** गांव प्रतापपुर में तेंदुआ ने नीलगाय का शिकार करने और लोगों के लगातार देखे जाने के बाद आखिरकार वन विभाग की नींद टूट गई। मंगलवार को रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने वनकर्मियों को गांव भेजकर लोगों को जागरूक किया। साथ ही खेतों की तरफ कांबिंग की। 28 सितंबर को गांव प्रतापपुर निवासी अधिवक्ता कृष्ण प्रताप सिंह के खेत में तेंदुआ ने नीलगाय का शिकार कर लिया था। उधर, खुटार थाने में तैनात राम सिंह 28 सितंबर को गांव प्रतापपुर में लौटने के दौरान तेंदुआ देखा था, तो गांव के लोगों को सूचना दी थी। वहीं, गांव प्रतापपुर प्रधान नवल किशोर ने तेंदुआ देखा था। तेंदुआ की चहलकदमी देखे जाने के बाद मंगलवार को वनकर्मी संतोष गौड़, संतोष पाठक, अशोक वाजपेयी, जरदार आदि वनकर्मी गांव पहुंचे। जहां लोगों से मिलकर पूछताछ की। इसके बाद गांव के लोगों के साथ वनकर्मियों ने खेत की तरफ कांबिंग की। रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि रात के समय खेत की तरफ न जाए और शाम होने से पहले ही घर लौट आए। समूह बनाकर खेत की ओर जाए और शोर करते है। इससे झाड़ियों में जंगली जानवर होगा तो चला जाएगा।



# किसान कल्याण महासंघ का प्रदर्शन

## विद्युत उपकेंद्र पर जुटे, कर्मचारियों पर लगाया आर्थिक व मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप

संवाददाता, अल्हागंज

**अमृत विचार:** किसान कल्याण महासंघ ने विद्युत उपकेंद्र परिसर में मंगलवार को पंचायत की। इस दौरान विद्युत कर्मचारियों पर उपभोक्ताओं का आर्थिक और मानसिक शोषण का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। किसानों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एसडीओ और जेई द्वारा दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन देने पर किसान शांत हुए।

मंगलवार सुबह से ही किसान का विद्युत केंद्र पर पहुंचना शुरू हो गए थे। सभी के चेहरों पर विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश दिखाई दे रहा था। जब किसानों की भीड़ ज्यादा बढ़ी तो किसान पंचायत कर बैठ गए और आर्थिक एवं मानसिक उत्पीड़न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग शुरू कर दी। किसानों ने आरोप लगाया कि चार बिजली कर्मचारी नए कनेक्शन, पोलों से केबिल बांधने और मीटर बदलवाने, नए मीटर लगवाने और बिल संशोधन के लिए रिश्वत मांगते हैं। यदि उनकी इस मांग को पूरा नहीं किया जाता है तो उपभोक्ताओं को परेशान किया जाता है।किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए एसडीओ भारद्वाज, जेई जगदीश प्रसाद, टीजी टू अखिलेश कुमार मौके पर पहुंचे और किसानों को शांत किया, साथ ही बेहतर सुविधाएं एवं दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन के दौरान जिला महामंत्री सरोज सिंह, रवि सिंह, सत्यप्रकाश, सुमेश कुशवाहा, सपन शर्मा, रामभजन, जगतराम, अनुज सिंह, गोपाल सिंह, संजय कुमार, आदर्श दुबे, पुष्कल त्रिपाठी, दुर्गेश सक्सेना सहित तमाम कार्यकर्ता मैजूद रहे।


विद्युत उपकेंद्र पर पंचायत करते किसान कल्याण महासंघ के कार्यकर्ता।

● **एसडीओ और जेई ने किसानों को किया शांत, दोषी कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई**

### ... दावा 60 शिकायतों के निस्तारण का, ज्यादातर में सुनवाई ही नहीं

किसानों ने बताया कि विभाग से संबंधित 70 शिकायतें दी गईं, दावा 60 शिकायतों के निस्तारण का किया जा रहा है लेकिन ज्यादातर शिकायतों पर सुनवाई नहीं हो रही है। किसानों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि भ्रष्ट कर्मचारियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और वह उपभोक्ताओं के शोषण पर चुप नहीं बैठेंगे और आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

## नेशनल मॉनिटरिंग टीम ने किया गांव का निरीक्षण

**खुदागंज, अमृत विचार:** खुदागंज के गांव जिगनिया में नेशनल लेवल मॉनिटरिंग टीम ने मंगलवार को गांव का निरीक्षण किया। जहां ग्राम पंचायत में कराए गए मनरेगा कार्यों की पत्रावली का अवलोकन करते हुए पीएम आवास योजना के तहत चयनित लाभार्थियों के बारे में जानकारी की। मनरेगा श्रमिकों के जॉब कार्ड व स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित समूह के बारे में उन्होंने बिंदुवार जांच की और समूह की महिलाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर बताया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं किस तरह अपना व्यवसाय स्थापित कर सकती हैं। इस दौरान खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार मिश्रा सहित ब्लॉक के तमाम अधिकारी व प्रधान मौजूद रहे।

# जीएफ कॉलेज में फुटबाल टीम का चयन


अंतरमहाविद्यालय प्रतियोगिता के लिए चयनित जीएफ कॉलेज की फुटबाल टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जीएफ कॉलेज में मंगलवार को महाविद्यालय स्तरीय फुटबॉल ट्रायल का आयोजन किया गया, जिसमें अंतरमहाविद्यालयी प्रतियोगिता के लिए कॉलेज की टीम का चयन हुआ।

ट्रायल के आधार पर फुटबाल क्लब के इंचार्ज डॉ. शहजाद अहमद के नेतृत्व में आशीष मैनाली, मोहम्मद फरदीन, शिवओम, अभिसिंचित शर्मा, हर्ष अवस्थी, आरिश हुसैन, आयुष सिंह चौहान, रजत कुमार सिंह, आवान अब्बासी, अकरम खां, सत्यम सिंह,अब्दुल वहाब, आदर्श शर्मा, अभिषेक कुमार, आर्यन राठी और मृत्युंजय तिवारी का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में डॉ. नसीम अहमद और डॉ. निज़ामुद्दीन खां का योगदान रहा। इससे पहले प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खां ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीवन में खेल का बड़ा महत्व है। क्रीड़ा सचिव प्रो. फैयाज अहमद ने बताया कि इस बार अंतरमहाविद्यालयी फुटबाल पुरुष प्रतियोगिता आयोजित कराने की ज़िम्मेदारी विवि ने जी एफ़ कॉलेज को ही सौंपी है। प्रतियोगिता की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। इस अवसर पर डॉ. मोहम्मद शोएब, डॉ. परवेज़ मोहम्मद, डॉ. जमाल अख्तर सिद्दीकी, डॉ. शाइस्ता खान आदि मौजूद रहे।

● **अंतरमहाविद्यालयी प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जीएफ तैयारियां जोरों पर**

# संगठन को सशक्त बनाने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** पूर्वांचल महासभा सेवा समिति की मंगलवार को श्री बिहारी लाल सरस्वती विद्या मंदिर में बैठक हुई, जिसमें अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्र ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए इसे और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दीपावली एवं छठ पर्व की तैयारी के साथ सभी पदाधिकारी सदस्यता अभियान पर भी ध्यान दें।

अध्यक्ष ने कहा कि समस्त पदाधिकारी प्रतिदिन दो लोगों से संपर्क कर उनका हालचाल लेते रहें। कोषाध्यक्ष त्रिवेणी मिश्र ने कहा कि सभी लोग तन-मन-धन के साथ समयदान भी करें और संगठन को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाएं।

रमन उपाध्याय ने बैठक में पदाधिकारियों की कम उपस्थिति पर चिंता व्यक्त की। एसएन शुक्ल, आरवीएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रत्नेश जायसवाल ने महासभा की ओर से समय-समय पर रक्तदान, चिकित्सा शिविर जैसे सेवा कार्यों के आयोजन की बात रखी। वहीं, गोरखनाथ गुप्त ने मेधावी छात्र सम्मान समारोह एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किए जाने का विचार रखा। अध्यक्ष शम्भू शरण शुक्ल ने आभार व्यक्त करते हुए आगामी बैठक में उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया।

● **पूर्वांचल महासभा सेवा समिति की बैठक में सदस्यता अभियान पर हुई चर्चा**


समिति की बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्र। ● अमृत विचार

## ओसीएफ ने मनाया टीसीएल का तीसरा स्थापना दिवस



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आयुध वस्त्र निर्माणी में मंगलवार को तीसरा टीसीएल स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि तीन वर्ष पूर्व टीसीएल के समक्ष बहुत सारी समस्याएं थीं, जिनका डटकर सामना किया। निर्धारित लक्ष्य हासिल करने में अधिकारियों व कर्मचारियों का बराबर का योगदान रहा है। इस वर्ष निर्माणी के पास पर्याप्त लक्ष्य है, जिस पर सभी तन्मयता के साथ लक्ष्य को पूर्ण करने में लगे हुए हैं। महाप्रबंधक ने बताया कि उप महाप्रबंधक दिव्यानंद पांडेय को टीसीएल मुख्यालय, कानपुर से उत्कृष्ट कार्य के लिए 10 हजार रुपये का पुरस्कार भी प्रदान किया गया है। मुख्यालय से प्राप्त प्रशस्तिपत्र महाप्रबंधक राजेश कुमार वर्मा ने उप महाप्रबंधक दिव्यानंद पांडेय को प्रदान कर बधाई दी। इससे पहले महाप्रबंधक ने ध्वजारोहण कर सभी को बधाई दी। कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक एके वर्मा, उप महाप्रबंधक शेर सिंह मीणा, अनु सक्सेना, प्रकाश प्रभाकर, ऋषि बाबू, कार्यप्रबंधक दीपक, एससी सिंह सहित निर्माणी के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं यूनियन, एसोसिएशन, जेसीएम, कार्यसमिति के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## नवधा फिल्म फेस्टिवल में दिखेंगी जीडीपी व अंतर्द्वंद्व

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मथुरा में विश्व संवाद केंद्र, ब्रज प्रांत द्वारा आयोजित होने जा रहे नवधा फिल्म फेस्टिवल के लिए अमित त्यागी द्वारा लिखित दो शॉर्ट फिल्मों को भेजा गया है। दोनों गाय पर आधारित है। जिनके डायलॉग भी अमित त्यागी ने लिखे हैं। पहली फिल्म अंतर्द्वंद है जिसका निर्देशन संजीव त्रिगुणायत ने किया है। जय श्रीकृष्णा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता देवेश यादव हैं। यह कहानी एक कसाई के इर्द गिर्द है जो जीवित गाय का व्यापारिक पक्ष समझकर गोश्त का कारोबार छोड़कर दूध का कारोबार शुरू कर देता है। दूसरी फिल्म जीडीपी है जो गांव से शहर की तरफ पलायन करने पर केंद्रित है। समीक्षा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्देशक प्रेम कुमार हैं। निर्माता बलराम शर्मा एवं संजीव सोनू हैं। फिल्म में बताया गया है कि अगर गाय को जीडीपी का आधार मानकर गांव में ही रोजगार मॉडल बन पाएगा तो गांव से शहर की ओर पलायन रुक जाएगा। फिल्म के अंत में एक गीत है जिसे सरोज सुमन ने स्वर और संगीतबद्ध किया है। गौरतलब है कि इसके पहले शॉर्ट फिल्म रजाई में अमित त्यागी द्वारा लिखित गीत एवं श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के समय द्वारा रचित रामधुन श्रोता सुन चुके हैं।


अमित त्यागी।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma — M.D., P.D.C.C. Critical Care, Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya — M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta — M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh — M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगो की कम्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशुल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम. (A.N.M.) For Females only — Course Code- 13 — Recognized by Indian Nursing Council — Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow — College Code - 092
बी. फार्मा. — Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. — Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow) — College Code - 969
डी. फार्मा. — Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. — Affiliated to B.T.E. (Lucknow) — College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY — अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रात: 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी — MBBS, DOMS, DNB MNAMS — CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग • मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग • न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

# आपके पास बहुत अनुभव, आने वाली पीढ़ी से साझा करें

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विकास भवन सभागार में वरिष्ठ नागरिक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को वृद्धजन दिवस पर विकास भवन सभागार में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी राजेश एस, सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों को प्रशस्ति पत्र देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। डीएम ने वरिष्ठ नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोई भी समस्या होने पर कार्यालय में आकर मिल सकते हैं।

उन्होंने कहा कि आप सबके पास बहुत बड़ा अनुभव है, आने वाली पीढ़ी से साझा करें। सभी से पीपल, बरगद एवं पकड़ का एक-एक पेड़ लगाने की अपील की।



विकास भवन सभागार में वरिष्ठ नागरिक को सम्मानित करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह।

● **डीएम ने कहा- एक किस्सा कहानी पार्क का होगा निर्माण**

बताया कि हर घर सब्जी अभियान तहत विशेष मोहल्ले का चयन करके गमलों अथवा छतों पर सब्जी उगाने के लिए एक कार्याशाला आयोजित कराई जाएगी। जिससे लोग घरों में सब्जी उगा सकेंगे। वरिष्ठ नागरिक इच्छानुसार स्कूलों में जाकर बच्चों को पढ़ाएं और अपना अनुभव बच्चों के साथ साझा करें। डीएम ने कहा कि जनपद में एक किस्सा कहानी पार्क का भी निर्माण कराया जाएगा। जिसमें कहानी घरेलू उपाय आदि के संबंध में जनपद के वरिष्ठ नागरिकों से जानकारी लेकर पुस्तक का प्रकाशन भी कराया जाएगा। जिसे जनपद की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

### शहीद पार्क में संवाद के लिए बनाया जाएगा विशेष स्थान

सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए शहीद पार्क में विभिन्न गतिविधियां करने के लिए एक विशेष स्थान बनाया जाएगा। इसमें सभी लोग आपस में बैठकर संवाद कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि संवाद करने से बहुत सी समस्याओं का समाधान हो जाता है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले तथा समाज के अन्य लोगों को भी लाभांवित कराएं।

### सावधानी से करें डिजिटल लेनदेन

एसपी राजेश एस ने कहा कि आजकल साइबर अपराध के शिकार बहुत लोग हो रहे हैं, सावधानी से डिजिटल लेनदेन करें। उन्होंने कहा कि कोई भी ओटीपी, आधार नंबर आदि मांगे तो उसे न दें। पुलिस आपकी सेवा में हमेशा तत्पर हैं।

## बच्चों को ऐसी शिक्षा दें कि भविष्य में खत्म हो वृद्धाश्रम


वृद्धजनों के साथ सहयोग संस्था के संरक्षक अनिल गुप्ता, शहनवाज खान व अन्य।


**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सहयोग संस्था के पदाधिकारियों ने बनतारा विनोबा सेवा आश्रम पहुंच कर वृद्धों के साथ केक काट कर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धा दिवस मनाया और एक व्हील चेयर भी आश्रम को भेंट की। केक काट के इन बेसहारा वृद्धजनों को जो खुशी मिली वो देख सभी की आंखें भर आई। सभी बुजुर्गों ने अपनी-अपनी दुख भरी कहानी भी सुनाई। संस्था की अध्यक्ष नेहा यादव सक्सेना, संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान, शहनवाज खां ने कहा कि हमें बच्चों को ऐसी शिक्षा देनी चाहिए कि भविष्य में ऐसे आश्रम ही खत्म हो जाए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष तराना जमाल ने कहा कि हमें अपने-अपने बच्चों को यहां एक बार लाकर दिखाना चाहिए, जिससे कि आगे भविष्य में बच्चे ऐसा अपने मां बाप के साथ ना करें। रमेश भैया ने कहा कि सहयोग संस्था सुंदर तरीके से सभी का सहयोग कर रही है। कार्यक्रम में महासचिव निखिल महेंद्रु, सचिव विकास सक्सेना, उपाध्यक्ष/मिडिया नुजहत अंजुम, उपाध्यक्ष शिवम वर्मा, सहकोषाध्यक्ष शालू यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रजनी गुप्ता, महिला सचिव स्तुति गुप्ता, डॉ. योगेंद्र सक्सेना, अनिरुद्ध गुप्ता, अंचल गुप्ता आदि रहे।

## ई-रिक्शा चालकों ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** रोशनगंज में ई-रिक्शा चालक यूनियन व अखिल भारतीय नौजवान सभा की सोमवार को एक संयुक्त बैठक हुई। जिसमें ई-रिक्शा चालक यूनियन के उपाध्यक्ष नील कमल ने कहा कि प्रशासन ई-रिक्शा चालकों का उत्पीड़न कर रहा है। कागजात में कमी मिलने पर ई-रिक्शा जब्त कर लिया जाता है, जबकि नियम है कि चालान किया जाए। प्रदूषण वाला वाहन है और न ही हाई स्पीड वाला वाहन है फिर भी 2400 रुपये सालाना रोड टैक्स व 6500 रुपये सालाना बीमा, 1800 रुपये सालाना फिटनेस के रूप में एआरटीओ प्रशासन ले रहा है, जो गलत है। बैठक में सुरेश कुमार, अवनीश, मुकेश, रामप्रताप, राजीव, आकाश, दीपक, आशीष, कमलदीप आदि मौजूद रहे।

















मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।

संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# ओसीएफ रामलीला शुरू, गूंजे जय श्री राम के घोष

## टीसीएल महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष और ओसीएफ महाप्रबंधक ने किया शिलापट का अनावरण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


ओसीएफ रामलीला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत करतीं टीसीएल महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष ऋतु वर्मा। ● अमृत विचार


ओसीएफ रामलीला में गणेश पूजन करते टीसीएल महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष ऋतु वर्मा एवं ओसीएफ महाप्रबंधक राजेश कुमार वर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले की प्रख्यात ओसीएफ रामलीला का मंगलवार को भव्य आरंभ हो गया। श्री रामलीला एवं मेला प्रदर्शनी का देर रात मुख्य अतिथि टीसीएल महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष ऋतु वर्मा और विशिष्ट अतिथि मेला संरक्षक ओसीएफ महाप्रबंधक राजेश कुमार वर्मा ने मुख्य द्वार पर शिलापट का अनावरण और फीता काटकर किया। इसके बाद प्रथम पूज्य श्री गणपति भगवान का पूजन कर और रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर रामलीला के शुरुआत की की घोषणा की। इस मौके पर सभी ने आतिशबाजी का भी आनंद लिया।

इसी क्रम में फैक्ट्री इस्टेट रामलीला मंच का भी अतिथि द्वय ने अन्य अधिकारियों और रामलीला एवं मेला प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के साथ पूजन किया। पूजन कार्य आचार्य प्रमोद शुक्ला ने विधि-विधान से कराया। रामलीला उद्घाटन अवसर पर अपर महाप्रबंधक एवं समिति के अध्यक्ष एके वर्मा, उप महाप्रबंधक एसएस मीना, मेला महासचिव ऋषि बाबू, उप महाप्रबंधक दिव्यानंद पांडेय, अनु सक्सेना, प्रकाश प्रभाकर, कार्य प्रबंधक एससी सिंह, दीपक, सहायक कार्य प्रबंधक बी राजा मणि, राजेश कंचन, मीरा वर्मा, महिमा सिंह, वंदना सक्सेना, प्रियंका श्रीवास्तव, अमन कुमार सक्सेना, छावनी परिषद के उपाध्यक्ष अवधेश दीक्षित समेत अन्य विशिष्टजन एवं यूनियन एसोसिएशन, कार्य समिति, जेसीएम के सदस्यगण मौजूद रहे।

- महाप्रबंधक ने गुब्बारे उड़ाकर किया गणेश पूजन आतिशबाजी का किया गया प्रदर्शन

मेला महासचिव ऋषि बाबू ने बताया कि श्री रामलीला मंचन का मंचन प्रतिदिन शाम सात से रात 10 बजे तक किया जाएगा। रामलीला देखने के लिए दर्शकों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। विनीत श्रीवास्तव के संचालन में चली व्यवस्था में सचिव देवेश दीक्षित, संयुक्त सचिव एवं निर्देशक अंकित सक्सेना, सोहेल मोहम्मद, प्रभारी महेंद्र दीक्षित, पर्यवेक्षक सुरक्षा राममोहन अग्निहोत्री, सत्येंद्र अग्निहोत्री, गोविंद, कृष्ण वाजपेयी आदि का योगदान रहा।

## पूर्ण हुआ पार्वती का संकल्प, शिवजी को पहनाई वरमाला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खिरनीबाग स्थित जीआईसी मैदान में मंगलवार से नगर रामलीला का मंचन शुरू हो गया। पहले दिन दर्शकों ने शिव–पार्वती लीला का मनोहारी मंचन देख आनंद प्राप्त किया। शुभारंभ आदिशक्ति मां भगवती की आरती से हुआ। नवचेतना कला परिषद के कलाकारों ने पौराणिक महत्ता को दर्शाते हुए रामलीला का मंचन किया। शुरुआत शिव द्वारा कुंभज ऋषि के आश्रम में श्रीराम कथा सुनने से हुई, जहां श्रीराम के दर्शन कर उन्हें सच्चिदानंद कहकर प्रणाम करना एक विशेष क्षण बना। सती को जब यह जानने की इच्छा हुई कि शिव ने साधारण मनुष्य जैसे दिखने वाले वनवासियों को सच्चिदानंद कह कर प्रणाम क्यों किया, तब उन्होंने श्रीराम की परीक्षा लेने का निश्चय किया। इस घोर परीक्षा के परिणामस्वरूप शिव द्वारा सती का त्याग किया गया और सती ने पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लिया। पार्वती की कठिन तपस्या और उनके शिव से पुन: मिलन का दृश्य अत्यंत हृदयस्पर्शी रहा। इसी कड़ी में तारकासुर के अत्याचारों से त्रस्त देवताओं ने शिव से विवाह का अनुरोध किया, जिसके बाद शिव और पार्वती का शुभ विवाह संपन्न हुआ। मंचन में विनीत सक्सेना, मनोज आर्य, राम सिंह, मनोज, काजल, निकेश, दीपक, सचिन शर्मा, अर्चित, रागिनी, मनोज पटेल आदि शामिल रहे। रामलीला का निर्देशन अनिल शर्मा और राकेश श्रीवास्तव कर रहे हैं।


नगर रामलीला में शिव–पार्वती विवाह का मंचन करते कलाकार।

## डीएम ने जागरुकता रैली को किया रवाना

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद में 01 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान का उद्घाटन किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरुकता वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीएम ने कहा कि जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए लोगों को खुद सजग रहने की आवश्यकता है। घरों के आसपास जलभराव न होने दें। पानी भरे हुए स्थान पर मिट्टी डाल दें, जिससे मच्छरों को पनपने का मौका नहीं मिलेगा और इस रोग को नियंत्रित करने में मदद मिल सकेगी। अपील की कि सभी लोग एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाएं।

# नमी के चलते मंडी में पहले दिन कम रही धान की आवक

संवाददाता, रोजा/ पुवायां

**अमृत विचार:** धान खरीद को लगाए गए क्रय केंद्रों पर पहले दिन दिन मंगलवार को अपेक्षा के अनुरूप खरीद नहीं हो पाई। रोजा मंडी में लगभग 10 हजार कुंटल आवक आढ़तियों के पास हुई, वहीं पुवायां में खरीद शून्य रही। ज्यादातर किसानों को धान में नमी की वजह से मंडी में सही मूल्य नहीं मिल पाया, इसलिए धान की बिक्री नहीं की।

रोजा मंडी में धान 21 धान क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें छह आरपीएफसी के और एक एफसीआई का, सात पीसीएफ के, पीसीयू के छह, एक यूपीएसएस का क्रय केंद्र स्थापित किया गया है। पहले दिन खरीद के लिए क्रय केंद्र प्रभारी अपने क्रय केंद्रों पर बैठे लेकिन पहले दिन अपेक्षा के अनुरूप में कम आवक हो गई। इसके पीछे वजह धान में नमी का होना बताया गया लेकिन इसके बावजूद भी लगभग दस हजार कुन्टल की आवक दर्ज की गई। उधर, पुवायां मंडी में अधिक नमी होने की वजह से क्रय केंद्र पर धान की खरीद नहीं हुई। मानक 17 व 26 प्रतिशत नमी का निकला। पुवायां मंडी में पहले दिन 34 क्रय केन्द्रों में किसी भी क्रय केंद्र पर धान नहीं खरीदा गया। क्योंकि उसमें नमी मानक से ज्यादा थी। मंडी में धान लेकर आये किसान सुनील का नीलामी में 18 सौ रुपये कुंटल का भाव लगाया गया। आरएफसी के क्रय केंद्र पर बैठे केंद्र प्रभारी रविकांत मिश्रा, रामकृष्ण दुबे, आकांक्षा सक्सेना, रंजना सिंह ने बताया कि कुछ किसान धान लेकर आए थे लेकिन नामी 26 प्रतिशत तक निकल रही है, जो कि बहुत ज्यादा है, इसलिए कुछ किसानों का धान सुखाया जा रहा है। सूखने के बाद खरीद की जाएगी।


पुवायां मंडी में धान खरीद के लिए परीक्षण करते केंद्र प्रभारी आरके दुबे

### तीन क्रय केंद्र शुरू ही नहीं हो पाए

**तिलहर,अमृत विचार :** शासन के निर्देश के बाद शुरू हुई धान खरीद में तिलहर नवीन गल्ला मंडी में स्वीकृत 18 सरकारी क्रय केंद्रों में से बुधवार को पहले दिन तीन क्रय केंद्र शुरू नहीं हो सके। नवीन गल्ला मंडी में स्वीकृत केंद्रों में छह आरएफसी, पांच पीसीएफ, दो यूपीएसएस और पांच पीसीयू के क्रय केंद्र संचालित होने हैं। मंगलवार को तीन क्रय केंद्र शुरू नहीं हो सके। जबकि शुरू हुए क्रय केंद्रों पर केवल बैनर ही लटके दिखाई पड़े और केंद्र प्रभारी भी एक ही सेंटर पर बैठे नजर आए।

डायरेक्ट एडमिशन
VARUN ARJUN UNIVERSITY V.A.U The path to education
डायरेक्ट एडमिशन
वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी
वरुण अर्जुन कालेज ऑफ फार्मेसी
बैचलर इन फार्मेसी (B.Pharm)
- कोर्स अवधि : 4 वर्ष
- योग्यता : 10+2 PCB/PCM

सीमित सीटें शेष
सत्र 2024
शीघ्र सम्पर्क करें
24/7 7521001993
website: www.vau.edu.in
कैंपस वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल
एन एच -24, बंथरा, शाहजहांपुर
उ0 प्र0 242307

RMCH BAREILLY Excellence towards profession
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
STAFF REQUIRED
Accountant
Qualification :- M.Com, B.com with good knowledge of MS Excel & Tally, Exp. 1 Year
Sr. Lab Technician (Blood Bank)
Qualification:- BMLT /DML,T Exp. 3 Years
Lab Technician
Qualification:- BMLT /DMLT
Computer Operators
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Hindi & English) (Exp. Min. one year)
Salesman (For Medical Stores)
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)
PRO
Qualification: Graduation
Salary No Bar for Deserving Candidates
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

# 45 फिट अतिक्रमण हटाया, चालीस वर्षों से आबाद कांट नगर का बाजार वीरान


अतिक्रमण हटाने के बाद तोड़ी गई दुकानों का फैला मलबा। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांट

**अमृत विचार:** चार दशकों से डेढ़ सौ गांवों के लोगों की जरूरतों को पूरा कर रही नगर कांट का मुख्य बाजार अब वीरान हो गया है। जहां पहले बड़ी-बड़ी दुकानें हुआ करती थीं, वहां अब मलबा नजर आ रहा है। दो किलोमीटर में फैली क़स्बा कांट की बाजार पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है, जो कुछ दुकानें और आवास बचे हैं उन्हें लोग खुद ही ध्वस्त करने में लगे हैं।

भिंड लिपुलेख नेशनल हाइवे पर बरेली मोड़ शाहजहांपुर से जलालाबाद तक फोरलेन सड़क बनाने की स्वीकृति डेढ़ वर्ष पूर्व ही हो चुकी थी। कांट कस्बे में लगभग दो किलोमीटर के क्षेत्र में मुख्य बाजार हाइवे के किनारे स्थित है। फोरलेन स्वीकृति के दौरान सड़क से दोनों तरफ 60-60 फिट तक अतिक्रमण हटाने के लिए एक वर्ष पूर्व ही लोक निर्माण विभाग ने व्यापारियों को नोटिस दे दिए थे। 60 फीट तक अतिक्रमण हटाने की जानकारी होने पर व्यापारियों में हड़कंप मच गया क्योंकि पूरे नगर की बाजार चालीस से पचास फिट की हद में है। व्यापारियों ने तत्कालीन पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद से वार्ता कर 60 की बजाय चालीस फिट किए जाने की मांग की। जितिन प्रसाद ने 45 फिट तक अतिक्रमण हटाने की स्वीकृति दी थी।

- बरेली मोड़ से जलालाबाद तक होना है फोरलेन का निर्माण
- दर्जनों परिवारों के आवास भी नहीं रहे नजर आ रहा सिर्फ मलबा

व्यापारियों के आपसी टकराव में नुकसान हो रहा है। कुछ दुकानों के पीछे आवासीय मोहल्ले हैं। ऐसे में अगर साठ फिट तक अतिक्रमण हटाया जाता है तो दुकानों के पीछे बने आवास सड़क किनारे आ जाएंगे। ऐसे में महुआ तिराहा पर बड़ी बाजार के आगे रखे अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए साठ फिट अतिक्रमण हटाने के लिए अधिकारियों के ऊपर एक पक्ष दवाव बना रहा है। फोरलेन कार्य कर रही संस्था एसएस इंफ्रास्ट्रक्चर ने कांट से लेकर बरेली मोड़ तक सड़क के दोनों तरफ खोदाई कर मिट्टी निकाल दी है, जिससे सड़क पर हर समय वाहनों को चलने में दिक्कत होती है।

# ब्रह्म के अलावा दूसरी सत्ता नहीं, यही वेदांत का मर्म

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में गांधी जयंती तक आयोजित संगोष्ठियों की श्रंखला में मंगलवार को कला एवं वाणिज्य संकाय के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

विवेकानंद का आध्यात्मिक साम्यवाद और वर्तमान वैश्विक परिवेश एवं भारत का आर्थिक चिंतन और वर्तमान वैश्विक परिवेश विषयक संगोष्ठी में बरेली कॉलेज के दर्शन शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एसी त्रिपाठी ने कहा कि वेदांत का मर्म यह है कि ब्रह्म के अलावा दूसरी सत्ता होती ही नहीं है। जिस दिन आध्यात्मिक साम्यवाद हमारी समझ में आ जाएगा, उस दिन हमारे लिए पलटने की कोई गुंजाइश नहीं बचेगी। कहा कि स्वामी विवेकानंद ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने यूरोप में भारतीय विचारों एवं चिंतन का झंडा गाड़ा। विकास के नाम पर आज हम सब अकर्मण्य एवं असाधक बन चुके हैं। जीवन का सत्य केवल पूंजी, अर्थ एवं विकास ही नहीं है।

- एसएस कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में बरेली कॉलेज के प्रोफेसर एसी पाठक का संबोधन

विशिष्ट अतिथि रुहेलखंड विवि के प्रोफेसर त्रिलोचन शर्मा ने कहा कि आज विकास की संकल्पना उत्पादकता एवं बाजारवाद के आधार पर की जाती है, जबकि भारतीय चिंतन की संकल्पना समावेशी विकास पर आधारित है। प्रकृति का दोहन करके पूंजी का उत्पादन करना हमारा चिंतन कदापि नहीं है। संचालन उपप्राचार्य प्रो. अनुराग अग्रवाल ने किया।

### आध्यात्मिक साम्यवाद का शुरू से ही पोषक रहा है भारत

सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी कृपा शंकर सिंह ने कहा कि भारत शुरू से ही आध्यात्मिक साम्यवाद का पोषक रहा है। कार्यक्रम अध्यक्ष मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के केवल एक वाक्य– भाइयों और बहनों ने पूरे विश्व के लोगों के विचारों की दिशा बदल दी थी। इससे पहले महाविद्यालय सचिव डॉ. ए के मिश्रा ने स्वागत भाषण और समापन पर प्राचार्य प्रो. आर के आजाद ने आभार व्यक्त किया।

## सार संक्षेप

### कैंप में रक्तदान कर महादानी बने रक्तदाता



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वीआईपी ग्रुप विद हैल्पिंग हैंड्स के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर मंगलवार को डॉ. बीएन बहल मेमोरियल अस्पताल ब्लड सेंटर में रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने ब्लड डोनेट कर महादानियों की सूची में नाम दर्ज कराया। रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया। शिविर का आरंभ ग्रुप मुख्य संरक्षक चंद्र शेखर खन्ना धीरू ने रक्तदान कर किया। इसके पश्चात ग्रुप क्रिएटर अभिनय गुप्ता, अध्यक्ष दीपमाला रस्तोगी, सुखप्रीत माटा, उपाध्यक्ष विनायक अग्रवाल, विनीत गुप्ता सर्राफ, अंकित खंडेलवाल, तौसीफ अहमद, संचित सिंह, डॉ. अमित वर्मा, डॉ. वैभव रस्तोगी, सतविंदर सिंह, वंशिका यादव, अनूप गुप्ता, रवि मोहन जौहरी, मुकुल मिश्रा, अर्पित कुमार, अनामिका बंसल, संजीव कुमार वर्मा, मोनू गुप्ता आदि ने रक्तदान किया। इस दौरान संजय अग्रवाल, रिद्धि बहल, हेमा अग्रवाल, डॉ. हेमेंद्र वर्मा, संजय चोपड़ा, अंशिका बाथम, सीमा सिंह आदि सदस्य मौजूद रहे। ग्रुप संरक्षक डॉ. रश्मि बहल ने आभार व्यक्त किया।

### रेल कर्मचारियों ने स्टेशन पर की सफाई



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल के अधिकारियों के निर्देश पर स्टेशन पर स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। मंगलवार को सीएमआई एसके ठाकुर, स्वास्थ्य निरीक्षक त्रिलोक चंद्र, शशांक पांडेय, सीपीएस शिवम सक्सेना, वीएस विष्ट, शिवओम बाबू, अभय सिंह, अभिषेक सिंह, रामवदन, नत्थू सिंह, आनंद कुमार आदि रेल कर्मचारी ने सरकुलेटिंग एरिया में झाड़ू लगाकर सफाई की। रेल अधिकारियों ने सफाई व्यवस्था को लेकर यात्रियों को जागरूक किया। यात्रियों को बताया गया कि कूड़ा डस्टबिन में फेंके, प्लेटफार्म पर कूड़ा न डाले। यात्रियों को शपथ दिलाई गई कि स्टेशन परिसर में गंदगी नहीं करेंगे।

### स्वच्छता को स्वभाव में उतारें लोग



**कलान,अमृत विचार :** जिला गंगा समिति एवं माई भारत नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को कलान के गंगा ग्राम हेतमपुर के आरएस कॉन्वेंट पब्लिक इंटर कॉलेज में चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध में प्रेमश्री ने प्रथम, अनोज कुमार ने द्वितीय, सचिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में लाली ने प्रथम, तनु ने द्वितीय व दीपक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतियोगियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर गंगा ग्राम मोहनपुर कलुआपुर स्थित देवस्थान व तालाब पर आदर्श सरस्वती शिक्षा मंदिर के विद्यार्थी व मोहनपुर कलुआपुर के गंगा सेवकों ने स्वच्छता कर श्रमदान किया। समाजसेवी मुकेश सिंह परिहार ने स्वच्छता को स्वभाव में उतारने की बात कही। जिला परियोजना अधिकारी विनय कुमार सक्सेना ने स्वच्छता का महत्व बताया। प्रधानाचार्य अतुल चतुर्वेदी व गिरीश यादव ने गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई व सभी के शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कराए गए। ब्लॉक इंचार्ज यूपी डीएएसपी आशीष यादव,अवधेश कुशवाह, दिनेश चंद्र,अरविंद कुमार,पंकज कुमार, नीतीश यादव, सोनू, किशन कुमार, रक्षपाल, मोरपाल सिंह, अहिबरन सिंह, शिल्पी कुमारी, ओमेंद्र यादव, ओमेंद्र सिंह, सचिन आदि का रहा। इससे पूर्व कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि हेतमपुर प्रधान आबिद खान, संचालक जिला सहकारी संघ अशोक यादव व पीटीआई रामनारायण सक्सेना ने महात्मा गांधी व मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

### नालंदा के बच्चों ने कैंट में चलाया स्वच्छता अभियान



**शाहजहांपुर,अमृत विचार :** नालंदा स्कूल आफ एक्सीलेंस के छात्र–छात्राओं ने छावनी परिषद में इमली रोड के आसपास स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सफाई कार्य किया। अभियान में शाहजहांपुर साइकिल क्लब, ब्रश बंच क्रिएटिव आर्ट ग्रुप, फुटबॉल एकता क्लब, अपराध उन्मूलन संगठन आदि संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। मंगलवार को चले स्वच्छता अभियान में छावनी परिषद के नामित सदस्य अवधेश दीक्षित, पूर्व उपाध्यक्ष गजेंद्र गंगवार, सिनेटरी इंस्पेक्टर अनमोल अग्निहोत्री, ओएस राजेश कुमार, जेई संजय मिश्रा, मंथन गुप्ता, अब्दुल कवी, मोहम्मद शफी, गोविंद, प्रेम, रतनलाल समेत बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं शामिल रहे। वहीं, ब्रश बंच क्रिएटिव आर्ट ग्रुप से जुड़े कला प्रेमियों ने गांधी जी की जयंती पर उन्हें अलग अंदाज में श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए लगभग एक लाख वर्ग फिट एरिया में आकर्षक रंगोली सजाने का कार्य जारी रखा। रंगोली सजाने में बड़ी संख्या में युवा जुटे हुए हैं।

### भाकिमसंयू ने चलाया सदस्यता अभियान



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन ने मंगलवार को सदस्यता अभियान के तहत ब्लॉक ददरौल के सिमरिया सहसपुर और पिपरौला में पंचायत का आयोजन किया। जिसमें किसानों ने छुट्टा पशु, बिजली आदि की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके समाधान की मांग की। इस दौरान किसानों व मजदूरों ने यूनियन के जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में एजाज मोहम्मद, शराफत, मिथिलेश कुमार, रिजवान अली, सुनील कुमार, जाबिर अली निवासी सिमरिया सहसपुर व रामदीन राठौर, रामनिवास कठेरिया, गुलफान, वेदवती, मनोज कुमार, छोटेलाल, राकेश कुमार कठेरिया गांव पिपरौला शामिल रहे।

## एक नजर

### महिला की मौत, ऑनर किलिंग का शोर

**बदायूं, अमृत विचार** : मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव मनकापुर कौर में मंगलवार रात पुलिस को सूचना मिली कि एक युवती की हत्या कर शव का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। ऑनर किलिंग की आशंका है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि युवती ने आत्महत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि गांव निवासी युवती की मौत हुई थी।

### एसडीएम-सीओ ने चेक किए पटाखा गोदाम

**बिल्सी,अमृत विचार** : मंगलवार को एसडीएम रिपुदमन सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी उमेश चंद्र ने नगर में पटाखा गोदामों का औचक निरीक्षण किया। सिरासौल रोड स्थित दिनेश चंद्र के पटाखा गोदाम का निरीक्षण किया। इसके बाद बदायूं मार्ग स्थित राजीव माहेश्वरी के पटाखा गोदाम का निरीक्षण किया। आबादी क्षेत्र के संबंध में क्षेत्र के लेखपालों से रिपोर्ट मांगी है।

# ऑटो चालकों को शहर में आने से रोका तो किया हंगामा

## ज्यादातर ऑटो चालकों को नंबर की जानकारी नहीं, परमिट और परिधि के अनुसार की जाएगी ऑटो की नंबरिंग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** तहसील व कस्बों से आने वाले ऑटो को शहर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यह प्लान मंगलवार से लागू होना था लेकिन ऑटो चालकों को पूरी जानकारी न होने की वजह से अमल नहीं हो सका। प्राइवेट बस ऑपरेटर्स यूनियन के विरोध और शहर में जाम की समस्या दूर करने के लिए यातायात महकमे ने प्लान तैयार किया है। कुछ ऑटो को शहर में आने देने और कुछ को रोकने पर चालकों ने विरोध किया तो हंगामा शुरू हो गया। सूचना मिलने पर यातायात पुलिस पहुंची। चालकों को समझाया कि परमिट के अनुसार अपने ऑटो पर नंबर डलवाएं। जिसके बाद शहर में प्रवेश मिलेगा।

नया प्लान दातागंज तिराहे से शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत दातागंज, हजरतपुर, मूसाझाग, कुंवरगांव, बिनावर आदि से आने वाले ऑटो दातागंज तिराहे पर रोके जाएंगे। शहर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यह प्लान एक अक्टूबर सुबह से लागू किया जाना था। पहले दिन दातागंज तिराहे पर होमगार्डों ने ऑटो रोके। वहीं कुछ ऑटो को शहर के भीतर जाने दिया। ऑटो चालकों ने होमगार्डों पर तरह-तरह के आरोप लगाने शुरू कर दिए और हंगामा किया। उन्होंने अन्य ऑटो को भी रुकवाकर तिराहे पर खड़ा करा लिया। अधिकारियों को सूचना मिली। यातायात विभाग के उपनिरीक्षक मौके पर पहुंचे। चालकों से बात की। कहा कि ऑटो के परमिट की परिधि के अनुसार ही नंबर आवंटित किए गए हैं। शहर 16 किलोमीटर चलने वाले ऑटो पर एक नंबर लिखा होगा। जिन्हें शहर में प्रवेश दिया जा सकेगा। नंबर न लिखने पर शहर में ऑटो नहीं जाने दिए जाएंगे। शहर में ऑटो ले जाने पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगेगा। जिसके बाद ऑटो चालक मौके से चले गए और एक नंबर लिखवाया।



शहर में आने वाले ऑटो को रोकते अन्य चालक। ● अमृत विचार



ऑटो चालकों को समझाते यातायात उपनिरीक्षक।

### पूर्व में भी की गई थी व्यवस्था, नहीं हुआ पालन

शहर में जाम की समस्या के चलते ऑटो पर नंबरिंग की व्यवस्था पहले भी की गई थी। दातागंज, मूसाझाग, हजरतपुर की ओर से आने वाले ऑटो को दातागंज तिराहा और ककराला, अलापुर, म्याऊं की ओर से आने वाले ऑटो मंडी समिति के अलावा उझानी, बिल्सी की ओर से जाने वाले ऑटो को लालपुर पर रोका जाना था लेकिन इसका पालन नहीं सका था। अब दोबारा से यह व्यवस्था लागू की गई है। दातागंज तिराहे से शुरूआत हुई है। जल्द ही मंडी समिति, लालपुल पर भी अमल कराया जाएगा।

> शहर में जाम की समस्या दूर करने के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है। नियमों के अनुसार ही ऑटो का संचालन होगा। अगर बाहर दौड़ने वाले ऑटो शहर में आएंगे तो चालान की कार्रवाई की जाएगी।
>
> – अंबरीश कुमार, एआरटीओ प्रवर्तन।

## सार संक्षेप

### शहीद की जयंती में खलल डालने वालों पर हो कार्यवाही



**बदायूं,अमृत विचार** : जनहित सत्याग्रह मोर्चा के नेतृत्व में क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन, राष्ट्रीय दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक महासभा, मूल निवासी संघ के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तराखंड सरकार को भेजा। ज्ञापन में कहा गया है कि हल्द्वानी में शहीद भगत सिंह की जयंती नहीं मनाने दी गयी। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रेमपाल सिंह, चरन सिंह यादव, कृष्ण गोपाल सतीश, हर्षवर्धन, सुनील आदि लोग मौजूद रहे।

### जैन कॉलेज में बच्चों को लगाई गई जेई वैक्सीन

**बिल्सी,अमृत विचार** : नगर के नन्नूमल जैन इंटर कॉलेज में जैपनीज इंसेफेलाइटिस वैक्सीनेशन हुआ। जिसमें एक से 15 वर्ष तक के विद्यार्थियों का टीकाकरण पूर्ण कराया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बहुत ही प्रभावी ढंग से टीके लगाए। बच्चों को टीकाकरण के महत्व के बारे में भी समझाया। वायरल बीमारियों से सुरक्षित रखना व मच्छर जनित बीमारियों से सुरक्षित रखना है। प्रधानाचार्य डा.राजकमल गुप्ता ने सभी बच्चों को सुरक्षित टीकाकरण कर इस अभियान की सराहना की। बच्चों को बीमारियों से बचाव के लिए इस टीके के महत्व को समझाया। इस मौके पर एएनएम संगीता शाक्य, अक्षय सक्सेना, सोहिल खां, दीपक वाल्मीकि मौजूद रहे।



### डीएपी को दोगुने दामों में खरीदने को मजबूर हैं किसान

**बिल्सी ,अमृत विचार** : भाकियू चढ़ूनी की मासिक पंचायत तहसील प्रांगण में मंगलवार को आयोजित हुई। पंचायत के बाद संगठन ने उपजिलाधिकारी को सम्बोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष अरशद खां ने कहा क्षेत्र में आलू की बुवाई के लिए किसान डीएपी को लेकर परेशान हैं। सेंटरों पर डीएपी नहीं मिल रही है। किसान बाजार से दोगुने दामों में खरीदने को मजबूर हैं। भाकियू ने अपनी ज्ञापन में मांगों का जिक्र किया है। इस मौके पर ज़िलाध्यक्ष सतीश साहू ने गोशाला के निर्माण के बाद भी पशुओं को उनमें आश्रय नहीं देने की बात कहते हुए मामले की जांच की मांग की। इस मौके पर कोषाध्यक्ष अहमद मलिक, रईस अहमद, नन्नू सैफी, जलालुद्दीन, इसरार खान, कासिम अली, रामेश्वर प्रवेंद्र, जिला सचिव अजब सिंह राजपूत, प्रेमवीर, अमर सिंह, शेर सिंह, सूरजपाल, प्रेम सिंह, सोहवरन सिंह अनमोल, सिद्धार्थ यादव, इरफान अहमद, आदि मौजूद रहे।



### 10 तक करें माटी कला पुरस्कार के लिए आवेदन

**बदायूं, अमृत विचार** : जिला माटी कला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि माटी कला विधा के परम्परागत कारीगरों माटी कला शिल्पियों को पुरस्कृत करने हेतु मंडल स्तरीय माटी कला पुरस्कार योजना में प्रजापति समाज के शिल्पकारों तथा कामगारों के आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। माटी कला पुरस्कार योजना में आवेदन करने हेतु आवेदक अपना ऑनलाइन पंजीकरण उ0प्र0 माटी कला बोर्ड की वेबसाइट पर 10 अक्टूबर तक कर सकते हैं। माटी कला पुरस्कार योजना में मण्डल स्तरीय प्रतिभागियों का चयन चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

### तहसीलदार पर उत्पीड़न का आरोप, लेखपालों ने दिया धरना



**बिल्सी ,अमृत विचार** : तहसीलदार द्वारा उत्पीड़नात्मक कार्यवाही एवं दो माह से का वेतन निर्गत नहीं किए जाने के बाद लेखपालो ने मंगलवार को तहसील परिसर में धरना दिया। इस दौरान लेखपाल सरकारी कार्यों से विरत रहे। संघ के मंत्री विजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि वेतन हर माह की पांच तारीख तक दिलवाने की व्यवस्था को लेकर पूर्व अधिकारियों को एक पत्र सौंपा जा चुका है। तहसीलदार द्वारा लेखपालों की मांग को लगातार दरकिनार किया जा रहा है। तहसील अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने कहा कि जब तक जिला कार्यकारिणी इन समस्याओं को लेकर अपना निर्णय नहीं दे देती है तब तक कोई भी लेखपाल सरकारी कार्य को नहीं करेगा। इस मौके पर विनोद कुमार सिंह, विजेंद्र पाल सिंह, हरिओम सिंह, सूरज कुमार भारती, रंजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, संजय तोमर, उमेश चंद्र, दिव्या भारती, प्रेमपाल सिंह, अनुराग मणि त्रिपाठी, शिव कुमार, मोहमद अरिश, प्रदीप कुमार, कमल सिंह, ममता यादव, नवी हसन, मनोज कुमार आदि लेखपाल मौजूद रहे।

### उझानी सीओ को न्यायालय से कारण बताओ नोटिस

**बदायूं,अमृत विचार** : परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मित्र पाल सिंह ने मंगलवार को सीओ उझानी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 18 नवंबर को स्पष्टीकरण मांगा है। फैमिली कोर्ट में दर्ज एक वाद में जिला कासगंज के मोहल्ला नवाब सोरोंगेट निवासी बौद्ध प्रकाश के पुत्र अमर सिंह के गिरफ्तारी और वसूली वारंट चल रहे थे। एक जुलाई 2024 को उन वारंट को तामील कराने के लिए एसएसपी को भेजे गए। एसएसपी ने 29 जुलाई को थाना प्रभारी उझानी को भेजते हुए आदेश की प्रतिलिपि सीओ उझानी को भी भेजी गई थी लेकिन न्यायालय के दिए आदेश का न अनुपालन कराया और न कोई आख्या न्यायालय में भेजी गई। तब न्यायालय ने सीओ उझानी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए और आदेशित करते हुए लिखा कि वह 18 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्पष्टीकरण दें कि क्यों न इस कृत्य के लिए पुलिस महानिदेशक और मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश को लिखा जाए।

### स्कूल में हुआ भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन



**बदायूं,अमृत विचार** : भारत विकास परिषद की ओर से मदर्स पब्लिक स्कूल सभागार में भारत को जानो प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। भारत को जानो प्रतियोगिता कराने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय मूल्यों, भारतीय संस्कारों, भारतीय आस्थाओं तथा भारत की गौरव गाथा के प्रति गौरवपूर्ण भावना का सृजन हेतु विद्यार्थियों में संस्कारों को बढ़ावा देना है। स्कूल की प्रधानाचार्य शीबा खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता को कराने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपे गुणों को पहचानना, उन्हें निखारना, और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना है। प्रतियोगितायें विद्यार्थियों के ज्ञान और कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करती हैं, इसलिए प्रतियोगिताएं होती रहनी चाहिए।

### वीडियो वायरल होने पर दर्ज की रिपोर्ट

**बदायूं,अमृत विचार :** वजीरगंज थाना क्षेत्र में कुछ लोगों के जुआ खेलने का वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस ने एक जुआरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामला वजीरगंज क्षेत्र में बरेली और रामपुर सीमा का है। जहां कुछ लोगों का जुआं खेलते वीडियो वायरल हुआ। आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत से जुआ के फड़ सजते हैं। यह जुआरी लग्जरी गाड़ियों से जुआ खेलने आते हैं। शिकायत के बाद भी पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करती। किसी ने कुछ लोगों के जुआ खेलने का वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया। वीडियो अधिकारियों तक पहुंचा और एक आरोपी कस्बा वजीरगंज के मोहल्ला इमली निवासी कमल उर्फ कमलऊआ पुत्र इंद्रपाल के खिलाफ जुआ अधिनियम और आइटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की है। अन्य जुआरियों की जानकारी की जा रही है।

# हेपेटाइटिस मरीजों की बढ़ी संख्या

संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बुखार और मलेरिया के मरीजों के साथ ही अब हेपेटाइटिस के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। कई मरीजों के ब्लड सैंपल लिए गए उन्हें जांच के लिए लखनऊ भेजा जाएगा। हेपेटाइटिस के आज 78 नए मरीज देखे गए।

अब तक बुखार और मलेरिया के मरीजों की जिला अस्पताल में लाइन लगती थी। बुखार कई दिनों से परेशान कर रहा है। इनके साथ ही अब हेपेटाइटिस के मरीजों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। मंगलवार को जिला अस्पताल में हेपेटाइटिस के 78 मरीज देखे गए। कई मरीजों का ब्लड सैंपल लिया गया। जो जांच के लिए लखनऊ प्रयोगशाला भेजा जाएगा। फिजीशियन डा. एसएम कमल ने बताया कि इस समय बुखार के मरीज हर दिन बढ़ रहे हैं। मच्छरों के कारण मलेरिया और वायरल फैल रहा है। मच्छर गंदे पानी में पैदा होते हैं। घरों में साफ पानी नहीं मिलने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। हेपेटाइटिस से जूझ रहे लोगों का वीस दिन तक इलाज चलता है। गांव देहात में कुछ लोग देसी इलाज कराते हैं इसलिए बीमारी और बढ़ जाती है। उसी को काली पीलिया कहते हैं जिसे ठीक होने में करीब 35 दिन का समय लगता है। आज कई मरीजों के ब्लड सैंपल लिए गए।



अस्पताल में लगी मरीजों की लाइन। ● अमृत विचार

### नए मरीज आए

जनपद में करीब 4 हजार पीलिया के मरीज हैं, जिनका ब्लड सैंपल आने के बाद उपचार किया जा रहा है। आज कुछ नए मरीज भी आए हैं। मरीजों का ब्लड सैंपल आने के बाद उपचार किया जाएगा। इसमें कौन सी पीलिया है यह देखने के बाद ही सही दवा दी जाएगी।

# बंदर कूदने से गिरी दीवार मलबे में दबकर महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव वमनपुरा नदीबारा में सोमवार शाम बंदरों के कूदने से एक मकान की दीवार अचानक गिर गई। पास में ही खाना बना रही महिला मलबा के नीचे दब गई। परिजन और ग्रामीणों ने मलबा हटाकर महिला को बाहर निकाला। वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। परिजन महिला को अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

● **सोमवार शाम दीवार किनारे बैठकर चूल्हे पर खाना बना रही थी महिला**

गांव निवासी जोगराज की पत्नी धनवती (65) सोमवार शाम घर पर दीवार किनारे बैठकर चूल्हे पर खाना बना रही थी। इसी दौरान कुछ बंदर दीवार पर कूदे। जिससे दीवार धनवती के ऊपर गिर गई। वह मलबे के नीचे दब गईं। तेज आवाज होने पर परिजन और पड़ोसी पहुंचे। मलबा हटाकर महिला को बाहर निकाला और चिकित्सक के पास ले गए। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मच गया। सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम ने मौका मुआयना किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### बंदरों के हमले में युवक घायल, ग्रामीण परेशान



**ओरछी,अमृत विचार** : क्षेत्र में बढ़ती बंदरों की संख्या लोगों को डराने लगी है। घर में घुस कर बंदर बच्चों और बड़ों पर हमला कर रहे हैं। कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक बंदरों का आतंक जारी है। घरों में घुसकर बंदर छोटे बच्चों पर हमले कर रहे हैं। नुकीले दांतों से बच्चों को लहूलुहान कर रहे हैं। खाने पीने का सामान छुपाना पड़ रहा है। हाथों में डंडा लेकर लोग बाहर निकलते हैं। इसके बावजूद झपट्टा मार देते हैं। कुछ दिन पूर्व बंदरों ने कई ग्रामीण जख्मी कर दिए। सोमवार को राजेंद्र ने बताया खेल-खेल में बच्चा नीचे गिर गया उसी को उठाने गए थे तभी पीछे से बंदर ने उस पर हमला कर दिया। उसके हाथ पर काट लिया। बाजार आने जाने वाले लोग बंदरों से बेहद परेशान हैं। स्कूली बच्चों पर बंदर हमले कर रहे हैं।

# एटीएम केबिन से निकला धुंआ, बैंक कर्मचारियों ने बुझाई आग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के गेट पर लगे एटीएम के केबिल से धुंआ निकलने लगा। मौके पर चीख पुकार मच गई। बैंक के कर्मचारी बाहर निकाल आए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड पहुंची लेकिन तब तक बैंक कर्मचारी और राहगीरों ने आग पर काबू पा लिया।

शहर के मोहल्ला लोटनपुरा जाने वाले मार्ग पर भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के गेट पर एटीएम लगा है। मंगलवार सुबह कर्मचारी बैंक में काम करने लगे। गार्ड ने एटीएम केबिल से बाहर निकालकर आया। अचानक एटीएम केबिन से धुंआ निकलने लगा। गार्ड ने बैंक मैनेजर को सूचना दी। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बैंक कर्मचारी केबिन में गए लेकिन आग की वजह से बाहर निकल आए। अग्निशमन विभाग को सूचित किया। एटीएम की बिजली सप्लाई काट दी। कर्मचारी बैंक से बाहर निकल आए। अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पाया। बैंक कर्मचारियों ने बताया कि एटीएम केबिन के स्टेबलाइजर व इंवर्टर में किसी तरह से आग लग गई थी। समय से आग बुझाने की वजह से बड़ा हादसा होने से बच गया। एटीएम में दो लाख रुपये थे जो सुरक्षित हैं। वहीं किसी ने धुंआ निकलने की वीडियो बनाकर वायरल की। जिले भर में एटीएम में आग लगने की चर्चा रही।



आग लगने से एटीएम के इसी केबिन से निकला था धुंआ।

### कार से छुई बाइक तो हेड कांस्टेबिल व उनके बेटे को पीटा

**बदायूं,अमृत विचार :** इंद्राचौक से एसके कॉलेज मार्ग स्थित पंडित जी पेट्रोल पंप के सामने बाइक एक कार से छू जाने को लेकर विवाद हो गया। कार सवार लोगों ने बाइक सवार हेड कांस्टेबिल और उनके बेटे को पीटा। हमलावरों ने भागने की कोशिश की लेकिन भीड़ ने कार घेर ली। सूचना मिलने पर कोतवाली सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों पक्ष को थाने ले गई। हेड कांस्टेबिल ने तहरीर दी। पुलिस ने कार सवार दो युवकों को हिरासत में लिया है।

पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबिल पप्पूराम अपनी पत्नी और बेटे के साथ खरीदारी करने बाजार गए थे। रास्ते में पंप पर पेट्रोल डलवाने जा रहे थे। पेट्रोल पंप के पास से मुड़ते समय कार गुजरी तो उससे सिपाही की बाइक छू गई। बाइक कार और डिवाइडर के बीच फंस गई थी तो पप्पूराम ने कार के शीशे पर हाथ मारकर रोकने को कहा तभी कार सवार उतरे और हेड कांस्टेबिल व उनके बेटे से मारपीट शुरू कर दी। कार सवार युवकों ने अपने अन्य साथियों को भी बुला लिया तो उन्होंने भी दोनों को पीटा सरेराह पिटाई करने के बाद युवक भागने लगे लेकिन लोगों की भीड़ कार के आगे खड़ी हो गई।

# मैस इंचार्ज से रुपये रखा बैग छीना

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज के मैस इंचार्ज ने बाइक सवार बदमाशों द्वारा उनका रुपये रखा बैग छीनने आरोप लगाया है। पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें बदमाशों की बाइक का नंबर भी बताया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



अमरीश कुमार।

कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव बहेड़िया निवासी अमरीश कुमार राजकीय मेडिकल कॉलेज में मैस के इंचार्ज हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि सोमवार रात वह ड्यूटी खत्म करके अपने गांव जा रहे थे। रास्ते में विमल हरी इंटर कॉलेज के पास कुछ बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। 27 हजार रुपये रखा उनका बैग छीन लिया। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की। बदमाश मौके से फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। अमरीश कुमार के अनुसार उन्होंने पुलिस को एक बाइक के बारे में बताया था कि उस बाइक पर बदमाश जा रहे हैं लेकिन पुलिस ने बदमाशों का पीछा नहीं किया। उन्होंने पुलिस को बाइक का नंबर बताया है। उझानी कस्बा चौकी इंचार्ज मनोज कुमार सिंह ने बताया कि किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। लूट का मामला नहीं है।

### बाइक सवार से बदमाशों ने की लूटपाट

**बदायूं,अमृत विचार** : ड्यूटी करने के बाद अपने गांव जा रहे एक बाइक सवार को बदमाशों ने रास्ते में घेर कर मारपीट की और नकदी सहित अन्य सामान लूट लिया। पीड़ित ने पुलिस को फोन पर सूचना दी लेकिन पुलिस मौके पर नही पहुंची। मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव हसूपुर बहेड़िया निवासी अंबरीश कुमार मेडिकल कॉलेज में गर्ल्स मैस के इंचार्ज हैं। सोमवार की रात वह कॉलेज से घर को निकले थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उनकी बाइक को ओवरटेक करके रोक लिया। इसके बाद दोनों युवकों ने अंबरीश के साथ मारपीट शुरू कर दी। अंबरीश के अनुसार, बाइक सवार युवक उनके बैग में रखे 27 हजार रुपये लूटकर भाग गए। अंबरीश ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस के आने से पहले बदमाश भाग गए। पुलिस ने इस तरह की किसी घटना से इनकार किया है।




**दसवां संस्कार/पुष्पांजलि**

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे प्रिय पुत्र नवल कुमार मौर्य जी का स्वर्गवास 29/09/2024 को हो गया है जिनका दसवां संस्कार 02/10/2024 को प्रातः 8 बजे निकट ईदगाह फाटक पी.डब्ल्यू.डी.गेस्ट हाउस के पास नौगवां चौराहा पीलीभीत में एवं पुष्पांजलि 02/10/2024 को दोपहर 12 बजे निज निवास वसुन्धरा कालोनी, शिव मंदिर के सामने पीलीभीत में होगा।

शोकाकुल परिवार

रूपचन्द्र मौर्य (दादा), जगदीश चन्द्र मौर्य (पिता)

दुर्विजय सिंह शाक्य

(क्षेत्रिय अध्यक्ष भाजपा ब्रज क्षेत्र उ.प्र.)(मामा),

ललित कुमार मौर्य (भाई), लड्डू (पुत्र)।

मो. 8869045399

नवल कुमार मौर्य
जन्मतिथि 13/06/1995
निधन 29/09/2024



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

अमृत विचार

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST

साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST

साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

☎ 0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**आवश्यकता है**

हमारे यहां पर कंप्यूटर ऑपरेटर, फीमेल रिसेप्शनिस्ट, लैब सैंपल कलेक्शन टीम की जगह खाली है।

**सैलरी 5000 से 15000 योग्यता अनुसार।**

*आज ही सम्पर्क करें*

**बिस्वास डायग्नोस्टिक सेंटर**
लालफाटक रोड, बुखारा मोड़ (बरेली)
मो. 8445411190, 9695554511

**सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम भूलवश पाल सिंह दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरे आधार कार्ड पर सर्वजीत सिंह पुत्र बखतवार अंकित है जो कि सही है। मेरे पिता का सही नाम बखतवार है। **सर्वजीत सिंह पुत्र बखतवार निवासी ग्राम भसोरी महंगापुर तहसील पलिया जिला लखीपुर खीरी।**

**सूचना**

मैं अपने पुत्र मो0 तस्कीम के गलत आचरण व दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल व सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ, वह अपने कृत्यों लेन-देन आदि का स्वयं जिम्मेदार होगा। **मिन0- रोजअली पुत्र लतीफ नि0मो0 बरबण्डा, कस्बा पलिया, थाना पलिया, जिला खीरी।**

**सूचना**

सर्वविदित हो मेरे पांच पुत्र धर्मेन्द्र कुमार, अरविन्द गुप्ता, गौरव गुप्ता, आकाश गुप्ता, शिवा गुप्ता हैं। जिसमें से मेरा एक पुत्र गौरव गुप्ता को मैं उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **रामबहादुर पुत्र सुन्दर लाल गुप्ता नि. ग्राम भावलखेड़ा थाना रौजा, जिला शाहजहांपुर**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र सचिन को उसके गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है, भविष्य में अपने लेन-देन, अन्य कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व परिवार का वास्ता न होगा। **सोमपाल पुत्र पूरन लाल निवासी : शांति विहार, थाना-मढीनाथ, जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


प्रतियोगिता में खिलाड़ी को उसके पाले में जाने से रोकती टीम। ● अमृत विचार


लंबी कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती खिलाड़ी।


खो-खो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं टीमें। ● अमृत विचार

# जूनियर व सीनियर वर्ग में म्याऊं कस्तूरबा ओवरऑल चैंपियन

## स्टेडियम में चल रही कस्तूरबा विद्यालयों की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्टेडियम में चल रही कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की दो दिवसीय सह वार्षिकोत्सव प्रतियोगिताओं का मंगलवार को समापन हो गया। सीनियर और जूनियर वर्ग की ओवरऑल चैंपियनशिप म्याऊं के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के नाम रही। अंबियापुर की टीम उपविजेता रही। जूनियर वर्ग की व्यक्तिगत चैंपियनशिप म्याऊं की मंजू और सीनियर वर्ग में व्यक्तिगत चैंपियनशिप इसी विद्यालय की स्वाती के नाम रही। मुख्य अतिथि सीडीओ केशव कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करके टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया।


ओवरऑल चैंपियन म्याऊं की छात्राओं को ट्राफी देते मुख्य अतिथि सीडीओ केशव कुमार, साथ में मौजूद बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह व बालिका शिक्षा के जिला समन्वयक प्रशांत कुमार गंगवार। ● अमृत विचार


समापन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। ● अमृत विचार

- **जूनियर वर्ग में म्याऊं की मंजू औ सीनियर वर्ग में स्वाती बनीं व्यक्तिगत चैंपियन**

जूनियर वर्ग की सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अंबियापुर की निर्दोष को पहला, शिवा को दूसरा उझानी ग्रामीण बा विद्यालय की नेहा को तीसरा सीनियर वर्ग में कादरचौक की प्रीति को पहला, जगत की काजल को दूसरा, म्याऊं की मीना को तीसरा स्थान मिला। 200 मीटर दौड़ में अंबियापुर की शिखा को पहला, म्याऊं की मंजू को दूसरा, अंबियापुर की निर्दोष को तीसरा और सीनियर वर्ग में म्याऊं की स्वाति पहले व सरिता दूसरे, सहसवान ग्रामीण की शिवानी तीसरे नंबर पर रहीं। जूनियर वर्ग की 400 मीटर में म्याऊं की मंजू को पहला, म्याऊं की उपासना को दूसरा व बिसौली की शीला तीसरे स्थान पर रहीं। 600 मीटर दौड़ में म्याऊं की मंजू को पहला, म्याऊं की उपासना दूसरे, उझानी ग्रामीण की निशा तीसरे स्थान पर रहीं जबकि सीनियर वर्ग में म्याऊं की स्वाती को पहला, सरिता को दूसरा, कादरचौक की प्रीति को तीसरा स्थान हासिल हुआ।

वहीं लंबी कूद की जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में उझानी ग्रामीण की निशा पहले, सहसवान नगर की शीतल दूसरे, दगवां की गरिमा तीसरे और सीनियर वर्ग में जगत की वर्षा पहले, म्याऊं की मोनी दूसरे व अनु तीसरे नंबर पर रहीं। चक्का फेंक में उझानी ग्रामीण की निशा पहले, दातागंज की शिवानी दूसरे, अंबियापुर की रचना तीसरे स्थान और सीनियर वर्ग में उसावां की हिमांशी पहले, म्याऊं की मोनी दूसरे, म्याऊं की करिश्मा तीसरे स्थान पर रहीं। जूनियर वर्ग की ऊंची कूद प्रतियोगिता में अंबियापुर की हुसनआरा विजेता बनीं। दूसरे नंबर पर उझानी की ज्योति व तीसरे नंबर पर अंबियापुर की प्रियंका व दहगवां की गरिमा रहीं। सीनियर वर्ग की गोला फेंक प्रतियोगिता में म्याऊं की करिश्मा जीतीं। उसावां की अंजलि दूसरे व म्याऊं की संध्या तीसरे स्थान पर रहीं। जूनियर वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में दहगवां की टीम जीती और म्याऊं उपविजेता रही और सीनियर वर्ग में म्याऊं विजेता व सहसवान उपविजेता बना। सीनियर वर्ग की खो-खो प्रतियोगता सहसवान ग्रामीण ने जीती, म्याऊं उपविजेता रहीं। छात्राओं को संबोधित करते हुए सीडीओ ने कहा कि खेलों से बच्चों के मन-मस्तिष्क का विकास होता है। बीएसए वीरेन्द्र कुमार सिंह ने भी बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। इस मौके पर प्रशांत कुमार गंगवार, एएओ मुनीश कुमार श्रीवास्तव, बीईओ ज्योति प्रकाश तिवारी, पीसी श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार, कामेंद्र शर्मा, प्रगति सक्सेना, वैशाली सूर्यवंशी आदि रहे।

## एसडीएम को बंद मिला सोलर प्लांट

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील बिल्सी के एसडीएम रिपुदमन सिंह ने सुबह नगर पालिका परिषद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। नगर की पथ प्रकाश व्यवस्था और पेयजल आपूर्ति के लिए लगाए गए सोलर प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे। जो मौके पर बंद मिला। जिसके कारण नगर में बिजली के अभाव में पथ प्रकाश व्यवस्था चौपट रहती है। बिजली न होने पर पेयजल आपूर्ति भी नहीं मिल पाती है। उन्होंने पुराने सामान का रजिस्टर मांगा। जिसपर कोई भी कर्मचारी इसको उपलब्ध नहीं करा सका। एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है।

## पुलिस ने रुकवाया अवैध निर्माण कार्य

**मुजरिया, अमृत विचार :** थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव कटिया भगवती में अवैध निर्माण करने को लेकर झगड़ा और फिर मारपीट हुई। दोनों पक्ष की ओर से तहरीर दी गई। पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवाया। एक पक्ष के कमल सिंह ने तहरीर देकर बताया कि गांव के ही व्यक्ति के खिलाफ अवैध निर्माण की शिकायत की थी। जानकारी होने पर दूसरे पक्ष ने विवाद किया। अवैध निर्माण रुकवा दिया।

# थैलों का करें प्रयोग, मोबाइल पर बर्बाद न करें समय : डीएम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला प्रशासन की ओर से कछला स्थित भागीरथी घाट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएम ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। स्वच्छता की शपथ दिलाई। कॉटन के थैले, टोपी का वितरण किया। डीएम ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से वैन है। थैलों का प्रयोग करें। इस अभियान में जन सहभागिता महत्वपूर्ण है। छात्र-छात्राओं से कहा कि मोबाइल का प्रयोग अपनी आवश्यकता के अनुसार ज्यादा जरूरत होने पर ही करें। मोबाइल से समय बर्बाद होता है।

डीएम ने कहा कि सभी लोग स्वच्छता की बात करते हैं तो अन्य देशों का उदाहरण देते हैं। हम सबको अपनी सोच बदलने की जरूरत है। आह्वान किया सभी लोग अपने आसपास गंदगी न होने दें। कूड़े को इधर-उधर फेंकने की प्रवृत्ति को बदलें। पखवाड़े का समापन 2 अक्टूबर को होगा लेकिन अभियान लगातार चलता रहेगा। एडीएम प्रशासन अरुण कुमार ने भी आयोजनों में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। नगर पंचायत कछला के अध्यक्ष जगदीश सिंह और समाजसेवी आदि मौजूद रहे। इसके अलावा एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने पुलिस परेड ग्राउंड में स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। बच्चों ने नाट्क का मंचन किया।


कार्यक्रम के दौरान डीएम ने लोगों को वितरित किए थैले। ● अमृत विचार


स्वच्छता के संबंध में पुलिस परेड ग्राउंड में नाट्क का मंचन करते बच्चे।

- **जिला प्रशासन की ओर से कछला गंगा घाट पर हुआ कार्यक्रम, डीएम निधि श्रीवास्तव ने किया जागरूक**
- **स्वच्छता की दिलाई शपथ, कॉटन के थैले, टोपी व बैज का किया वितरण, पखवाड़े का आज होगा समापन**

## नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत कॉलेजों में होंगे कार्यक्रम

**बदायूं, अमृत विचार :** सीडीओ केशव कुमार ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में नशीले पदार्थों व औषधियों की अवैध विक्रय, दुरुपयोग, अवैध तस्करी रोकने के अलावा शिक्षण संस्थानों व कार्यालयों को नशा मुक्त कैंपस घोषित किया जाना है। इसके लिए कार्ययोजना बनाकर अनुपालन करने का निर्देश दिया है। गांधी जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर को सभी इंटर कॉलेज, शिक्षण संस्थान, महाविद्यालयों में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली, भाषण प्रतियोगिता, नाट्क आदि कार्यक्रम होंगे। जिसके फोटोग्राफ और वीडियो जिला समाज कल्याण अधिकारी की ईमेल भेजे जाएंगे।

## महिला की मौत, ससुरालीजनों पर परेशान करने का आरोप

**उझानी, अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र के गावं सरौरा नारायणगंज निवासी मीना (22) पुत्री नेकसू की शादी दो साल पहले उनके गांव निवासी गोविंद के साथ हुई थी। मंगलवार को मीना की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मायका पक्ष मौके पर पहुंचा और ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया। मायका पक्ष ने पुलिस को बताया कि गोविंद उसके साथ अक्सर मारपीट करते थे। जिसकी वजह से वह बहुत परेशान रहती थी। जिसके चलते उसने विषाक्त पदार्थ खाकर जान दी है। वहीं बताया जा रहा है कि मीना की शादी पांच साल पहले थाना उसहैत क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी युवक से हुई थी लेकिन पति की आदत के चलते वह पति को छोड़कर मायके में रहने लगी थी। गोविंद से मंदिर में शादी थी। वह उसके साथ रह रही थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें बीमारी से मौत की पुष्टि हुई है।

# भाजपा सरकार सपाइयों का कर रही उत्पीड़न : धर्मेन्द्र


सांसद धर्मेन्द्र यादव का स्वागत करते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** केंद्र की दस साल व उत्तर प्रदेश की साढ़े सात साल की सरकार को लूट, भ्रष्टाचार, महगाई तथा एनकाउंटर जैसे जघन्य अपराधों के कारण में जाना जाएगा। प्रदेश में भाजपा नेताओं के इशारे पर सपा कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमा लादकर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। मंगलवार को बदायूं पहुंचे आजमगढ़ के सांसद धर्मेन्द्र यादव ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने बदायूं में मेडिकल कॉलेज बनवाया गया था। इससे आसपास की जनता को लाभ होता लेकिन अभी तक मेडिकल कॉलेज का निर्माण पूरा नहीं कराया गया है। बदायूं में निजी व राजनीतिक कार्यक्रमो में शिरकत करते हुए उन्होंने बिसौली विधानसभा में गजराज सिंह यादव के आवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट की। इस दौरान पटेल चौक पर निवर्तमान नगर अध्यक्ष फरहत अली व नवादा चौराहे पर सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव मोतशाम सिद्दीकी व मोहम्मद मियां के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सांसद का स्वागत किया। सांसद ने सपा नेता नत्थूराम कश्यप की पत्नी के निधन पर उनके आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की।

इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह यादव, फहीम खान, सुनील यादव, स्वाले चौधरी, संतोष कश्यप, संसार अली, अली अल्वी, र, विपिन यादव, शशांक यादव, भानु प्रकाश भानु, अवधेश यादव, सर्वेश कुमार, राहुल यादव भीष्म, ठाकुर सोमेश, डॉ. राजवीर सिंह, राहुल कुर्मी, आदि रहे।

**समस्या** अस्पताल में जांच न होने से मरीज और तीमारदार हुए परेशान

# सात घंटे गुल रही बिजली, अस्पताल में नहीं हुई जांचें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मंगलवार को 33 केवी लाइन के नीचे गार्डिंग करने से आधे शहर की बिजली सप्लाई बंद रही। बिजली गुल होने से उपभोक्ता पानी को तरस गए। जिला अस्पताल में कोई काम नहीं हुआ। एक्सरे और अल्ट्रासाउंड मशीनें बंद रहने से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

- **सुबह 10 बजे से बंद चल रही है शहर के कई मोहल्लों में बिजली की सप्लाई**

शहर में पनबड़िया कचहरी को सप्लाई देने वाली विद्युत लाइनों के नीचे गार्डिंग का कार्य आज सुबह दस बजे से शुरू किया गया। जो शाम पांच बजे तक जारी रहा। इसलिए आधे शहर में करीब सात घंटे बिजली ठप र ही। बिजली ठप रहने से मोहल्ला जवाहरपुरी, जोगीपुरा, सिविल लाइन, कटरा ब्राह्मपुर, पटियाली सराय, नई सराय, कचहरी, छह सड़का, मधुवन कालोनी, गोपी चौक, इंदिरा चौक, पुलिस लाइन, रोडवेज रेलवे कॉलोनी सहित आधे शहर की बिजली गुल रही जिससे लोग पेयजल की समस्या से जूझते रहे। लोगों को हैंडपम्प से पानी लाना पड़ा। दिन में गर्मी होने के कारण भी परेशानी हुई।


एक्सरे रूम के बाहर जुटी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

> मंगलवार को लाइनों के नीचे गार्डिंग का कार्य किया गया। इसकी सूचना एक दिन पहले ही दे दी गयी थी। लाइनों को दुरूस्त करने का काम इन दिनों चल रहा है जिससे लाइनों पर फिर से फाल्ट न हो। आज सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक अनुरक्षण कार्य किया गया जिससे उपभोक्ताओं को कुछ परेशानी हुई है हर दिन लाइनों को ठीक किया जाएगा। इसलिए क्षेत्रवार सप्लाई बंद कर कार्य करना पड़ेगा।
>
> **-संजीव कुमार**, अधिशासी अभियंता प्रथम

### नहीं हुए एक्सरे

जिला अस्पताल में सुबह दस बजे से बिजली गुल हो गई जिससे एक्सरे कराने पहुंचे मरीजों की लंबी लाइन लग गयी। मरीजों ने कुछ देर इंतजार करने के बाद हंगामा शुरू कर दिया। तो उन्हे बताया गया कि आज ऊपर से बिजली बंद कर दी गयी है। उधर वार्ड में भर्ती मरीज बिजली न होने से गर्मी में उबलते रहे। पानी के लिए तीमारदारों को इधर उधर भटकना पड़ा। पैथोलॉजी लैब में रिपोर्ट लेने वालों की लाइन लगी रही। समस्याओं से दिन भर मरीज और तीमारदार जूझते रहे। शाम पांच बजे के बाद सप्लाई शुरू हुई तो मरीजों और स्टाफ ने राहत की सांस ली।

## सार-संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविर में बुजुर्गों को बांटी छड़ी



**बदायूं, अमृत विचार :** राष्ट्रीय वृद्वा स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम जिला जज ने फीता काटकर उद्घाटन किया। जिला अस्पताल में मंगलवार को हुए कार्यक्रम में वृद्धों को छड़ी भेंट की गई और स्वास्थ्य का चेकअप कर उन्हें दवा भी दी गई। जिला अस्पताल में जनपद न्यायाधीश शिवकुमारी की अध्यक्षता में आयोजित इंटरनेशनल डे ऑफ ओल्ड पर्सन के अवसर पर चिकित्सा एवं परामर्श शिविर में 195 वृद्धों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिसमें हड्डी रोग, मधुमेह, कान, नाक, गला एवं बीपी आदि बीमारियों से ग्रस्त वृद्धजनों को औषधि का वितरण किया गया, एवं 50 वृद्धजनों को वॉकिंग स्टिक एवं 20 वॉकर वितरित किये गये। मुख्य अतिथि ने वृद्धजनों हेतु सरकार द्वारा चलायी जाने वाली योजनाओं के बारे में बताया। सीएमओ ने कहा कि वृद्धावस्था से सभी को गुजरना है। अत: वृद्धजनों की उचित देखभाल एवं उनको सुनने और समझने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा, सीएमएस डा. कप्तान सिंह, , डा. सनोज मिश्रा, डा वागीश वार्ष्णेय, , डा0 च्रकेष गुप्ता, , डा. स्वतंत्र पाल सिंह,, डा. संदीप सिंघल, सर्वेश कुमारी, मोहम्मद इलयास, प्रेम बाबू, बलवंत, हरेन्द्र बाबू, पवन, अनुज, गजेन्द्र, शशि गंगवार आदि रहे।

### रक्तदान दिवस पर 12 लोग बने महादानी



**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कालेज के रक्त केन्द्र विभाग में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया गया। इस दौरान रक्तदान करने वालों को प्राचार्य ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मंगलवार को शिविर का उद्घाटन प्रधानाचार्य, डा. एनसी प्रजापति द्वारा किया गया। शिविर में 12 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। डा. पूजा नागाइच, डा. वैशाली सिंह द्वारा रक्तदाताओं को सर्टीफिकेट व ब्लड डोनेशन कार्ड उपलब्ध कराये गये। इस आयोजन में रक्त केन्द्र के लैब टेक्नीशियन रजनीश कुमार पटेल, सुनील कुमार, नर्सिंग स्टाफ- चमन सिंह, उमेंद्र बाबू तथा वार्ड बॉय सिराज आदि का विशेष योगदान रहा। मेडिकल कालेज के डा. प्रशांत सिंह, डा. श्रवण कुमार भार्गव, डा. सुचेता यादव, डा. श्वेता कनौजिया, डा. सौम्यता, आदि रहे।

### शिक्षकों ने अभिभावकों से की उपस्थिति को लेकर चर्चा



**बदायूं, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र सालारपुर के संविलियन विद्यालय लाही फरीदपुर में अभिभावक-शिक्षक बैठक हुई। इसमें शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ डीबीटी, नामांकन, बच्चों की उपस्थिति व ठहराव, ऑपरेशन कायाकल्प, आउट आफ स्कूल बच्चे, निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति आदि को लेकर चर्चा की। सबसे ज्यादा उपस्थित रहे छात्र को अटेंडेंस प्राइज दिया गया। प्रधानाध्यापक अय्यूब खां, सैयद तनवीर अली, लाखन सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह, प्रेरणा सिंह, वीना वर्मा, राजकिरन, मुनब्बर अली, चमन कुमारी, शिल्पी मौजूद रहीं। नवाचार से बच्चों को पढ़ाने वाली शिक्षिका आयुषी पाराशरी ने संचालन किया। कादरचौक के उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगपुर पुख्ता में बैठक हुई। अभिभावकों ने विद्यालय के शैक्षिक व भौतिक परिवेश की प्रशंसा की।

### स्कूल में जिला गंगा समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान



**बिल्सी, अमृत विचार :** स्वच्छता ही पखवाड़ा के तहत जिला गंगा समिति के तत्वाधान में एसकेएलएम पब्लिक स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें सभी बच्चों शिक्षकों ने मिलकर सफाई की व शिक्षकों ने सफाई के महत्व को समझाया। डायरेक्टर पीडी सिंह ने बच्चों को स्वच्छता मिशन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही और अपने गांव, मोहल्ले, शहर की सफाई अच्छे ढंग से करें। प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने बताया कि आधे से ज्यादा बीमारियां गंदगी से उत्पन्न होती हैं। हमारे आसपास कोई गंदगी न हो तो हम बीमारियों से मुक्त रहेंगे। इस मौके पर उपदेश कुमार अंजली सिंह, कर्मेंद्र सिंह, कंचन सिंह, रंजीत सिंह, बीना सिंह, कमलेश कुमारी, वीना सिंह, प्रिया सिंह, वीना कुमारी, दीक्षा सिंह, सपना माहौर, अनामिका शर्मा, शशांक यादव, सृष्टि तोमर, पल्लवी कुमारी आदि मौजूद रहे।

### आत्मनिर्भर भारत प्रतियोगिता में रूमान रहे अव्वल



**बदायूं, अमृत विचार :** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रामनाथ राम नारायण मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी संस्थान में आत्मनिर्भर भारत विषय पर संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रूमान खान को पहला, सुंदुस को दूसरा, सम्यक जैन को तीसरा स्थान मिला। विजेताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अंकित मौर्य ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा है कि हमने विश्व को बुद्ध दिए हैं न कि युद्ध। देश आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। संस्थान अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत पूरे उत्तर प्रदेश में सर्वाइल कैंसर रोकथाम टीकाकरण जल्द ही कराया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्या प्रीती पाल, सारिका सिंह, नैना, सुनैना, निशा शर्मा, शिखा वर्मा, निदा परवीन, नवनीत ठक्कर, आकाश चांडक, डॉ. अब्दुल मलिक, राहुल कश्यप, दिनेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### एसडीएम को मिला ईओ का अतिरिक्त पदभार



**दातागंज, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने नगर पालिका परिषद दातागंज में अधिशासी अधिकारी के रिक्त पद पर दातागंज एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह को अतिरिक्त चार्ज दिया है। मंगलवार को एसडीएम ने नगर पालिका पहुंच कर अधिशासी अधिकारी का कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने सफाई कर्मियों की बैठक लेकर नगर की साफ सफाई को लेकर दिशा निर्देश दिये। स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही

## शहर में आज

- भाजपाईयों द्वारा गांधीमूति की प्रतिमा पर माल्यार्पण सुबह 8 बजे से।
- कांग्रेस कार्यालय पर गांधी जयंती पर विचार गोष्ठी सुबह 11 बजे से।
- महात्मा गांधी एवं जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर कांग्रेस की प्रभात फेरी सुबह सात बजे से।
- शहर के सोरों गेट स्थित टीकाराम धर्मशाला भागवत कथा दोपहर दो बजे से।

### रोजगार मेला 03 और 4 अक्टूबर को

**कासगंज।** श्रीमती तारा देवी महाविद्यालय, म्यांसुर में रोजगार मेले का आयोजन 03 अक्टूबर 2024 को प्रात: 10 :00 बजे से किया जायेगा। जिसमें विभिन्न कम्पनियां लगभग 145 रिक्त पदों पर 18 से 30 वर्ष आयु के हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रोजगार हेतु चयनित करेंगी। वहीं, श्री सूरज पाल सिंह प्राईवेट आईटीआई बरकुला में रोजगार मेले का आयोजन 04 अक्टूबर 2024 को प्रात: 10 :00 बजे से किया जायेगा। जिसमें विभिन्न कम्पनियां लगभग 165 रिक्त पदों पर 18 से 24 वर्ष आयु के हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रोजगार हेतु चयनित करेंगी।

# सौतेले बेटे की पेट में चाकू घोंपकर हत्या, आरोपी फरार

## कमरे में सोने को लेकर हुआ था विवाद, मृतक की पत्नी ने दर्ज कराई नामजद रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** कमरे में सोने को लेकर हुए मामूली विवाद में एक ग्रामीण ने अपने सौतेले बेटे की चाकू घोंपकर हत्या कर दी और घर से फरार हो गया। पत्नी ने मृतक के सौतेले पिता और भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कराई है। पुलिस हत्यारोपियों की तलाश में जुटी है।


मृतक अजय।

यह घटना अमांपुर थाना क्षेत्र के नगला भवानी गांव में हुई। सोमवार रात आठ बजे अजय (26) खाना खा रहा था। वह पत्नी और बच्चों समेत नीचे कमरे में सोने को कह रहा था। जबकि उसका सौतेले पिता रामबाबू नीचे कमरे में अजय के छोटे भाई रिंकू व उसकी पत्नी के सोने की बात कह रहा था। इसी को लेकर अजय व रामबाबू के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद अजय को उसकी पत्नी


पोस्टमार्टम हाउस पर विलाप करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

सरिता अपने साथ छत ले गई। मगर उससे पहले रामबाबू आलू काटने वाला चाकू लेकर छत पर जा पहुंच। रामबाबू के हाथ में चाकू देख अजय की मां मुन्नी देवी उसे उतारकर नीचे ले गई।

इसके कुछ देर बाद रामबाबू बकरा काटने वाला चाकू लेकर अजय के छोटे भाई रिंकू के साथ दोबारा छत पर जा धमका। वहां जाकर अजय से बोला आज तुझमें मसाला भर दूं। इतना कहने के साथ उसने बकरा काटने वाला चाकू अजय के पेट में घोंप दिया, जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया। उसकी पत्नी सरिता के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंच गए। घायल अजय को फौरन गंभीर हालत में अमांपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर जा पहुंची। फोरेंसिक टीम को भी बुला लिया गया। छानबीन के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पत्नी सरिता की तहरीर पर पुलिस ने मृतक के सौतेले पिता रामबाबू और सगे छोटे भाई रिंकू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। घटना के बाद से आरोपी फरार हैं। पुलिस हत्यारोपियों की तलाश में जुटी है।

### भांजी को पत्नी बनाकर रख रहा रामबाबू

हत्यारोपी रामबाबू की भांजी मुन्नी देवी की शादी गांव किलोनी रफातपुर निवासी चंद्रपाल के साथ हुई थी। जहां चंद्रपाल से उसके चार बच्चे हुए। अजय भी चंद्रपाल का बेटा था। रामबाबू की शादी नहीं हुई थी। उसने अपनी भांजी मुन्नी देवी से संबंध बना लिए। इसके बाद उसे चारों बच्चों सहित भगाकर अपने साथ ले गया और पत्नी बनाकर रखने लगा। हालांकि बाद में चंद्रपाल की मौत हो गई।

### दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

अजय कुमार के एक बेटा- बेटी हैं। बेटा सात साल और बेटी देवीकरण तीन वर्ष की बेटी है। दोनों बच्चों के सिर से पिता का साया हमेशा हमेशा के लिए उठ गया। पत्नी सरिता का रो रोकर बुरा हाल है।

### घटना से पहले घर में हुई थी मुर्गा-दारू पार्टी

सोमवार शाम रामबाबू अमांपुर से मुर्गा खरीदकर ले गया था। घर में मुर्गा बना और दारू पार्टी हुई। दो दिन पहले अजय का छोटा भाई रिंकू अपनी पत्नी को ससुराल से बुलाकर लाया था। इससे रिंकू व उसकी पत्नी नीचे वाले कमरे में सोना चाहते थे। जबकि अजय अपने परिवार सहित नीचे वाले कमरे में सोने को कह रहा था। इसी को लेकर अजय व उसके सौतेले पिता रामबाबू के बीच विवाद हो गया।

> ग्रामीण ने अपने सौतेले पुत्र की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतक की पत्नी की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से हत्यारोपी फरार हैं। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।
> **- चंचल सिरोही**, अमांपुर थानाध्यक्ष

# प्लास्टिक उपयोग न करने का संदेश


आईटीसी मिशन सुनहरा कल के तहत स्वच्छता के प्रति जागरुक करती शिक्षिकाएं।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज:

**अमृत विचार:** सोमवार को शारदा जौहरी कन्या डिग्री कॉलेज में आईटीसी मिशन सुनहरा कल योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण सुरक्षा के लिए प्रतिबंधित पॉलीथिन, प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश दिया। साथ ही पौधा रोपण कर साफ सुथरा बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज की प्राचार्य डा. रानू शर्मा ने कार्यक्रम में सहभागिता कर रही 200 छात्राओ को संबोधित करते हुए कहाकि प्लास्टिक के इस्तेमाल से धरती पर प्रदूषण बहुत बढ गया है। प्रदूषित वातावरण विभिन्न प्रकार की बीमारियों के साथ साथ कई समस्यों को जन्म देता है। इसलिए प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक जरुरी है। शिक्षिका डा. भावना मित्तल ने इस समस्या का समाधान में आम नागरिक को योगदान देने की जरुरत बताया है। उन्होंने सभी छात्रो को पर्यावरण सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने और प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी सपना, डा. दीपा यादव, ललिता देवी, अनुपमा तिवारी, डा. रेखा रानी, डा. पूजा शुक्ला, रीनू, डा. किरण प्रकाश, सोनिया मिश्रा, नंदिता, लवी बिड़ला, प्रिया गोयल सहित आदि शिक्षिकाए मौजूद रही।

# पूर्णागिरि को 14वीं साइकिल यात्रा रवाना

- 55 भक्तों की टोली पूर्णागिरी मां के दरबार में पहुंच कर करेगी दर्शन
- पटुका पहना कर जलपान करा कर साइकिल यात्रा को किया रवाना

संवाददाता, सिढपुरा:

**अमृत विचार:** सोमवार को सिढपुरा कस्बे से 55 भक्तो की टोली मां पूर्णागिरी दर्शन के लिए साइकिल से रवाना हुई। टोली के सदस्यों को पटुका पहना कर जलपान कराने के बाद रवाना किया गया।

मां पूर्णागिरि धाम के लिए 14वीं साइकिल यात्रा मंगलवार को सिढ़पुरा से अध्यक्ष एवरन सिंह के नेतृत्व में धूमधाम से रवाना हुई। इस धार्मिक यात्रा का शुभारंभ सिढ़पुरा के अन्नू गुप्ता, आर्यन, जोनी, मुनीश राठौर, नंदन वर्मा, समीर और सोनू ने भक्तों का तिलक लगाकर, रवाना किया। कमेटी अध्यक्ष एवरन सिंह ने बताया कि सिढ़पुरा क्षेत्र के ग्राम ढूंढरा एवं मंगथरा से 55 भक्तों की टोली सुबह 10 बजे मां के जयकारों के साथ रवाना हुई। यह धार्मिक यात्रा सिढ़पुरा, कादरगंज, बदायूं, बरेली, पीलीभीत, खटीमा, बनवसा होते हुए मां पूर्णागिरी धाम पहुंचेगी। साइकिल यात्रा में बृजेश शर्मा, कुलदीप शर्मा, शिवम शर्मा, ललित राठौर, राजकुमार राठौर, सोनू, रूपेंद्र, हरिशंकर, अजय, देवेंद्र शाक्य, योगेश शाक्य, उमाशंकर, विशाल शाक्य, रोहिताश शाक्य, अजय शर्मा, अर्जुन, शानू, आकाश राजपूत आदि भक्त शामिल थे।


मंगलवार को मां पूर्णागिरी दर्शन करने जाती भक्तों की टोली।

### विस्फोट संग पकड़ा

**कासगंज।** सहावर थाना पुलिस ने अवैध पटाखा बनाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर विस्फोटक सामग्री बरामद की है। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया कि आरोपी महावीर निवासी बधारी कला के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया।

### सर्प दंश से युवती गंभीर

**कासगंज।** थाना ढोलना के गांव नगला भूड में खेत पर धान कटाने गई नीतू (21) पुत्री स्वर्गीय कुंवरपाल को सर्प ने डस लिया। जिससे वह बेहोश हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए जिलाअस्पताल ले गए। जहां चिकित्सको ने नीतू का उपचार किया है। उपचार के बाद नीतू की हालत में सुधार है।

### वांछित गिरफ्तार, भेजा जेल

**कासगंज।** किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित चले आ रहे आरोपी को सिढपुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि आरोपी रुपेंद्र निवासी गांव अशोकपुर थाना अमांपुर को सिढपुरा तिराहे से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

# स्वास्थ्य विभाग ने लगाया वृद्धाश्रम में शिविर


वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण करती टीम। ● अमृत विचार


वृद्धजनों को सम्मानित करते सीडीओ सचिन कुमार। ● अमृत विचार

**विश्व वृद्धजन दिवस**

कार्यालय संवाददाता, कासगंज:

**अमृत विचार:** विश्व वृद्धजन दिवस के अवसर पर सहावर गेट नई हवेली में स्थित वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क चिकित्सीय परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर लगाकर वृद्धो को पुष्पहार पहना कर उन्हें फल और वस्त्र वितरित किये।

एनपीएसनसीडी कार्यक्रम के तहत मंगलवार को वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर के मुख्य अतिथि सीडीओ सचिन कुमार रहे। उन्होंने वृद्धाश्रम में रह रहे अनाथ महिला पुरुषो को सम्मानित किया। शिविर में टीम द्वारा 80 वृद्धजनों को बीपी, शुगर, नेत्र, दांत एवं अन्य सामान्य जांचे की गई। साथ स्वास्थ्य संबंधी सलाह देकर उन्हें निशुल्क दवाएं दी। सीडीओ ने कहाकि वृद्धो की सेवा करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। यहां उन लोगों की सेवा करने का मौका मिलता है। जिन्हें अपनो ने घर से निकाल कर अनाथ कर दिया है। शिविर में डा. एस के सिंह एसीएमओ, समाज कल्याण अधिकारी, एनसीडी टीम, स्वास्थ्य केंद्र पवसरा की टीम, स्वास्थ्य केन्द्र अशोक नगर की टीम, मिशन अस्पताल के नेत्र विभाग की टीम एवं वृद्धाश्रम का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# जगदीश स्वरूप में एबीवीपी इकाई का गठन


अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकारिणी के गठन के बाद एकजुटता का संदेश देते हुए।

संवाददाता, पटियाली:

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई पटियाली के द्वारा कॉलेज इकाई ने कस्बे के श्री जगदीश स्वरूप सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कॉलेज की कॉलेज इकाई का गठन किया।साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए पदाधिकारियों द्वारा जोर दिया गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग प्रमुख सौरभ दीक्षित, नगर सोशल मीडिया प्रमुख अंबुज द्विवेदी की मौजूदगी में कॉलेज इकाई का गठन किया गया ।विभाग प्रमुख सौरभ दीक्षित ने सदन में इकाई की घोषणा की। जिसमें कॉलेज अध्यक्ष यशवर्धन मिश्रा, कॉलेज मंत्री प्रतुन्य सिन्हा, सह कॉलेज मंत्री लव द्विवेदी, कॉलेज उपाध्यक्ष तनवी तोमर, कॉलेज सोशल मीडिया प्रमुख आयुष राठौर, सह सोशल मीडिया कृष्णा, कॉलेज राष्ट्रीय कला मंच संयोजक मेघा, सह कला मंच संयोजक इच्छा, कॉलेज एसएफडी संयोजक साक्षी को बनाया गया। वहीं, कॉलेज सह एसएफडी संयोजक भक्ति मिश्रा, कॉलेज एसएफएस संयोजक प्रिंस, सह एसएफएस संयोजक लक्ष्य, कॉलेज खेलो भारत संयोजक नमन, शहर खेलो भारत संयोजक विश्रम, कॉलेज आंदोलन प्रमुख अभय द्विवेदी, सह आंदोलन प्रमुख राजन, को बनाया गया।

# रामलीला में नारद मोह व रावण जन्म का मंचन

- रामलीला मंचन देख भाव भिवोर हुए दर्शक
- रामलीला के विश्राम पर उतारी गई आरती

संवाददाता, गंजडुंडवारा:

**अमृत विचार:** कस्बा में 76 वें रामलीला महोत्सव का सोमवार रात मंचन शुरू हो गया ।रामलीला में नारद मोह और रावण जन्म का कलाकारों द्वारा मंचन किया गया। रामलीला मंचन देख दर्शक भाव भिवोर हुए। रामलीला के विश्राम पर आरती उतारी गई।

रामलीला मंचन के शुभारंभ से पूर्व रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्जवलन किया। पूर्व पालिका अध्यक्ष संजीव महाजन ने फीता काटा। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम के आदर्शों से जीवन जीने की सीख मिलती है ।इसके बाद कलाकारों द्वारा नारद मोह, कामदेव विजय व रावण जन्म आदि लीला का मंचन किया गया। जिसमें पात्रों ने मंचन करते हुए दर्शाया कि नारदजी ने एक आश्रम में जन्म लिया। उनकी मां उस आश्रम की सेविका थी। ऋषि-महर्षियों के संग ने उनके मन में छुपी हुई आध्यात्मिक जिज्ञासा को जगा दिया और वह भी योग के रास्ते पर चल पड़े। एक दिन नारदजी और भगवान विष्णु साथ-साथ वन में जा रहे थे कि अचानक विष्णुजी एक वृक्ष के नीचे थककर बैठ गए।


रामलीला का फीता काट उद्घाटन करते पूर्व पालिकाध्यक्ष संजीव महाजन।

**नारायण से नारद ने मांगा हरि रूप:** कामदेव को परास्त करने के अभिमान में नारद मुनि भगवान विष्णु के सामने अभिमानी बातें करते हैं। उनके अभिमान को नष्ट करने के लिए भगवान एक काल्पनिक लोक का निर्माण करते हैं, जिसकी राजकुमारी का स्वयंवर होना होता है। लेकिन राजकुमारी विश्वमोहिनी की शर्त होती है कि वह सिर्फ श्रीहरि से ही विवाह करेगी। नारद मुनि विश्व मोहिनी पर मोहित हो जाते हैं और उनसे विवाह करने के लिए नारायण से उनका हरि रूप मांगते हैं। देवर्षि नारद के कथन अनुसार भगवान उन्हें हरि रूप यानी वानर का रूप प्रदान कर देते हैं। जिसके कारण स्वयंवर में उनका मजाक बनता है। जिसके बाद विश्व मोहिनी भगवान श्रीहरि से विवाह करती है। इस बात से नाराज होकर नारद अपने ईष्ट भगवान नारायण को श्राप देते हैं कि उन्हें धरती पर मानव रूप में आना पड़ेगा और वानर ही उनकी सहायता करेंगे। जिसके बाद भगवान उन्हें बताते हैं कि उन्होंने उनसे हरि रूप मांगा था, न कि श्रीहरि का रूप। हरि का अर्थ वानर होता है। जिसके बाद नारद मुनि को अपनी भूल का अहसास होता है ।इस दौरान अध्यक्ष विकास गुप्ता, मंत्री अंकित चौहान, अंकित भूषण अमित चन्द्रा, रामकुमार गुप्ता, स्कंद महाजन, अर्चित चौहान, मंजू शाक्य आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं ने महात्मा गांधी को भेंट कर दिए थे जेवरात

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** महात्मा गांधी की यादें कासगंज से जुड़ी हैं। आजादी की जंग में महात्मा गांधी के आह्वान पर यहां के क्रांतिकारियों ने भी सक्रिय भागेदारी निभाई थी।

जब असहयोग आंदोलन के दौरान वर्ष 1929 में महात्मा गांधी कासगंज आए थे तो लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। महिलाओं ने आजादी की लड़ाई के लिए उन्हें अपने पहने हुए जेवर भी भेंट कर दिए थे। असहयोग आंदोलन में महात्मा गांधी गोपनीय तरीके से कासगंज आए थे। उनके आगमन की जानकारी सिर्फ गिने चुने कांग्रेस नेताओं के अलावा किसी को भी नहीं थी। लेकिन किसी तरह महात्मा गांधी के आने की भनक लोगों को हो गई तो उनकी झलक पाने के लिए बड़े, बूढ़े, बच्चे और महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। उन्हें प्रभु पार्क जो उस समय अचलताल कहलाता था, वहां सभा करनी थी। शिक्षाविद डॉ. राधाकृष्ण दीक्षित बताते हैं कि जब अचलताल पर भीड़ लग गई तो उन्हें रेलवे रोड स्थित गंगा चुंगी धर्मशाला ले जाया गया। जिसका अस्तित्व आज भी है। यहां महात्मा गांधी ने सभा की। लोगों से आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया तो सभा में मौजूद महिलाओं ने अपने पहने हुए गहने उतारकर महात्मा गांधी को भेंट कर दिए थे।

### पिवारी में हुआ अभिनंदन

महात्मा गांधी का गांव पिवारी में ठाकुर माधौ सिंह के घर पर अभिनंदन भी किया गया। यहां भी बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई थी।

# भाजपा सरकार ने व्यापारियों के लिए बेहतर निर्णय : राजेश अग्रवाल

- कुमारी ऐश्वर्या लोक नृत्य देखकर दर्शक हुए मंत्र मुग्ध
- अधिवेशन में कासगंज और एटा से पहुंचे व्यापारी नेता

कार्यालय संवाददाता, कासगंज:

**अमृत विचार:** जिला सर्राफा एसोसिएशन का महाअधिवेशन शहर के नदरई गेट स्थित मैरिज होम में सोमवार रात हुआ। दिल्ली के समर्पित ग्रुप द्वारा आकर्षित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कुमारी ऐश्वर्या का लोक नृत्य देख दर्शक मंत्र मुग्ध हुए। एसोसिएशन द्वारा सर्राफा व्यवसाइयों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अथिति भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल, एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, एससीएसटी आयोग के सदस्य राजेश कठेरिया सहित अन्य अथितियों ने दीप प्रज्जवलित कर की। मंचासीन अथितियों का अशोक अग्रवाल, राजबीर सिंह सोलंकी, सत्यप्रकाश गहलौत, मनोज अग्रवाल, संजय अग्रवाल ने माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने एटा और कासगंज जनपद के सर्राफा व्यापारियों को फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया।


दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल।

दिल्ली के समर्पित ग्रुप के कलाकारों द्वारा आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कुमारी ऐश्वर्या का लोक नृत्य कार्यक्रम का आकर्षक रहा। मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल ने कहाकि भाजपा सरकार के लिए व्यापारियों की सुरक्षा प्राथमिकता है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने व्यापारियों के हित में तमाम योजनाए लागू की है। कार्यक्रम को वनवारी लाल कंछल, एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, एसपी अर्पणा रजत कौशिक पूर्व विधायक ममतेश शाक्य, अनिल पूंढीर, कैलाश नाथ अग्रवाल, ललित बौहरा, सतीश गुप्ता ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश अग्रवाल द्वारा किया गया। युवा सर्राफा कारोबारी अक्षत अग्रवाल युवा व्यवसाइयों का उत्साह वर्धन किया।


सर्राफा एसोसिएशन के महाअधिवेशन में युवा सर्राफा व्यवसाइयों को सम्मानित करते अतिथि।

### यह रहे मौजूद

पदम महेश्वरी अनिल अग्रवाल अक्षत अगरवाल पूरन सिंह राणा संदीप महेश्वरी सुशील अग्रवाल मधुकर अग्रवाल शिवकुमार शर्मा दीपक चेयरमैन, सोनू गुप्ता, राहुल भारद्वाज, मनोज अग्रवाल, संजीत गुप्ता, सुरेश वर्मा, रामासरे वर्मा, देवांश गहलोत, नीलांशू अग्रवाल, मिकी अग्रवाल, संतोष प्रधान, रजत अग्रवाल, संदीप माहेश्वरी, अंकुश कुमार सत्यवान, अरुण वार्ष्णेय, शिवकुमार शर्मा, यतेंद्र गुप्ता, संतोष गुप्ता की अतिरिक्त सैकड़ो सर्राफा कारोबारी एवं आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे।

# दावों को हकीकत में बदलने लगा गंजडुंडवारा नगर पालिका प्रशासन

संवाददाता, गंजडुंडवारा:

**अमृत विचार:** कस्बे में रामलीला महोत्सव व नवरात्र पर्व से पहले नगर पालिका प्रशासन आवागमन की अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में लगा है। मुख्य मार्गों के गड्डों को भरा जा रहा है। प्रकाश व्यवस्था को जनरेटर से स्ट्रीट लाइटों के संचालन के लिए उचित व्यवस्था की जा रही है, ताकि कस्बा रोशन हो सके।

कस्बे मे सोमवार से रामलीला का आरंभ हो चुकी है ।इस संबध में शनिवार को हुई पीस कमेटी को बैठक मे संभ्रांत लोगों द्वारा प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त एवं सड़को को गड्डा मुक्त कराने का मुद्दा उठाया गया था ।जिस पर पालिका प्रशासन एवं पालिकाध्यक्ष द्वारा समय रहते व्यवस्था को दुरुस्त कराए जाने का दावा किया था ।अब ।पालिका के कर्मचारियो दिन रात पसीना बहा रहे है। लाइट जाने पर नगर को जगमग करने के लिए स्ट्रीट लाइटो को जरनरेटर से जोडने के लिए नई केबिल डाली जा रही है ।जिससे अब बिजली नहीं रहने पर भी शहर की सड़कों पर प्रकाश की व्यवस्था रहेगी ।जिससे रात में नागरिकों को कोई असुविधा नही होगी ।वही कस्बे के गड्डा युक्त मार्गों पर पेचिंग वर्क का कार्य भी युद्ध स्तर पर जारी है ।जिससे राहगीरो को अनचाही ठोकरो से मुक्ति के साथ 4 अक्टूबर को होने वाली भव्य श्री रामबारात में भी असुविधा का समाना नही करना पडेगा।


सड़को पर काली गिटटी बिछाते नगर पालिका कर्मी। ● अमृत विचार

> प्रकाश व्यवस्था हेतु स्ट्रीट लाइटो को जनरेटर से जोड़ा जा रहा है ।वही आवागमन मे सुविधा हेतु मार्गों का गड्डा मुक्त किया जा रहा है। **-सुनील कुमार**, ईओ


कस्बे में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करते पालिका कर्मी।

प्राप्नोति वै वित्तमसद्बलेन नित्योत्थानात् प्रज्ञया पौरुषेण।
न त्वेव सम्यग् लभते प्रशंसां न वृत्तमाप्नोति महाकुलानाम्॥

बेईमानी से, बराबर कोशिश से, चतुराई से कोई व्यक्ति धन तो प्राप्त कर सकता है, लेकिन सदाचार और उत्तम पुरुष को प्राप्त होने वाले आदर-सम्मान को प्राप्त नहीं कर सकता।

## संपादकीय

# सावधान रहने की जरूरत

चीन बार-बार भारत की ओर अतिक्रमण करके क्षेत्र में यथास्थिति को बदलने का प्रयास करता रहा है। दोनों देश सीमा पर बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहे हैं और सैन्यीकरण कर रहे हैं। चीन के पास आर्थिक, सैन्य और तकनीकी ताकत है। भारत अपनी कूटनीति से इसका मुकाबला करने की कोशिश कर रहा है। मंगलवार को थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वी लद्दाख में चीन और भारत के बीच जारी सैन्य गतिरोध पर चाणक्य रक्षा संवाद में कहा कि इस क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति संवेदनशील है और सामान्य नहीं है। भारत किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत चीन के साथ 3,488 किलोमीटर की सीमा साझा करता है, जिसमें एक सीमा शामिल है जो लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के साथ चलती है। सीमा का पूरी तरह से सीमांकन नहीं किया गया है और वास्तविक नियंत्रण रेखा की पुष्टि और स्पष्ट करने की प्रक्रिया अभी भी जारी है। इसने दोनों पक्षों के बीच कई झड़पों को जन्म दिया है। मई 2020 में भारत चीन सीमा पर सैन्य गतिरोध शुरू हुआ था। भारत का लक्ष्य मई 2020 में शुरू हुए सैन्य गतिरोध से पहले की स्थिति को बहाल करना है। हालांकि पिछले कुछ माह के दौरान भारत और चीन के बीच अनेक राजनयिक वार्ताएं हुई हैं, जिनसे संभावना बढ़ी है कि पूर्वी लद्दाख में जो सैन्य टकराव की स्थिति बनी हुई है, उसे कम करने का कोई रास्ता निकल सकता है।

गौरतलब है कि चीन इस क्षेत्र में किसी भी भारतीय निर्माण का विरोध करता है जबकि वह खुद रणनीतिक निर्माण जारी रखता है। 15 जून, 2020 को गलवान में मुख्य संघर्ष से पहले दोनों पक्ष पैंगोंग त्सो, डेमचोक और दौलत बेग ओल्डी क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में झड़पों में लगे हुए थे। भारत लगातार कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। गतिरोध का समाधान निकालने के लिए दोनों पक्षों के बीच अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की वार्ता हो चुकी है। इसके बावजूद जिस तरह से चीन अपनी अग्रिम सैन्य पोजीशन को मजबूत करता जा रहा है और एलएसी पर स्थायी रक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर बनाता जा रहा है, उससे स्पष्ट है कि पीएलए शांति के समय की स्थिति पर नहीं लौटेगी। चीन की गतिविधियां किसी से छिपी नहीं है। इसलिए भारत को चीन से सावधान रहने की जरूरत है।

# वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024 का मकसद



नुसरत जहां
एडवोकेट हाईकोर्ट, लखनऊ

देश में सबसे पहले 1954 में वक्फ एक्ट बना। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का भी जन्म हुआ। इस कानून का मकसद वक्फ से जुड़े कामकाज के सरल बनाना था। एक्ट में वक्फ की संपत्ति के दावे और रखरखाव का प्रावधान है। इस एक्ट में 1955 में पहला संशोधन किया गया।

वक्फ संशोधन अधिनियम, 2024 लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। संयुक्त संसदीय समिति ने 19, 20 सितंबर 2024 को मुस्लिम समुदाय से जुड़े संगठनों एवं बुद्धिजीवियों के सुझाव लिए हैं। अब तक जेपीसी को 84 लाख से अधिक सुझाव मिल चुके हैं। कई मुस्लिम संगठनों ने वक्फ बिल पर आपत्तियां भी जताई हैं। भारत में वक्फ की अवधारणा दिल्ली सल्तनत के समय से चली आ रही है, जिसके उदाहरण में मोहम्मद गौरी की ओर से मुल्तान की जामा मस्जिद को एक गांव समर्पित कर दिया गया था। साल 1923 में अंग्रेजों के शासनकाल के दौरान मुसलमान वक्फ अधिनियम इसे विनियोजित करने का पहला प्रयास था।

देश में सबसे पहले 1954 में वक्फ एक्ट बना। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का भी जन्म हुआ। इस कानून का मकसद वक्फ से जुड़े कामकाज को सरल बनाना था। एक्ट में वक्फ की संपत्ति के दावे और रखरखाव का प्रावधान है। इस एक्ट में 1955 में पहला संशोधन किया गया। 1955 में एक नया वक्फ बोर्ड अधिनियम बना। इसके तहत हर राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश में वक्फ बोर्ड बनाने की अनुमति दी गई थी। 2013 में वक्फ की संपत्ति की बिक्री, उपहार, विनिमय, बंधक या हस्तांतरण को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया था। वक्फ कानून एक सर्वेक्षण आयुक्त की नियुक्ति का प्रावधान करता है, जो स्थानीय जांच करके, गवाहों को बुलाकर सार्वजनिक दस्तावेजों की मांग करके सभी वक्फ संपत्तियों की सूची तैयार करता है। इस संशोधन ने वक्फ संपत्तियों की बिक्री को असंभव बना दिया।

वक्फ बोर्ड वक्फ संपत्ति के प्रबंधन का कार्य करता है। यह एक कानूनी निकाय है। वक्फ बोर्ड में संपत्तियों का पंजीयन अनिवार्य है। बोर्ड संपत्तियों का पंजीकरण, प्रबंधन और संरक्षण करता है। राज्यों में वक्फ बोर्ड का नेतृत्व अध्यक्ष करता है। देश में शिया-सुन्नी दो तरह के वक्फ बोर्ड हैं। वक्फ बोर्ड के सदस्य में अध्यक्ष के अलावा बोर्ड में राज्य सरकार के सदस्य, मुस्लिम विधायक, सांसद, राज्य बार काउंसिल के सदस्य, इस्लामी विद्वान और वक्फ के मुतवल्ली को शामिल किया जाता है। वक्फ बोर्ड का कार्य वक्फ की संपत्तियों का प्रबंधन, संरक्षण वक्फ में मिले दान से शिक्षण संस्थान, मस्जिद, कब्रिस्तान बनाना रैन बसेरों का निर्माण एवं रखरखाव करना, गरीब बेटियों की शादी करवाना।

न्याय को सुलभ एवं निश्चित बनाना- वक्फ से संबंधित विवादित मामलों की सुनवाई के लिए अभी वक्फ अधिकरण का फैसला अंतिम होता है, लेकिन वक्फ बिल में अधिकरण के फैसले को न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी।

वक्फ बोर्ड की संपत्ति-रेलवे और रक्षा विभाग के बाद वक्फ बोर्ड कथित तौर पर भारत में तीसरा सबसे बड़ा भूमि धारक है। वक्फ बोर्ड भारत भर में 9.4 लाख एकड़ में फैली 8.7 लाख संपत्तियों को नियंत्रित करता है, जिनकी अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ रुपये है। उत्तर प्रदेश एवं बिहार में दो शिया वक्फ बोर्ड सहित 32 वक्फ बोर्ड हैं। नए बिल के द्वारा इन बदलावों पर विचार हो रहा है- सर्वप्रथम वक्फ अधिनियम 1955 का नाम बदलकर 'संयुक्त वक्फ प्रबंधन सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम 1995 कर दिया गया है। यह बिल मौजूदा वक्फ कानून में लगभग 40 बदलावों का प्रस्ताव रखता है। इसके तहत वक्फ बोर्ड की सभी संपत्तियों के दावों के लिए अनिवार्य सत्यापन से गुजरना होगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। मुस्लिम महिलाओं का अनिवार्य प्रतिनिधित्व/लैंगिक समानता- इस बिल का उद्देश्य वक्फ बोर्ड की संरचना एवं कामकाज को बदलना है। इसके लिए धारा 9 एवं 14 में संशोधन करना है, जिसमें मुस्लिम महिलाओं के लिए अनिवार्य प्रतिनिधित्व किया जा सके। अनिवार्य वक्फनामा- अभी तक संपत्ति का दान मौखिक किया जा सकता था, लेकिन नए वक्फ बिल में लिखित वक्फनामा के द्वारा ही संपत्ति का अंतरण किया जा सकेगा, जिससे अंतरण के साक्ष्य मिल सकेंगे।सामाजित न्याय/निचले मुस्लिम तबकों की भागीदारी- वक्फ बिल में शिया-सुन्नी के अलावा बोहरा, अहमदिया समुदायों के अलग वक्फ बोर्ड बनाने का भी प्रावधान है, जिससे मुस्लिम तबकों को विभिन्न वर्गों को मदद मिलेगी, जो हाशिये पर हैं। वक्फ बिल में बोर्ड की पूरी संपत्तियों का डिजिटलीकरण किया जाएगा, जिसमें किसी दूसरे द्वारा वक्फ की सपंत्तियों पर कब्जा नहीं किया जा सकेगा, जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी और लेनदेन में पारदर्शिता आएगी।

न्याय को सुलभ एवं निश्चित बनाना- वक्फ से संबंधित विवादित मामलों की सुनवाई के लिए अभी वक्फ अधिकरण का फैसला अंतिम होता है लेकिन वक्फ बिल में अधिकरण के फैसले को न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी। वक्फ से संबंधित विवादों का निर्णय छह माह में और अपील का निपटारा तीन माह में किए जाने का प्रावधान है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग)- वक्फ की संपत्तियों का पंजीकरण, सत्यापन लेनदेन में ऑडिट कर सकेगी, जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी।

विधेयक इस बात को भी फिर से परिभाषित करता है कि कैसे संपत्ति को वक्फ के कब्जे में माना जाता है। विधेयक में उपयोग के आधार पर वक्फ की अवधारणा को खत्म करने का प्रस्ताव है। 1995 के कानून के तहत वैसी हर संपत्ति वक्फ है, जिसका उपयोग मुसलमान धार्मिक उद्देश्यों के लिए निरंतर और अबाधित रूप से करते रहे हैं। इसका मतलब है कि एक संपत्ति को उपयोग के माध्यम से वक्फ माना जा सकता है, भले ही उसका मालिकाना हक किसी के पास हो। कई मस्जिदें और कब्रिस्तान इसी आधार पर वक्फ प्रॉपर्टी घोषित कर दिए गए हैं। विधेयक में कहा गया है कि वैध वक्फनामे के बिना कोई भी वक्फ संपत्ति संदिग्ध है। इसमें 'उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ' घोषित संपत्तियों को अलग रखा गया है। विवाद की स्थिति में बिल की धारा 3 सी (2), जो सरकार को यह तय करने का अधिकार देता है कि वक्फ के रूप में दी गई संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं। विधेयक में कहा गया है, यदि किसी संपत्ति को लेकर सवाल उठता है कि यह सरकारी संपत्ति है या नहीं तो उसे क्षेत्राधिकार वाले कलेक्टर के पास भेजा जाएगा। कलेक्टर उचित जांच करके संपत्ति की पहचान करेगा और अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजेगा। जब तक सरकार इस मुद्दे का फैसला नहीं कर लेती तब तक विवादित जमीन पर वक्फ का नियंत्रण नहीं हो सकता।

12 वर्ष का एडवर्स कब्जा-यदि 12 वर्ष तक वक्फ की संपत्ति कोई अवैध कब्जा, बिना रोक टोक के करता है तो वह संपत्ति का मालिक हो जाएगा। दान कौन कर सकता है- दान एक मुस्लिम द्वारा वर्तमान समय में मौखिक रूप से भी किया जा सकता है। यदि एक बार संपत्ति दान कर दी गई तो वह अल्लाह को अंतरित मानी जाती है वह वापस नहीं ली जा सकती है। नए बिल में यह प्रावधान है कि संपत्ति अंतरण करते समय दानकर्ता को उस संपत्ति का मालिक होना चाहिए। दानकर्ता की स्वीकृति स्वतंत्र होनी चाहिए। दान करते समय दानकर्ता सक्षम अर्थात 18 वर्ष से अधिक आयु एवं स्वस्थ चित्त होना चाहिए। यदि यह शर्तें पूरी नहीं की गई तो दान द्वारा अंतरण अवैध होगा और वह संपत्ति वक्फ को वापस करनी होगी। दान गैर मुस्लिम द्वारा भी किया जा सकता है शर्त यह है कि इस्लाम धर्म में उसका विश्वास एवं मान्यता होनी चाहिए। लिखित रूप से वक्फनामा द्वारा ही संपत्ति का अंतरण किया जा सकता है। वक्फ से होने वाली आमदनी को इस्लाम धर्म की खिदमत में ही खर्च किया जा सकता है। खिदमत का अर्थ है मस्जिद की तामीर, कब्रिस्तान एवं अनाथालय बनवाना, गरीबों को भोजन की व्यवस्था करना, गरीब बच्चों की शादी करवाना इत्यादि।

सरकार का कहना है कि वक्फ की संपत्तियों पर माफियाओं का कब्जा है जबकि विपक्ष का तर्क है कि सरकार वक्फ की संपत्ति को हथियाना चाहती है। धर्म में हस्तक्षेप है और संविधान में दिए गए अधिकारों का उल्लंघन है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि नए बिल से संविधान के किसी अधिकार का उल्लंघन नहीं हो रहा जबकि यह तो समानता के अधिकार अनुच्छेद 14 के अंतर्गत सामाजिक न्याय के रूप में निचले तबकों के उत्थान एवं लैंगिक न्याय के रूप में मुस्लिम महिलाओं की अनिवार्य सहभागिता का प्रावधान करता है। जिससे महिलाओं एवं बच्चों का कल्याण होगा डिजिटलीकरण से भ्रष्टाचार रूकेगा। कोई माफिया अवैध कब्जा वक्फ संपत्ति पर नहीं कर सकेगा। वक्फ से होने वाली आमदनी समाज कल्याण एवं उत्थान में खर्च की जा सकेगी।

email: nusratfahad8@gmail.com

## प्रसंगवश

# विद्रोही चंद्रसिंह गढ़वाली

पेशावर कांड (1930) के विद्रोही चंद्रसिंह गढ़वाली 1 अक्तूबर 1979 को नहीं रहे। कैसा अनोखा सैनिक था, जिसने देश की निहत्थी आंदोलनकारी जनता पर गोली चलाने से इंकार की सजा में लंबे कारावास के साथ अनगिनत कष्ट भुगते।

यह तकलीफें उसकी अकेले की नहीं अपितु पूरे परिवार को इसका दंड झेलना पड़ा। संपत्ति जब्त हुई और घर के लोग दरबदर हो गए, लेकिन खास बात रही कि आजादी के बाद भी उनकी संतति के साथ यह क्रूर सिलसिला थमा नहीं। 1983 में सहकारी बैंक की देनदारी के लिए चंद्रसिंह गढ़वाली की संपत्ति की नीलामी का फरमान जारी हुआ, जिसे हम उस समय थोड़ी कोशिशों से बचा पाए, लेकिन आगे चलकर यह अत्यंत दुःखद रहा कि बिजनौर के निकट कौड़िया रेंज में 90 वर्षों के लिए उनके परिवार को आवंटित की गई जमीन को उत्तर प्रदेश सरकार ने यह कहकर वापस ले लिया कि चंद्रसिंह गढ़वाली यूपी के नहीं, उत्तराखंड के निवासी थे। पहाड़ पर दूधातोली में एक छोटे से भूखंड पर उनकी उपेक्षित सी समाधि है, जिस पर कोई चार फूल क्यों चढ़ाए? 1972 में स्वतंत्रता के रजत जयंती वर्ष पर अपने शहर शाहजहांपुर में गढ़वाली जी को 'शहीद मेला' का उद्घाटन करने आमंत्रित किया तो वे उत्साह से आए। उन दिनों उनकी कमर झुक चुकी थी, लेकिन क्रांतिकारी तेवर और हौसला उनमें बरकरार था। पतलून, कमीज, सिर पर हैट और पैरों में बूट। यही बाना था उनका। बोली का पहाड़ी लहजा था और कहन में खरापन अंत तक विद्यमान रहा। उनके जिंदगीनामे को राहुल सांकृत्यायन ने जिस तरह एक बड़ी किताब में दर्ज किया, वह अद्भुत है।



सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

कह सकता हूं कि जेल गढ़वाली जी के लिए राजनीतिक पाठशाला बनी। उनकी स्मृति में कई साल पहले मैं एक डाक टिकट भी जारी कराने में भी कामयाब हो सका जब उनका बेटा आनंद गढ़वाली जीवित था। कुछ वर्ष पहले मैंने अपनी पत्रिका 'संदर्श' के लिए विद्यासागर नौटियाल जी से गढ़वाली की कुछ स्मृतियों को लिपिबद्ध कराया और प्रकाशित किया था, लेकिन वह कार्य पूर्णता की ओर नहीं पहुंच सका।

# जनजातीय लोगों का औरत के प्रति दोयम नजरिया



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ राज्य में बेगा, गुनियाओं और ओझाओं के झांसे में आकर पिछले तीन वर्षों में तीन दर्जन से अधिक औरतों को मार डाला गया है।

बीती 15 सितंबर को बस्तर के घनघोर नक्सली इलाके सुकमा के कोन्टा थाने के इटकल गांव में राज्य पुलिस के हेड कांस्टेबल सहित उसके परिवार के पांच लोगों को ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला। मरने वालों में तीन महिलाए हैं। पिछले कुछ दिनों में गांव में तीन बच्चे मरे और यह अफवाह हो गई कि हेड कांस्टेबल बच्चा मुआ के पिता के जादू-टोने के कारण बच्चे मारे गए। देश के अधिकांश राज्यों में डायन प्रथा उन्मूलन या अंधविश्वास निरोधक कानून हैं, लेकिन इस तरह की सामाजिक कुरीति को अपराध घटित हो जाने के बाद मुकदमें दर्ज कर रोका नहीं जा सकता।

डायन कुरीति अकेले आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ या झारखंड तक सीमित नहीं है। यह असम, बिहार, तेलंगाना, राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित कोई आधा दर्जन राज्यों में हर साल सैंकड़ों औरतों को इस अंधविश्वास की आड़ में बर्बर तरीके से मारा जा रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड और ओडिशा जैसे राज्यों में मुख्य रूप से जादू-टोना से जुड़े लगभग 85 हत्या के मामले दर्ज किए गए।

देश के आदिवासी अंचलों में जमीन हदबंदी कानूनों के लचरपन और पंचायती राजनीति के नाम पर शुरू हुईं जातीय दुश्मनियों की परिणति महिलाओं की हत्या के रूप में हो रही है। कुछ साल पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राज्य शासन ने एक जांच रिपोर्ट तैयार की है, जिसमें बताया गया है कि अंधविश्वास, अज्ञान और अशिक्षा के कारण टोनही या डायन करार देकर किस तरह निरीह महिलाओं की आदिकालीन लोमहर्षक ढंग से हत्या कर दी जाती है। औरतों को न केवल जिंदा जलाया जाता है, बल्कि उन्हें गांव में नंगा घुमाना, बाल काट देना, गांव से बाहर निकाल देना जैसे निर्मम कृत्य भी डायन या टोनही के नाम पर होते रहते हैं। इन शर्मनाक घटनाओं का सर्वाधिक अफसोसजनक पहलू यह है कि इन महिला प्रताड़नाओं के पीछे न सिर्फ महिला की प्रेरणा होती है, बल्कि वे इन कुकर्मों में बढ़-चढ़ कर पुरुषों का साथ भी देती हैं।

आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ राज्य में बेगा, गुनियाओं और ओझाओं के झांसे में आकर पिछले तीन वर्षों में तीन दर्जन से अधिक औरतों को मार डाला गया है। कोई एक दर्जन मामलों में आदमियों को भी ऐसी मौत झेलनी पड़ी है। मप्र के झाबुआ-निमाड़ अंचल में भी महिलाओं को इसी तरह मारा जाता है। हां, नाम जरूर बदल जाता है-डाकन। गांव की किसी औरत के शरीर में 'माता' प्रविष्ट हो जाती है। यही 'माता' किसी दूसरी 'माता' को डायन घोषित कर देती है और फिर वही अमानवीय यंत्रणाएं शुरू हो जाती हैं। यह समझना जरूरी है कि अधिकांश आदिवासी गांवों तक सरकारी स्वास्थ्य महकमा पहुंच नहीं पाया है। जहां कहीं अस्पताल खुले भी हैं तो कर्मचारी इन पुरातनपंथी वन पुत्रों में अपने प्रति विश्वास नहीं उपजा पाए हैं। तभी मवेशी मरे या कोई नुकसान हो, गुनिया हर मर्ज की दवा होता है। उधर गुनिया के दांव-पेंच जब नहीं चलते हैं तो वह अपनी साख बचाने कि लिए किसी महिला को टोनही घोषित कर देता है। गुनिया को शराब, मुर्गे, बकरी की भेंट मिलती है। बदले में किसी औरत को पैशाचिक कुकृत्य सहने पड़ते हैं।

ठेठ आदिम परंपराओं में जी रहे आदिवासियों के इस दृढ़ अंधविश्वास का फायदा इलाके के असरदार लोग बड़ी चालाकी से उठाते है। अपने विरोधी अथवा विधवा बूढ़ी औरतों की जमीन हड़पने के लिए ये प्रपंच किए जाते हैं। थोड़े से पैसे या शराब के बदौलत गुनिया बिक जाता है और किसी भी महिला को टोनही घोषित कर देता है।

डायन प्रथा से निपटने के लिए बिहार में सन 1999 में व झारखंड में 2001 में अलग से कानून भी बना। छत्तीसगढ़ में भी सन 2005 में टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम लागू हुआ। राजस्थान और असम में 2015 में इस पर कड़े कानून आए। कानून अपराध होने के बाद काम करता है, लेकिन आज जरूरत तो लोगों की मिथ्या धारणाओं से ओतप्रोत जनजातीय लोगों में औरत के प्रति दोयम नजरिए को बदलना है। एक तो गांवों में स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं हों, दूसरा समाज के बीच से ही ऐसे लोगों को तैयार किया जाए, जो पर्व-त्योहर पर आदिवासियों को सहज तरीके से इसकी जानकारी दे सकें।

## सोशल फोरम

# समय के साथ चलें बुजुर्ग

वैसे तो बुढ़ापा खुद समस्याओं और शिकायतों का घर ही होता है, लेकिन आमतौर पर बुजुर्गों की बड़ी समस्या और शिकायत यह होती है कि बच्चे बड़े या शादीशुदा हो जाने के बाद उनका सम्मान नहीं करते। उनकी बात कुछ हद तक वाजिब है।

देश की सड़कों, वृद्धाश्रमों, तीर्थस्थलों में बेसहारा वृद्धों की भारी भीड़ देखकर आज परिवार में उनकी हैसियत और स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है, लेकिन इस समस्या का एक और पहलू भी है। एक बात बुजुर्गों को अपने आपसे भी पूछना चाहिए कि बूढ़े होने के बाद वे खुद अपने बेटों और बहुओं, उनकी निजी जिंदगी, उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और उनके नए विचारों का कितना सम्मान करते हैं? हर पीढ़ी के साथ जीवन की परिस्थितियां और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अवधारणाएं बदलती हैं। पढ़े-लिखे, संवेदनशील, समझदार बुजुर्ग बदलते वक्त के साथ तालमेल बिठाकर अपनी संतानों के साथ सहज और दोस्ताना रिश्ता बना लेते हैं। कठिनाई उन अशिक्षित अथवा अर्द्धशिक्षित, रूढ़िवादी लोगों के साथ होती है, जो अपने पुराने विचारों और रूढ़ियों के प्रति कट्टर ही नहीं होते, बल्कि अपनी संतानों पर अपने दौर के अप्रासंगिक हो चले जीवन मूल्य थोपने की कोशिश भी करते हैं। उन्हें लगता है कि उनका वक्त सही था और आज जो हो रहा है, वह सब गलत है।




ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

ऐसे बुजुर्ग अपनी संतानों के लिए आर्थिक नहीं, मानसिक और भावनात्मक बोझ बन जाते हैं। परिवारों के विघटन की यह सबसे बड़ी वजह है। परिवार में बुजुर्गों का सम्मान बना रहे, यह सिर्फ युवाओं की जिम्मेदारी नहीं है। जरूरी है कि बुजुर्ग भी समय के साथ चलना सीखें। वे अपने हिस्से का जीवन जी चुके, अब अपनी संतानों को उनके हिस्से का जीवन जीने दें। उनकी चुनौतियां, सोच, संघर्ष आपसे अलग हैं।

मां-बाप देवी-देवता हैं और उनकी हर बात बच्चों को शिरोधार्य होनी चाहिए, ये किताबी, अव्यावहारिक बातें हैं। वास्तविक जीवन में आपके व्यवहार ही परिवार में आपकी हैसियत और आपका सम्मान तय होगा। **-फेसबुक वॉल से**

# समाज में व्यक्ति की भूमिका



साहिल अहमद
अधिवक्ता हाईकोर्ट, नई दिल्ली

आज जब दुनिया संघर्षों और हिंसा की ओर बढ़ रही है, गांधीजी के विचार हमें याद दिलाते हैं कि व्यक्ति की भूमिका समाज की बेहतरी में सबसे महत्वपूर्ण है।

आज दुनिया एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ी है, जहां यह स्पष्ट हो गया है कि यदि पृथ्वी पर जीवन का अंत होगा, तो इसके लिए किसी बाहरी दुश्मन की जरूरत नहीं है। यह काम इंसान खुद ही कर सकता है। पिछले डेढ़ साल से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है, जिसने लाखों लोगों को प्रभावित किया है। इसी तरह मध्य-पूर्व में इजराइल भी आक्रमण के माध्यम से अपना वर्चस्व स्थापित करने में जुटा हुआ है। इन दोनों घटनाओं के बीच सवाल उठता है कि ऐसा क्यों हो रहा है?

इसके मूल में कारण हैं, इंसान का अपने ऊपर और अपनी क्षमताओं पर ध्यान न देना। इतिहास में भी ऐसे उदाहरण मिलते हैं। हिटलर और गांधी, दोनों एक ही समय में इसी धरती पर मौजूद थे, लेकिन दोनों की सोच और कार्य एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत थे। हिटलर हिंसा का समर्थन करता था, जबकि गांधी अहिंसा के पुजारी थे। आज भी गांधी को प्रेम और करुणा के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है, जबकि हिटलर को क्रोध और अहंकार के लिए। महात्मा गांधी ने हमेशा इंसान के व्यक्तित्व और समाज के बीच गहरे संबंध को समझा। उनका मानना था कि समाज व्यक्ति से बनता है और व्यक्ति की नैतिकता व चेतना ही समाज की नींव होती है। उनके अनुसार समाज तभी सशक्त हो सकता है जब उसमें शामिल हर व्यक्ति नैतिकता, सत्य,



अहिंसा और करुणा जैसे मूल्यों को अपनाए। गांधीजी ने यह भी कहा कि अहिंसा का रास्ता सीखने और उस पर चलने के लिए अधिक कठिन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, जितनी कि हिंसा के लिए। यह प्रशिक्षण जीवन में सत्य, विनम्रता, सहनशीलता और प्रेम को अपनाने से शुरू होता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जो केवल बाहरी रूप से नहीं, बल्कि भीतर से भी आत्मानुशासन और संयम की मांग करती है।

गांधीजी का कहना था कि जब दो लोग या समुदाय आपस में झगड़ते हैं तो यदि उनमें से कोई एक व्यक्ति अपनी गलती को समझकर प्रेम और शांति की ओर बढ़ता है तो उनके बीच शांति स्थापित हो जाती है। हालांकि मीडिया में अक्सर ऐसे उदाहरणों पर ध्यान नहीं दिया जाता, क्योंकि हिंसक झगड़े और संघर्ष ज्यादा चर्चा में आते हैं, जबकि सच्चे समाधान और समाज में शांति का आधार केवल अहिंसा, संयम और करुणा से ही संभव है। गांधीजी ने अपने लेखों में यह भी स्पष्ट किया कि यदि व्यक्ति स्वयं पर नियंत्रण रखे और आत्मनिर्भर बने, तो वह समाज के लिए एक आदर्श भूमिका निभा सकता है। उनके अनुसार समाज को बदलने के लिए हमें पहले अपने भीतर परिवर्तन लाना होगा। व्यक्ति को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी ध्यान रखना चाहिए, तभी वह समाज के प्रति सही योगदान दे सकेगा।

आज जब दुनिया संघर्षों और हिंसा की ओर बढ़ रही है, गांधीजी के विचार हमें याद दिलाते हैं कि व्यक्ति की भूमिका समाज की बेहतरी में सबसे महत्वपूर्ण है। अगर हर इंसान अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाए और सत्य, अहिंसा और करुणा को अपनाए, तो न केवल समाज, बल्कि पूरी दुनिया में शांति और समृद्धि का माहौल बनेगा।

# वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देता गांधी मार्ग



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

आज संपूर्ण विश्व अपनी समस्याओं का हल हिंसा के माध्यम से ढूंढना चाहता है। वैश्वीकरण के इस दौर में 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा ही खत्म होती जा रही है।

आज के वैचारिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक हिंसा को समझने और उसका विकल्प बताने के लिए गांधी सबसे बेहतर और कारगर 'औजार' हैं। बीसवीं शताब्दी में जनमानस को आंदोलित एवं प्रभावित करने वाले एक महान व्यक्तित्व के रूप में भारतवर्ष में महात्मा गांधी का अविर्भाव हुआ था। गांधी भूतकाल के नहीं, भविष्य के मसीहा थे। वे उन्नीसवीं सदी की नहीं, इक्कीसवीं सदी की बातें कर रहे थे।

फ्रांसीसी दार्शनिक रोम्यां रोला ने कहा था-"कुछ अर्थों में तो गांधीजी आज के विज्ञान से भी आगे बढ़ गए थे, भविष्य की समस्याओं को उन्होंने भांप लिया था।" गांधीजी के विचार कभी पुराने नहीं पड़ेंगे, वे सदैव हमें भविष्य का रास्ता खोजने में सहायक सिद्ध होंगे। प्रयोगों ने उनके इस विश्वास को पक्का कर दिया था कि सत्य की सदा विजय होती है और सही रास्ता सत्य का रास्ता ही है। आज मानवता की मुक्ति सत्य का रास्ता अपनाने से ही है। गांधीजी सत्य को ईश्वर का पर्याय मानते थे। गांधीजी का मत था कि सत्य सदैव विजयी होता है।

गांधीजी के अनुसार मन, वचन और शरीर से किसी को भी दुःख न पहुंचाना ही अहिंसा है। गांधीजी के विचारों का मूल लक्ष्य सत्य एवं अहिंसा के माध्यम से विरोधियों का हृदय परिवर्तन करना है। अहिंसा का अर्थ ही होता है प्रेम और उदारता की पराकाष्ठा। गांधीजी व्यक्तिगत जीवन से लेकर वैश्विक स्तर पर 'मनसा वाचा कर्मणा' अहिंसा के सिद्धांत का पालन करने पर बल देते थे। आज के संघर्षरत विश्व में अहिंसा जैसा आदर्श अति आवश्यक है। गांधीजी बुद्ध के सिद्धांतों का अनुगमन कर इच्छाओं की न्यूनता पर भी बल देते थे। यदि इस सिद्धांत का पालन किया जाए तो आज क्षुद्र राजनीतिक व आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए व्याकुल समाज व विश्व अपनी कई समस्याओं का निदान खोज सकता है।

आज संपूर्ण विश्व अपनी समस्याओं का हल हिंसा के माध्यम से ढूंढना चाहता है। वैश्वीकरण के इस दौर में 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा ही खत्म होती जा रही है। अमेरिका, चीन, उत्तर कोरिया, ईरान जैसे देश हिंसा के माध्यम से प्रमुख शक्ति बनने की होड़ एवं दूसरों पर वर्चस्व के इरादे से हिंसा का सहारा लेते हैं। इस हेतु वैश्विक रूप से शस्त्रों की होड़ लग गई है। यह अंधी दौड़ दुनिया को अंततः विनाश की ओर ले जाती है। आज अहिंसा जैसे सिद्धांतों का पालन करते हुए विश्व में शांति की स्थापना की जा सकती है, जिसकी आज पूरे विश्व को आवश्यकता है।

आज के दौर में पूरा विश्व एक ऐसे ही समाज की खोज में है, जहां शोषण, वर्ग, जाति आदि की कोई जगह न हो। उन्होंने सामाजिक, नैतिक और आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए रचनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किया था। गांधी ने ग्राम स्वराज्य के माध्यम से पूर्ण प्रजातंत्र और समाज के अंतिम से अंतिम, पिछड़े व्यक्ति की उन्नति का स्वप्न दिया था।

वर्तमान में सारे विश्व पर हिंसा द्वारा विनाश का खतरा छाया हुआ है। गांधीजी इस पर कहते हैं कि अहिंसक बनने की कोशिश करो। विश्व आज जिस रोग से ग्रस्त है, उसका निदान भले ही बड़ा कठोर हो, पर गांधी का बताया उपचार अचूक है। हमारा कार्य अब यही है कि सत्य और अहिंसा को ऐसा व्यावहारिक रूप दें, जिसका पालन किया जा सके। भौतिकवादी प्रगतियों के बावजूद इस दुनिया में कहीं न कहीं कोई कमी महसूस हो रही है। निर्धनता, भूख, रोग और हिंसा का विश्व में प्रकोप बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन ने मानव जाति की राय पर ही संकट ला दिया है। 2019 में महात्मा गांधी की 150 वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव ने कहा था कि महात्मा गांधी का सिखाया गया पाठ ही संयुक्त राष्ट्र का मूल सिद्धांत है, जैसे विकास, शांति और सहयोग। सर्वोदय गांधीजी का विचार संयुक्त राष्ट्र संघ के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम "एजेंडा 2030" का प्रकाशन है। गांधीजी का सबसे प्रबल संदेश है कि हमारा प्रत्येक आचरण नैतिक रूप से शुद्ध होना चाहिए।

# विधायक ने जलेसर देहात में किया श्रमदान

## स्वच्छता ही सेवा संकल्प के तहत विधायक संजीव दिवाकर शंकरगढ़ में रहे मौजूद

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचार:** गांधी व शास्त्री की जयंती के अवसर पर सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा है संकल्प के तहत जलेसर विधायक संजीव दिवाकर ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ग्राम शंकरगढ़ में श्रमदान दिया।

विधायक दिवाकर ने कहा कि शहर हो या गांव आम जनमानस को अपने आसपास के स्थान को स्वच्छ रखने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए। स्वच्छता से जहां आप बीमारियों से बचते हैं, वही आपका स्थान स्वच्छ मिलने पर लोग प्रशंसा करते हैं। स्वच्छ भारत मिशन केवल राजनेताओं व अधिकारियों की जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि हम सब की जिम्मेदारी है भरपूर सहयोग करें।

इस दौरान विधायक संजीव दिवाकर, जिला पंचायत राज अधिकारी केके चौहान, पीडी रजनीश कुमार, खंड विकास अधिकारी पीएस आनंद, एडीओ पंचायत बीगेस् कौशिक, ग्राम प्रधान शैलेंद्र कुमार राजपूत, ग्राम पंचायत सचिव सुनील दिवाकर, ज्योति वर्मा सहित अन्य सफाई कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।


स्वच्छता अभियान के दौरान श्रमदान कार्यक्रम में मौजूद विधायक संजीव दिवाकर।

# एनसीसी कैडेट्स ने गंगा स्वच्छता रैली निकाली

**एटा, अमृत विचार:** नमामि गंगे जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत गांधी स्मारक इण्टर कॉलेज में मंगलवार को एनसीसी कैडेट्स के छात्रों ने गंगा स्वच्छता रैली निकाल लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप जैन मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

उन्होंने कहा कि गंगा हमारी माता, जीवनदायिनी और संस्कृति की धरोहर है। हमें नदियों को स्वच्छ बनाने का संकल्प लेना चाहिए। नदियां ही नहीं किसी भी जलाशय को प्रदूषित होने से बचाने के लिए स्वयं से वादा करें। नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी आर्यन गौड़ ने छात्रों को नमामि गंगे योजना के विषय में विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और एफलुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की संचालन प्रकिया के बारे में छात्रों को समझाया। प्रधानाचार्य चंद्रजीत राव ने स्वच्छता को जीवन में अपनाने की बात कही। संचालन अध्यापक नरेंद्र जी के साथ वन विभाग वन रक्षक राहुल यादव, शैलेश कुमार, बृजेश कुमार, राजेश तिवारी, शैलेन्द्र मिश्रा, सुभाष चन्द्र आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नूरपुर विकास खंड मझगवां (बरेली)

### निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वर्ष 2024-25 की कार्य योजनानुसार विभिन्न कार्य कराये जाने हैं जिसमें निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 08.10.2024 को दोपहर 12:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो 08.10.2024 को शाम 4 बजे खोली जाएंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | मद |
|---|---|---|---|
| 01. | ग्राम पंचायत नूरपुर में कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) निर्माण कार्य । | 4,99,911.00 | राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान |

**मंजू देवी (ग्राम प्रधान)** **सरिता दयाल (ग्राम विकास अधिकारी)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कनकपुरी वि.खं. शेरगढ़, बरेली

### निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कनकपुरी में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है।

**सामग्री का विवरण:**- ईट, रेता, बजरी, बजरफुट, सीमेन्ट, रोड़ी, पन्नी, कोलतार व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

**क्र.सं.**-1 बरगद के पास सी.सी. रोड से जयपाल के घर तक नाली व सी.सी. रोड निर्माण कार्य। **माप- 108 मी. अनुमानित लागत- 4 लाख**

**2.** निर्दोष के घर से धर्मवीर के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। **माप- 130 मी. अनुमानित लागत- 4 लाख**

उक्त कार्यो हेतु सीलबन्द निविदायें 01.10.2024 से दिनांक 02.10.2024 को शाम 03 बजे तक स्वीकार की जायेंगी। दिनांक 02.10.2024 को शाम 04 बजे निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत//अस्वीकृत का अधिकार ग्राम पंचायत को निहित है। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत में उपलब्ध है जो किसी भी दिवस में देखी जा सकती है।

**मुन्नी देवी (ग्राम प्रधान)** **सत्यप्रकाश (सचिव)**


## 35 हजार रुपए चोरी पुलिस ने किया केस दर्ज

**जैथरा, अमृत विचार:** कस्बा में नरेश चन्द्र पुत्र भूरे सिंह ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नरेश ने बताया कि 29 सितंबर को वह कस्बा धुमरी व कसौलिया के बीच में जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब से 35 हजार 500 रुपए चोरी कर लिए। जानकारी होने पर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

## क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आयोजित

**जलेसर, अमृत विचार:** अखिल भारतीय क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक का आयोजन सरस्वती इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सचिव तुर्रम सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में यादव ने कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्यों की समस्याओं के निराकरण एवं उनकी मांगों के समर्थन में जंतर मंतर पर गत 25 सितंबर को धरना प्रदर्शन दिया गया था, जिसमें सैकड़ो क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद थे, क्षेत्र पंचायत सदस्यों को प्रतिमाह 7000 मासिक मानदेय मिलना चाहिए, वहीं अन्य समस्याओं को एकत्रित प्रधानमंत्री कार्यालय एवं पंचायती राज मंत्रालय को ज्ञापन दिया है। उन्होंने क्षेत्र पंचायत सदस्यों से आग्रह किया कि वह संगठित रहे समस्याओं का समाधान अति शीघ्र होगा। इस दौरान राहुल कुमार मवाना, प्रवीण कुमार यादव, सद्दाम खान सहित अन्य क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद थे।

## एएसपी ने रेलवे पुलिस कर्मियों के साथ बैठक की

**एटा, अमृत विचार:** मंगलवार को पुलिस ऑफिस में अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह ने रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के मद्देनजर पथरबाजी की घटनाओं के संबंध में थाना प्रभारी, जीआरपी, रेलवे पुलिस के साथ गोष्ठी आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी राजेश चौहान, कोतवाली देहात प्रभारी अमित कुमार सहित नगर सर्किल के अन्य पुलिस निरीक्षक व उपनिरीक्षक मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मिर्जापुर वि.ख. भुता (बरेली)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजना के अंतर्गत ठोस तरल अपशिष्ट (प्रबंधन) (MLWM) K अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 15 वां वित्त आयोग ग्राम निधि व मनरेगा कि धनराशि से वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्न कार्यो को कराने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1. | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन | 1.सामुदायिक एवं संस्थार्गत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट 2.कचरा वाहन साईकिल रिक्शा-ई रिक्शा 3. एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (R.R.C) सेन्टर 4. सामुदायिक एवं संस्थार्गत इनिसेरेटर (भस्मक) 5. सामुदायिक वर्मी कम्पेस्टिंग | गुणवत्तायुक्त ईट रोड़ी, सरिया, रेता बजरी बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन सैड ई रिक्शा पी.वी. |
| 2. | तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेंट | 1. सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट 2. फिल्टर चैम्बर (तालाबो/जलाशयों पर) 3. वेस्ट स्टेप्लाईजेशन पौंट (डवलू एस.पी.) | सी.पाईप, हैंडपम्प मरम्मत दीवार चित्र आदि |
| 3. | मलीय अपशिष्ट प्रबंधन | 1. सेप्टिक टैंको से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट। | कार्यो से सम्बन्धित सामग्री |

उपयुक्त कार्यो को कराने के लिए सामग्री कि आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। सामग्री की मात्रा घट बढ़ सकती है निविदा सूचना दिनांक 01.10.2024 अपराहन 2 बजे तक आमंत्रित की जा रही हैं जो कल दिनांक 02.10.2024 को पूर्वाहन 12 बजे दोपहर खोली जायेंगी।

**श्रीमती कृष्णा (प्रधान)** **ब्रजेश कुमार (सचिव)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर जिला पीलीभीत

पत्रांक: 899/न.पा.परि.बी./2024-25

### नीलाम सूचना

दिनांक: 01.10.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के अंतर्गत नगर पालिका परिसर में बनी दुकानों को किराये पर उठाये जाने हेतु प्रीमियम की नीलामी दिनांक 14.10.2024 को समय प्रात: 11:00 बजे की जानी है। इसी दिनांक को नीलामी न होने पर नीलामी की अगली तिथि दिनांक 15.10.2024, 16.10.2024, 17.10.2024 को होगी। इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि व समय पर जमानत धनराशि जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है। दुकानों का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | दुकान स्थान | दुकान की संख्या | जमानत धनराशि प्रति दुकान | कारपेट | मासिक किराया प्रति दुकान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिसर | 1 | 20000 | 132/12.29 | 5345 |
| 2 | नगर पालिका परिसर | 1 | 20000 | 142.59/13.24 | 5755 |
| 3 | नगर पालिका परिसर | 1 | 20000 | 142.59/13.24 | 5755 |
| 4 | नगर पालिका परिसर | 1 | 20000 | 142.59/13.24 | 5755 |
| 5 | नगर पालिका परिसर | 1 | 20000 | 142.59/13.24 | 5755 |
| 6 | नगर पालिका परिसर | 1 | 20000 | 142.59/13.24 | 5755 |
| 7 | नगर पालिका परिसर | 1 | 20000 | 132.30/12.29 | 5345 |
| 8 | नगर पालिका परिसर | 1 | 20000 | 132.30/12.29 | 5345 |
| 9 | नगर पालिका परिसर | 1 | 20000 | 130.83/12.15 | 5280 |
| 10 | नगर पालिका परिसर | 1 | 20000 | 124.16/11.53 | 5010 |
| 11 | नगर पालिका परिसर | 1 | 20000 | 124.16/11.53 | 5010 |
| 12 | नगर पालिका परिसर | 1 | 20000 | 168.83/15.68 | 6815 |
| 13 | नगर पालिका परिसर | 1 | 20000 | 178.69/16.6 | 7215 |
| 14 | नगर पालिका परिसर | 1 | 20000 | 133.7/12.42 | 5400 |

उपरोक्त नीलामी से सम्बन्धित समस्त नियम व शर्ते नगर पालिका कार्यालय में आकर कार्यशील दिवस में देखी जा सकती हैं।

**अधिशासी अधिकारी** **न0पा0परि0 बीसलपुर** — **अध्यक्ष** **न0पा0परि0 बीसलपुर**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायाँ जनपद-शाहजहाँपुर

पत्रांक:-255/न0पा0प0-पु0/रा0वि0आ0/ई-टेण्डर/2024-25 दिनांक 01.10.2024

### ई-निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/ राज्य सरकार / केन्द्र सरकार/ अन्य सरकारी विभाग में 'ए''बी''सी' एवं 'डी' श्रेणी में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए ई-निविदा दे सकता है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | विड सिक्योरिटी (ई0एम0डी0) | निविदा का मूल्य (18%GST सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | शाहजहाँपुर | मो0 देवस्थान में रामबाबू श्रीवास्तव के मकान से मूलचन्द्र के मकान होते हुए ओमप्रकाश के मकान तक नाली व इण्टरलॉक सड़क निर्माण का कार्य। | 542049.11 | 45936.00 | 542.00 | 01 माह |
| 2 | शाहजहाँपुर | मो0 छावनी में महेन्द्र यादव के मकान से देवेन्द्र चौधरी के मकान तक नाली व खडन्जा लगाये जाने का कार्य। | 554691.36 | 47008.00 | 555.00 | 01 माह |
| 3 | शाहजहाँपुर | नगर पालिका परिषद पुवायाँ में चौक से दलजीत पम्प तक इन्टरलॉक पटरी मरम्मत/सुधार कार्य। | 596757.77 | 50573.00 | 597.00 | 01 माह |
| 4 | शाहजहाँपुर | मो0 आनन्दवाटिका में सुरेश वर्मा के मकान से कुलदीप पाठक के मकान होते हुए शमशेर के मकान तक इण्टरलॉक उच्चीकरण व नाली मरम्मत का कार्य। | 601842.69 | 51004.00 | 602.00 | 01 माह |
| 5 | शाहजहाँपुर | मो0 कमलबाग में पंकज गुप्ता के मकान से सन्तोष शुक्ला के मकान तक नाली व इन्टरलॉक सड़क निर्माण का कार्य। | 636609.66 | 53950.00 | 637.00 | 01 माह |

2. वेबसाईट पर विड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि - 13.10.2024 समय 10:00 बजे से।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय 18.10.2024 को 5:00 बजे तक।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 19.10.2024 को 11:00 बजे पूर्वान्ह से कार्य समाप्ति तक।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट/ शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए तथा निविदा शर्तो / नियमों आदि की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर लाग इन करें, तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

**(सत्येन्द्र प्रकाश)** **अधिशासी अधिकारी** **नगर पालिका परिषद, पुवायाँ** **शाहजहांपुर** — **(संजय गुप्ता)** **अध्यक्ष** **नगर पालिका परिषद, पुवायाँ** **शाहजहांपुर**

## कार्यालय जिला पंचायत, शाहजहांपुर

पत्रांक: सी-437/जि.पं.-नि.अनु./2024-25

### अल्पकालिक निविदा सूचना

दिनांक: 01.10.2024

संशोधित निर्माण नियमावली 1984 के अनुसार जिला पंचायत, सिंचाई विभाग / लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग एवं 15वां वित्त टाइड ग्रांट के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 की निम्नांकित परियोजनाओं के निर्माण हेतु दिनांक 16.10.2024 को अपरान्ह 02 बजे तक मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायं 03 बजे से कार्यालय जिला पंचायत शाहजहांपुर में निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जाएगी। इच्छुक ठेकेदार दिनांक 15.10.2024 को सायं 05 बजे तक निर्धारित निविदा शुल्क जमाकर टेन्डर फार्म कार्यालय से क्रय कर सकते हैं। इच्छुक ठेकेदार को कार्य के सम्मुख अंकित दो प्रतिशत धरोहर धनराशि (एन एस सी / टीडीआर / एफ डी आर) निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत शाहजहांपुर के नाम बंधक होगी। निविदायें स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष जिला पंचायत में निहित है। निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते कार्यालय दिस में देखी जा सकती है। आमंत्रित निविदाओं के कार्यादेश धनराशि की उपलब्धता के आधार पर निर्गत किये जायेंगे। आमत्रित की जाने वाली निविदाओं का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | विकास खण्ड | कार्य का नाम | धनराशि GST रहित | 2% धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य मय GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बंडा | बंडा ग्राम चिकतिया बारिस्टर सिंह के घर से गाँव के उत्तर नाला निर्माण। | 6.36 | 12800 | 1200 | 6 माह |
| 2 | बंडा | बंडा ग्राम दिउरिया में अजय वर्मा के घर से तालाब तक नाला निर्माण। | 6.36 | 12800 | 1200 | 6 माह |
| 3 | तिलहर | तिलहर ग्राम बंदीचक में प्रा0विद्यालय से पूरब नाहर तक नाला निर्माण। | 4.24 | 8500 | 710 | 6 माह |
| 4 | तिलहर | तिलहर ग्राम धनेली महेश महेश में सी0सी0 रोड से तालाब तक नाला निर्माण। | 6.36 | 12800 | 1200 | 6 माह |
| 5 | कलान | कलान पैनी खेड़ा में नाला निर्माण। | 8.47 | 17000 | 1200 | 6 माह |
| 6 | कांट | कांट ग्राम दिलावरपुर में नाला निर्माण। | 8.47 | 17000 | 1200 | 6 माह |
| 7 | पुवायाँ | पुवायाँ ग्राम महुआ पाठक में श्री स्वामी विवेकानन्द शिक्षा समिति का खेत गाटा सं0 342 से अंकुर कुमार के खेत गाटा सं0 300 तक नाला निर्माण। | 8.47 | 17000 | 1200 | 6 माह |
| 8 | खुदागंज | दतौनिया में नाला निर्माण। | 6.36 | 12800 | 1200 | 6 माह |
| 9 | सिंधौली | ग्राम गोकरन पुत्र राम के मकान से तलब तक नाला निर्माण। | 6.36 | 12800 | 1200 | 6 माह |
| 10 | सिंधौली | ग्राम मुडा हारिश में रमेश के मकान से जगदीश के मकान तक नाला निर्माण। | 8.47 | 17000 | 1200 | 6 माह |
| 11 | सिंधौली | ग्राम पलनापुर में कांता प्रसाद के घर से तालाब तक नाला निर्माण। | 8.47 | 17000 | 1200 | 6 माह |
| 12 | सिंधौली | ग्राम धरमंगदपुर में तारा चंद के घर से तालाब तक नाला निर्माण। | 7.2 | 14400 | 1200 | 6 माह |
| 13 | मदनापुर | ग्राम अमरोली में विजेन्द्र के घर से तालाब तक नाला निर्माण। | 5.08 | 10160 | 1200 | 6 माह |
| 14 | | ग्राम जिगनिया मुजकता में आंबेडकर पार्क से सोनपाल के खेत तक नाला निर्माण। | 8.47 | 17000 | 1200 | 6 माह |
| 15 | बंडा | ग्राम मानपुर पिपरिया में तोताराम वाले तालाब से हरिराम के खेत के पास तालाब तक नाला निर्माण। | 8.47 | 17000 | 1200 | 6 माह |
| 16 | बंडा | ग्राम रनमस्तरपुर के गाँव मानपुर में काली चरण के मकान से तलाब तक नाला निर्माण कार्य। | 4.24 | 8480 | 710 | 6 माह |
| 17 | बंडा | ग्राम इंदलपुर लालू के खेत से सिंगई तालाब तक नाला निर्माण। | 8.47 | 17000 | 1200 | 6 माह |
| 18 | कलान | ग्राम टढ़ई में हबीब के मकान से मजार वाली पुलिया तक नाला निर्माण। | 5.93 | 11860 | 1200 | 6 माह |
| 19 | कलान | ग्राम टढ़ई में राम भरोसे के मकान से तलाब तक नाला निर्माण। | 5.08 | 10160 | 1200 | 6 माह |
| 20 | खुदागंज | ग्राम पंचायत बमिहाना में नेत्रपाल के मकान से पुलिया तक नाला निर्माण। | 8.47 | 17000 | 1200 | 6 माह |
| 21 | खुदागंज | ग्राम खेडा मजखेडा में छोटे के मकान से तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 4.24 | 8480 | 710 | 6 माह |
| 22 | कांट | हरदोई बार्डर की ओर नाला निर्माण। | 6.35 | 12700 | 1200 | 6 माह |
| 23 | जलालाबाद | ग्राम ठिंगरी में अवधेश सिंह के घर से रामप्रसाद के घर तक नाला। | 5.25 | 10500 | 1200 | 6 माह |
| 24 | जलालाबाद | ग्राम नवादा दियुरनिया में इंटरलॉकिंग रोड से तालाब तक नाला। | 6.35 | 12700 | 1200 | 6 माह |
| 25 | मदनापुर | ग्राम हैदलपुर में नाला। | 8.47 | 17000 | 1200 | 6 माह |
| 26 | भावलखेड़ा | ग्राम भौला में नाला निर्माण कार्य (ढाबे वाले) | 8.47 | 17000 | 1200 | 6 माह |
| 27 | भावलखेड़ा | ग्राम सुतनेरा (मजरा भुडिया) स्कूल से गांव के पूरब दिशा की ओर राजेश के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 5.08 | 10160 | 1200 | 6 माह |
| 28 | भावलखेड़ा | ग्राम काजीपुर में बहबुदीन के खेत से जाकिर अली के खेत तक नाला निर्माण कार्य। | 2.12 | 4300 | 300 | 6 माह |
| 29 | कलान | ग्राम जंगल बेहटा में अवशेष नाला निर्माण कार्य। | 1.25 | 7200 | 710 | 6 माह |
| 30 | ददरौल | ग्राम गोबरसंडा में नाला निर्माण। | 8.47 | 17000 | 1200 | 6 माह |
| 31 | मदनापुर | ग्राम अतिवरा में अवशेष इंटरलॉकिंग कार्य। | 2.00 | 4000 | 300 | 6 माह |
| 32 | भावलखेड़ा | ग्राम काजीपुर में पूर्व मस्जिद वाले तालाब तक नाला निर्माण। | 8.47 | 17000 | 1200 | 6 माह |
| 33 | बंडा | ग्राम लक्ष्मणपुर में चिरौंजी के घर तालाब तक नाला निर्माण। | 8.47 | 17000 | 1200 | 6 माह |
| 34 | ददरौल | ग्राम कल्यानपुर नवदिया में NH-24 से गाँव की ओर पैच मरम्मत कार्य। | 2.5 | 5000 | 300 | 1 माह |
| 35 | भावलखेड़ा | भावलखेड़ा ग्राम बसुलिया में नहर पटरी पर हनुमान जी के मंदिर तक मार्ग पर पैच मरम्मत कार्य। | 2.54 | 5080 | 300 | 1 माह |
| 36 | सिंधौली | सिंधौली ग्राम मूर्छा में पैच मरम्मत कार्य। | 0.85 | 1700 | 300 | 1 माह |
| 37 | सिंधौली | सिंधौली में मेन बाजार से पंचायत रोड तक पैच मरम्मत कार्य। | 1.70 | 3400 | 300 | 1 माह |
| 38 | भावलखेड़ा | भावलखेड़ा में मोहम्मद रोड से रहीमतपुर तक पैच मरम्मत कार्य। | 1.70 | 3400 | 300 | 1 माह |
| 39 | सिंधौली | सिंधौली में चांदा से पसियाखेडा संपर्क मार्ग पर पैच मरम्मत कार्य। | 2.54 | 5080 | 300 | 1 माह |
| 40 | मदनापुर | मदनापुर ग्राम गिरधरपुर में अवशेष लेपन मरम्मत कार्य। | 6.78 | 13600 | 1200 | 1 माह |
| 41 | खुदागंज | ग्राम कन्दरापुर में नाला निर्माण । | 8.47 | 17000 | 1200 | 6 माह |
| 42 | मुख्यालय | खिरनी बाग स्थित गोदाम में रजनीश के आवास की मरम्मत। | 3.00 | 6000 | 710 | 6 माह |

**अभियन्ता** **जिला पंचायत, शाहजहांपुर।** — **अपर मुख्य अधिकारी** **जिला पंचायत शाहजहांपुर**

# फिर से शुरू होंगे बंद सिनेमाघर, कई जिलों में खुलेंगे मल्टीप्लेक्स

## एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण एवं संचालित सिनेमाघरों के उच्चीकरण के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मंत्रिमंडल ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए प्रदेश में बंद पड़े सिनेमाघर को पुनः संचालित किए जाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही मल्टीप्लेक्स विहीन जिलों में जल्द से जल्द मल्टीप्लेक्स निर्माण को प्रोत्साहित करने, एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण को प्रोत्साहित करने एवं संचालित सिनेमाघरों के उच्चीकरण के लिए समेकित प्रोत्साहन योजना को मंजूरी प्रदान की है। यह योजना 5 साल तक प्रभावी रहेगी।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने इस बारे में बताया कि सिनेमाघर, मल्टीप्लेक्स द्वारा राजकोष में जमा की गयी एसजीएसटी से प्रस्तावित अनुदान दिया जायेगा, जिससे राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त व्यय भार नहीं आयेगा।

**सूचना प्रौद्योगिकी सेवा को उद्योग का दर्जा :** राजय सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवाओं को उद्योग का दर्जा दिए जाने का फैसला लिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आईटी, आईटीएस क्षेत्र की तीव्र वृद्धि में सहायता के लिए राज्य को परिवर्तनकारी सुधारों को कार्यान्वित किए जाने की आवश्यकता है। इन सुधारों का उद्देश्य आईटी और आईटीएस क्षेत्र को उद्योग का दर्जा दिया जाना है। आवासीय विकास प्राधिकरणों तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में औद्योगिक श्रेणी के अन्तर्गत वर्गीकृत भूमि को आईटी, आईटीईएस क्षेत्र की इकाइयों को औद्योगिक दर पर भूमि आवंटन की सुविधा प्रदान करने से आईटी, आईटीईएस इकाइयों को भूमि उपलब्धता में सुगमता होगी। आईटी, आईटीईएस क्षेत्र की नई क्रियाशील इकाईयों, जिनका न्यूनतम लोड 150 केवी है, को औद्योगिक दरों पर विद्युत उपलब्ध कराए जाने से उनकी लाभप्रदता बढ़ाने में मदद मिलेगी और उत्तर प्रदेश राज्य आईटी, आईटीईएस क्षेत्र में अधिक निवेश आकृष्ट करने में सक्षम होगा। इस प्रकार के पुनर्वर्गीकरण से उत्तर प्रदेश में प्रचलित दरों के अनुसार इस क्षेत्र के लिए विद्युत की लागत में लगभग 18 प्रतिशत की बचत होगी।

**मक्का, बाजरा व ज्वार की एमएसपी तय :** राज्य सरकार ने मक्का, बाजरा और ज्वार का समर्थन मूल्य निर्धारित कर दिया है। इसी दर पर सरकार मोटे अनाज खरीदेंगी। कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि मक्का की एमएसपी 2285 रूपये, बाजरा की एमएसपी 3431 और ज्वार की एमएसपी 2625 रूपये प्रति क्विंटल होगी। मक्के की 21 जिलों में खरीद की जाएगी तो बाजरा की खरीद 32 जिलो में होगी। वहीं, ज्वार की 11 जिलों में खरीद की जाएगी।


मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को लोकभवन, लखनऊ में कैबिनेट की बैठक करते हुए।

### मंत्रिमंडल की बैठक : कई प्रस्तावों को मिली मंजूरी

- बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ बिल्ड ऑन एन ऑपरेट फेस पर सोलर पार्क विकसित होंगे विकसित।
- आगरा में नक्षत्रशाला साइंस सिटी और विज्ञान पाठ की स्थापना होगी।
- उप्र. महाधिवक्ता और विधि अधिकारी अधिष्ठान सेवा नियमावली 2009 में पंचम संशोधन को मंजूरी।
- आबकारी नीति 2024-25 में संशोधन की मंजूरी।
- यूपी 112 में पुराने वाहन की जगह 380 नए वाहनों की खरीद का निर्णय।
- 75 जिलों में 75 फॉरेंसिक मोबाइल वैन खरीदने को मंजूरी।
- उप्र. श्रम कल्याण परिषद कर्मचारी सेवा नियमावली 2024 को मंजूरी।
- खीरी के गोला तहसील में पौराणिक शिव मंदिर कॉरिडोर के लिए 19324.67 वर्ग मीटर नजूल भूमि पर्यटन विभाग को फ्री उपलब्ध करवाए जाने का प्रस्ताव पास।

### उच्च शिक्षा के विकास के लिए प्रोत्साहन नीति को मिली मंजूरी

योगी सरकार ने राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र को सुदृढ़ करने और युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ''उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति, 2024'' को लागू किया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि यह नीति प्रदेश में बढ़ती उच्च शिक्षा की मांग को पूरा करने के लिए निजी निवेश को प्रोत्साहित करेगी। इसके माध्यम से छात्रों को राज्य में ही उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना से प्रदेश के युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। इस नीति के अंतर्गत, प्रायोजक निकायों को स्टाम्प शुल्क में छूट, कैपिटल सब्सिडी, और विशेष लाभ प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 50 में स्थान प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालयों को भी अतिरिक्त लाभ दिए जाएंगे। कैबिनेट बैठक में मथुरा और मेरठ में दो नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। मथुरा में केडी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए ''राजीव मेमोरियल एकेडमिक वेलफेयर सोसाइटी'' को आशय-पत्र जारी किया गया है। इसी प्रकार, मेरठ में विद्या विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए ''विद्या बाल मण्डली'' द्वारा 42.755 एकड़ भूमि पर प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

### किसानों की आय बढ़ाने को एग्रीस योजना को मंजूरी

**लखनऊ।** किसानों की आय बढ़ाने के लिए एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव यूपी एग्रीस को भी मंजूरी प्रदान की। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि उप्र. में 9 क्लाइमेटिक जोन हैं इसमें बुंदेलखंड और पूर्वोत्तर की प्रोडक्टिविटी पश्चिम की अपेक्षा कम रहती है। ऐसे में, इसे बढ़ाने और नवाचार, आर्थिक बढ़ोत्तरी समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को लाभ देना है। यह 28 जिलों में लागू होगी। झांसी, चित्रकूट, गोरखपुर, वाराणसी, विंध्य, आजमगढ़, बस्ती और देवीपाटन मंडल के जिलों में परियोजना लागू की जाएगी। यह परियोजना 4000 करोड़ की होगी और छह वर्षों के भीतर लागू होगी। इस वर्ष के बजट में 200 करोड़ का प्रावधान सरकार द्वारा किया गया था। राज्य सरकार द्वार परियोजना में कुल मिलाकर ग्यारह सौ छाछठ करोड़ रुपए दिए जाएंगे। परियोजना में विश्व बैंक द्वारा 2737 करोड़ रुपए लगाए जाएंगे। ऋण वापसी की अवधि पैंतीव वर्षों की होगी और ब्याजदर 1.23 परसेंट रहेगी।

# जल निगम के पांच रिटायर अफसरों के ठिकानों पर छापा

- **आय से अधिक संपत्ति के मामले में विजिलेंस ने की कार्रवाई**
- **मकान, कृषि भूमि, फ्लैट, गाड़ियों के पेपर और जेवर बरामद**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) लखनऊ की टीम ने मंगलवार दोपहर जल निगम की इकाई कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएंडडीएस) के सेवानिवृत्त पांच अभियंताओं के घरों पर छापा मारा। कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में की गई। इन सेवानिवृत्त अभियंताओं में से तीन अपनी तैनाती के समय परियोजना प्रबंधक भी थे। पूर्व में इनके खिलाफ शासन के आदेश पर आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा दर्ज हुआ था। एफआईआर के बाद विजिलेंस ने इनसे कई दस्तावेज मांगे थे लेकिन ढुलमुल रवैया देख अदालत से सर्च वारंट लेकर यह कार्रवाई की।

जल निगम के अफसरों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के लगभग 11 मामले दर्ज हो चुके हैं। मंगलवार को विजिलेंस टीम ने इंदिरानगर, गोमती नगर और विकास नगर में छापेमारी की। लगभग आठ घंटे तक चले छापे में मकान, खेती की ज़मीन, फ्लैट, गाड़ियों के कागजात, करोड़ों की अघोषित संपत्ति में निवेश, म्यूचुअल फण्ड, बीमा पॉलिसी, पोस्ट ऑफिस निवेश के कागजात और लैपटाप, जेवरात बरामद हुए हैं। विभिन्न बैंक के खाते एवं बैंक लॉकर के प्रपत्र भी हासिल हुए हैं। दरअसल, साल 2020 में सीएंडडीएस के इन अभियंताओं के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायतें शासन को मिली थी। इन्हें गंभीरता से लेते हुए शासन ने 12 जून 2020 को जांच के आदेश दिए थे। जांच में इन पर लगे आरोप सही पाए गए थे। इसके बाद ही विजिलेंस ने इनके खिलाफ अलग-अलग एफआईआर दर्ज की थी।

#### इनके ठिकानों पर पड़े छापे

विजिलेंस एसपी डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी, एएसपी बबिता सिंह के निर्देश पर पांच टीमों ने दोपहर में छापा मारा। यह छापा सीएंडडीएस के तत्कालीन प्रोजेक्ट मैनेजर व सहायक अभियंता इंदिरानगर सेक्टर-19 निवासी राघवेन्द्र कुमार गुप्ता, इंदिरानगर सेक्टर सी निवासी अधीक्षण अभियंता सत्यवीर सिंह चौहान, निगम के मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ में तैनात रहे गोमती नगर विशेष खंड निवासी अधीक्षण अभियंता रहे अजय रस्तोगी, एल्डिको ग्रीन निवासी सहायक अभियंता कमल कुमार खरबंदा और विकासनगर सेक्टर दो निवासी सहायक अभियंता कृष्ण कुमार पटेल के घरों पर मारा गया। अजय मूल रूप से बरेली के हाफिजगंज, कमल कुमार मध्य प्रदेश के रामपुर और कृष्ण कुमार प्रयागराज के मऊआइमा के रहने वाले हैं।

## बिजली कनेक्शन की दरों को लेकर नियामक आयोग ने मांगा जवाब

- **पावर कॉरपोरेशन को शीघ्र जवाब देने के निर्देश**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने नए बिजली कनेक्शन की दरों के निर्धारण प्रकरण में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से जवाब तलब किया है। आयोग ने कॉरपोरेशन को शीघ्र जवाब देने का निर्देश दिया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की याचिका पर कॉरपोरेशन ने यह कार्रवाई की है।

उपभोक्ता परिषद ने 20 सितंबर को आयोग में शिकायत की थी कि पावर कॉरपोरेशन की ओर से विद्युतीकृत क्षेत्र के लिए 150 किलोवाट तक उपभोक्ताओं के कनेक्शन की दर को फिक्स करने के लिए दाखिल प्रस्ताव में घरेलू, वाणिज्यिक व अन्य उपभोक्ताओं के लिए दरें बढ़ाने की बात कही गई है। इसी तरह, 40 मीटर की परिधि में बिजली कनेक्शन की दरों में लाइनचार्ज में वृद्धि प्रस्तावित है। ऐसे में आने वाले समय में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होना तय है। परिषद की ओर से दाखिल शिकायत में कार्रवाई की मांग की गई थी।

हालांकि, पावर कॉरपोरेशन की ओर से प्रस्ताव में उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन में छूट देने का दावा किया गया था। उपभोक्ता परिषद की शिकायत पर आयोग ने पावर कॉरपोरेशन से बिंदुवार विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने 50 किलोवाट के ऊपर हाईटेंशन लाइन पर कनेक्शन लेने के दौरान 'क्यूबिक इंफ्रास्ट्रक्चर' व ट्रांसफार्मर की व्यवस्था उपभोक्ता के स्तर पर किए जाने के प्रस्ताव पर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

## वुजूखाने का सर्वे करने की मांग को लेकर पूरक हलफनामा दाखिल

**विदि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में स्थित कथित वुजूखाने का एएसआई सर्वे कराने के मामले में मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष की ओर से एक वादी लक्ष्मी देवी की सर्वे की मांग वाली याचिका की कॉपी दाखिल करने के लिए याची श्रीमती राखी सिंह की ओर से एक पूरक हलफनामा दाखिल किया गया है। मुस्लिम पक्ष की तरफ से भी जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ के समक्ष हुई और कोर्ट ने मामले को आगामी 22 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध कर दिया। श्रृंगार गौरी के मुख्य वादी श्रीमती राखी सिंह ने जिला अदालत, वाराणसी के आदेश को चुनौती देते हुए वर्तमान सिविल पुनरीक्षण याचिका दाखिल की।

## नहीं बढ़ी संपत्ति का ब्योरा देने की तारीख, अब कार्रवाई तय

- **39 हजार सरकारी कर्मचारियों का रुकेगा सितंबर माह का वेतन**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

**अमृत विचार:** राज्य सरकार संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक न करने वाले कर्मचारियों को नोटिस देने के साथ उनका सितम्बर माह का वेतन रोक लेगी। उप्र. के 39 हजार कर्मचारी ऐसे रहे जिन्होंने अपनी संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर अंतिम दिन 30 सितंबर को भी अपलोड नहीं किया। इस बार आगे के लिए मोहलत भी नहीं दी गई है। सरकार ने उनकी वेतन रोकने का निर्णय लिया है। फिलहाल, 827583 में से 7 लाख 88 हजार 506 कर्मचारियों ने ही जानकारी अपडेट की है। यानी 39077 कर्मचारियों ने संपत्ति का ब्योरा नहीं दिया।

दरअसल, उप्र. के 131748 यानी 15 फीसदी कर्मचारी 17 अगस्त को आदेश जारी होने से पहले ही संपत्ति की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर चुके थे। 31 अगस्त तक यह आंकड़ा बढ़कर 71 फीसदी हो गया।

अगस्त में जिन 29 फीसदी कर्मचारियों ने संपत्ति का ब्योरा नहीं दिया था, उनका वेतन रोकने का आदेश जारी हुआ था। लेकिन गृह विभाग की मांग पर एक माह की मोहलत और दी गई थी। इसके बाद भी 39 हजार कर्मचारियों ने इस बाबत जानकारियां पोर्टल पर नहीं अपडेट कीं।




## शिक्षामित्र-संविदा कर्मियों की हो सकती है वेतन वृद्धि

**लखनऊ, अमृत विचार:** राज्य सरकार शिक्षामित्र, रसोइये, आंगनबाड़ी कार्यकत्री और संविदा एवं आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे शिक्षा कर्मियों के मानदेय अथवा वेतन में बढोत्तरी करने पर विचार कर रही है।

इसके तहत बेसिक शिक्षा विभाग के दफ्तरों एवं स्कूलों से मानदेय, संविदा, आउटसोर्सिंग एवं दैनिक वेतन पर काम करने वाले शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों का ब्योरा तलब किया गया है।

दरअसल, केन्द्र सरकार ने पिछले माह अलग-अलग श्रेणी के श्रमिकों के दैनिक वेतन में वृद्धि करने की घोषणा की है। चूंकि कोर्ट के आदेश पर राज्य सरकार का भी प्रदेश के शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों के साथ समझौता है कि केन्द्र के समान ही राज्य सरकार के सरकारी शिक्षक एवं कर्मचारियों के साथ-साथ सरकारी उपक्रमों में कार्य करने वाले को भी वेतन भत्ता आदि दिया जाएगा। ऐसे में सेन्ट्रल पैरिटी की नीति अपनाते हुए शासन ने प्रदेश में नियमित के साथ मानदेय एवं संविदा पर कार्य कर रहे शिक्षक एवं अन्य कर्मियों के अलावा आउटसोर्सिंग एवं दैनिक वेतन पर कार्य करने वाले शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों जिनमें आंगनवाड़ी कात्री तथा रसोइये भी शामिल हैं।


### वर्ग पहेली-209

**बाएं से दाएं**

2. जंगली भैंसा, वन्य पशु।
4. 1. हित या भलाई के विचार से किया गया कथन, हितवचन 2. वह विचारधारा जो हित
6. 1. यक्ष की स्त्री 2. यक्षिणी 3. दुर्गा की एक अनुचरी।
7. पान बेचने वाला व्यक्ति, पनवाड़ी, बरई, तंबोली।

**ऊपर से नीचे**

1. किसी विषय पर एक राय रखने वाले, समान विचार वाले, सहमत।
2. सूर्योदय के पहले का समय जब आसमान में लाली छा जाती है, उषाकाल, भोर, तड़का।
3. हस्तिनापुर का एक नाम।
4. 1. हिफ़ाज़त संबंधी 2. हिफ़ाज़त या रक्षा करने वाला।
5. 1. गहरा, बेहद करीबी, अंतरंग (मित्र) 2. जिगर संबंधी, जिगर का 3. हार्दिक, दिली 4. अभिन्न, घनिष्ठ।



### वर्ग पहेली-208 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बो | | | 2 अ | | 3 ना |
| ड़ा | | 4 अ | भि | रा | म |
| | | | वं | | ची |
| 5 ऐ | | | चि | | न |
| 6 त | बी | य | त | | |
| बा | | | | | 7 छाँ |
| 8 र | हा | ई | | | टा |

### झांसी के पास केरल एक्स. दुर्घटनाग्रस्त होने से बची

**ललितपुर, एजेंसी :** ललितपुर में केरल एक्सप्रेस बड़े हादसे का शिकार होते-होते बच गयी। ट्रेन के कुछ डिब्बे टूटी पटरी के ऊपर से गुजर गये जिसका पता लगते ही चालक ने आपातकालीन ब्रेक लगा दिए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। घटना सोमवार दोपहर की है जब तिरुवनंतपुरम सेंट्रल से नई दिल्ली जाने वाली केरल एक्सप्रेस मध्यप्रदेश के बीना स्टेशन से रवाना होकर अगले स्टेशन उत्तर प्रदेश के झांसी की तरफ बढ़ रही थी। अधिकारी ने बताया कि ट्रेन के दैलवारा से ललितपुर के बीच गुजरने के दौरान कुछ रेलकर्मी पटरी की मरम्मत का काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि रेलकर्मियों ने लाल झंडी दिखाकर ट्रेन को रोकने की कोशिश की लेकिन उसके कुछ डिब्बे टूटी पटरी से गुजर गये।

# परिस्थितियों में बदलाव के कारण शादी के वादे का उल्लंघन दुष्कर्म नहीं:हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले पर विचार करते हुए कहा कि शादी का हर वादा सहमति से यौन संबंध बनाने के लिए पीड़िता को गुमराह करने के तौर पर किया गया हो, यह जरूरी नहीं है, जब तक यह सिद्ध न हो जाए कि शादी का ऐसा वादा रिश्ते की शुरुआत से ही आरोपी की ओर से झूठा था।

मौजूदा मामले में शुरुआत में सद्भावना के साथ विवाह का वादा किया गया, लेकिन बाद में परिस्थितियां बदलने पर पक्षकारों के संबंध बिगड़ने के कारण वादे का उल्लंघन हुआ, जो मायने नहीं रखता।



वादे के ऐसे उल्लंघन को शारीरिक संबंध स्थापित करने की सहमति प्राप्त करने के लिए गलतफहमी के रूप में नहीं माना जा सकता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की एकलपीठ ने श्रेय गुप्ता की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया।

वर्तमान मामले में शिकायतकर्ता सक्षम आयु वर्ग से संबंधित है जो ऐसे शारीरिक संबंधों के जोखिम को समझती है, क्योंकि विवाह और विवाह के वादे में बहुत अंतर होता है और वह इस अंतर को समझ पाने में पूर्ण सक्षम है। इसके बावजूद उसने अपने बेटों की उम्र के बराबर याची के साथ शारीरिक संबंध बनाए। महिला खुद अपने पति की लंबी बीमारी और मृत्यु के बाद याची के साथ शारीरिक संबंध बनाने की इच्छुक थी। कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि याची महिला के पति के व्यवसाय में कर्मचारी था। आर्थिक निर्भरता होने के कारण महिला ने याची को गैर कानूनी रिश्ते में प्रवेश करने के लिए बहकाया और मजबूर किया, इसलिए आईपीसी की धारा 375 के तहत यहां कोई मामला नहीं बनता है।

### शामली में एक्सिस बैंक की शाखा से 40 लाख की लूट

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी :** शामली जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित एक्सिस बैंक की शाखा से असलहे से लैस एक बदमाश ने मंगलवार को 40 लाख रुपये लूट लिए। शामली के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रामसेवक गौतम ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज और बैंक कर्मियों से पूछताछ के आधार पर मामले की जांच कर रही है। एक्सिस बैंक की उक्त शाखा के प्रबंधक नवीन जैन के अनुसार एक नकाबपोश युवक उनके कमरे में दाखिल हुआ और उन्हें बंदूक दिखाकर 40 लाख रुपये की नकदी लाने को कहा। जैन ने बताया, कि नकाबपोश ने मुझे नकदी न देने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रबंधक के अनुसार किसी भी कर्मचारी और गार्ड ने लुटेरे को नहीं रोका, क्योंकि युवक ने धमकी दी है कि वह आत्महत्या कर लेगा या बैंक प्रबंधक को मार देगा।

### सुडोकू-122

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 1 | | 5 | 6 | | | 8 |
| 3 | | | | | 2 | | 4 | |
| | | 8 | | | | 3 | | |
| 5 | | | | 9 | | 1 | | 2 |
| | 6 | 3 | | | | 7 | 8 | |
| 1 | | 2 | | 3 | | | | 5 |
| | | 4 | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | | | | 6 |
| 6 | | | 7 | 4 | | 8 | 2 | |

### सुडोकू - 121 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 4 | 2 | 1 | 3 | 7 |
| 8 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 4 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 3 अक्टूबर 00.18 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष** – आज आप उत्सव के मूड में रहेंगे। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों के ऊपर से काम का तनाव कम होगा। भविष्य की योजनाओं में आप निवेश कर सकते हैं। नए लक्ष्यों को निर्धारित करेंगे और उसमें काम भी करेंगे।

**वृष** – आज परिजनों का व्यवहार आपको खराब लग सकता है। इसके बावजूद भी आप लोगों का मनोबल बढ़ाने में काफी मदद कर सकते हैं। करियर को लेकर बड़े निर्णय लेने से बचें। फिर नकारात्मक विचारों में मन में न आने दें।

**मिथुन** – आज व्यवसाय में धीमेपन को लेकर थोड़ा चिंतित हो सकते हैं। माता-पिता से सलाह लेकर काम करना उत्तम होगा। बोलचाल के दौरान भाषा की मर्यादा का ध्यान रखें। अनावश्यक बोलने के कारण मजाक का पात्र बन सकते हैं।

**कर्क** – आज कई दिनों से जिस मामले को लेकर अनिर्णय की स्थिति में थे, उसको लेकर निष्कर्ष में पहुंच सकते हैं। कारोबार में आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकार बढ़ेंगे। मानसिक तनाव में कमी आएगी।

**सिंह** – आज किसी आवश्यक कार्य के पूर्ण न होने से आप क्रोधित हो सकते हैं। धन उधार लेना आपको महंगा पड़ सकता है। अधिकारी वर्ग को आपके काफी अपेक्षा होगी। कारोबार को लेकर आपका अनुमान पूरी तरह से गलत सिद्ध हो सकता है।

**कन्या** – आज दैनिक दिनचर्या काफी उलझी हुई सी प्रतीत होगी। स्वास्थ्य को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। जीवनसाथी आपके प्रति समर्पित भाव रखेगा। कोई उलझा हुआ मामला सुलझ सकता है। मित्रों से शुभ सूचना मिल सकती है।

**तुला** – आज लोग आपके सही कार्यों का भी विरोध करेंगे। मित्रों के प्रति अविश्वास उत्पन्न हो सकता है। किसी पर भी ज्यादा भरोसा करना घातक हो सकता है। यदि किसी प्रोग्राम का आयोजन कर रहे हैं तो बहुत ज्यादा सावधानी रखें।

**वृश्चिक** – आज रुके कार्यों में गति आएगी। भावनात्मक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों अपनी कूटनीति से विरोधियों को पस्त कर देंगे। छात्र नए विषयों के अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में नए अनुभव मिलेंगे।


**धनु** – आज जॉब में काम का दबाव अधिक रहेगा। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे। आपके ऊपर सामाजिक उत्तरदायित्व बढ़ने वाला है। व्यवसाय में पारदर्शिता रखें। आपको जो काम सोच रहे थे वो समय से पूरा हो जाएगा।

**मकर** – आज अपनी दिनचर्या में योग और व्यायाम को शामिल करें। आय के नए साधन तलाशने का प्रयास करेंगे। नए व्यापार की योजना बना सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस लौटाने का दबाव बन सकता है। अपने अंतर्मन की आवाज को अनसुना न करें।

**कुंभ** – आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में आप योगदान दे सकते हैं। व्यवसाय में फाइनेंस को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। ऑफिस में जूनियर्स की बातों से मन व्यथित होगा।

**मीन** – आज व्यापार में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। पार्टनर्स के व्यवहार को लेकर जो समस्या थी उसे चर्चा द्वारा दूर कर लेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से शानदार सहयोग मिलेगा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 12.23 तक तत्पश्चात हस्त।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
- संसार — सुबह : 09.08
- सोच न था — रात : 07.19

&pictures
- केदारनाथ — सुबह : 11.19
- गदर — रात : 07.30

SONY PIX
- वेनम — सुबह : 10.17
- द डार्क नाइट — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- हम साथ साथ हैं — दोपहर : 01.09
- हीरो हिन्दुस्तानी — रात : 10.30

colors CINEPLEX
- स्पाइडर मैन 2 — सुबह : 11.03
- टाइगर नागेश्वर राव — रात : 07.58

#### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली- तुम्हारी उम्र क्या है?
हाथी -पांच साल
बिल्ली-लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो!
हाथी-आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली- 25 साल
हाथी- लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली- झंडू केसरी जीवन, बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला- मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति- बस एक
बीवी- हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन – तुलसी 2475, राज श्री 1840, फ़ॉर्चून कि. 2195, रविन्द्रा 2400, फॉर्चुन ली. 2015, जय जवान 1930, सचिन 2060, सूरज 1955, अवसर 2090, राग गोल्ड 2160, गृहणी ली 2020, क्लासिक (किलो) 2100, मोर 2125, चक्र टिन 2245, ब्लू 2190, आशीर्वाद मस्टर्ड 2320, स्वास्तिक 2445 । किराना– ( प्रतिकु. ) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000–22000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 । चावल– ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7050, हरी पत्ती ( 1किलो, 5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन– मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700–13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, चना काला 8850, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12700, मोटा हीरा 14700, अरहर गोला मोटा 13000, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी– डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी 4040 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
| --- | --- |
| गोल्ड ( पक्के जेवर ) | 77700 |
| गोल्ड ( गिन्नी जेवर ) | 76700 |
| सिल्वर ( पक्की ) | 910 ( अनुमानित ) |

# मुनाफाखोरी पर रोक से जुड़े उपबंध खत्म करेगी सरकार

## जीएसटी मुनाफा रोधी व्यवस्था एक अप्रैल 2025 से नहीं रहेगी प्रभावी

- जीएसटी दर में कटौती का लाभ नहीं देने वाली कंपनियों की शिकायत दर्ज नहीं कर पाएंगे उपभोक्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

जीएसटी मुनाफा-रोधी व्यवस्था एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी नहीं रहेगी। सरकार ने जीएसटी कानून में मुनाफाखोरी पर रोक से जुड़े उपबंध खत्म करने को अधिसूचित की है। अधिसूचना का मतलब है कि उपभोक्ता एक अप्रैल, 2025 से जीएसटी दर में कटौती का लाभ नहीं देने वाली कंपनियों के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं कर पाएंगे।

सरकार के जीएसटी नीति प्रकोष्ठ ने एक और अधिसूचना में कहा कि साथ ही एक अक्टूबर से मुनाफाखोरी-रोधी प्रावधानों के तहत सभी लंबित शिकायतों का भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के बजाय जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) की प्रधान पीठ निपटान करेगी। ये अधिसूचनाएं जीएसटी परिषद की सिफारिशों के अनुरूप हैं। परिषद ने 22 जून को 53वीं बैठक में मुनाफाखोरी-रोधी उपबंध खत्म करने तथा मुनाफाखोरी-रोधी मामले जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की प्रधान पीठ द्वारा देखने के लिए केंद्रीय जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 171 और धारा 109 में संशोधन करने की सिफारिश की थी।

### सकल जीएसटी संग्रह 6.5% बढ़कर 1.73 लाख करोड़

नई दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का सितंबर महीने में सकल संग्रह सालाना आधार पर 6.5% बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले साल की समान अवधि में सकल जीएसटी संग्रह 1.63 लाख करोड़ रहा था। अगस्त, 2024 में जीएसटी संग्रह 1.75 लाख करोड़ था। सितंबर में घरेलू कर राजस्व 5.9% बढ़कर 1.27 लाख करोड़ हो गया। वहीं माल के आयात से प्राप्त राजस्व 8% बढ़कर 45,390 करोड़ हो गया। आलोच्य अवधि में जीएसटी विभाग की तरफ से 20,458 करोड़ के रिफंड जारी किए गए जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 31% अधिक है। रिफंड को समायोजित करने के बाद सितंबर में शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.53 लाख करोड़ रहा। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3.9% अधिक है।

# ईटीएफ : निवेश का लचीला और विविधीकृत विकल्प

ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) एक प्रकार का वित्तीय उत्पाद है जो स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड करता है। यह निवेशकों को स्टॉक्स, बॉण्डस, या कमोडिटीज के मिश्रण में निवेश करने का अवसर देता है, जिससे वे एक विविधीकृत पोर्टफोलियो बना सकते हैं। ईटीएफ की खासियत यह है कि इसे स्टॉक की तरह किसी भी समय खरीदा और बेचा जा सकता है। इसके साथ ही, यह म्यूचुअल फंड्स की तुलना में कम लागत और अधिक पारदर्शिता प्रदान करता है। हालांकि, ईटीएफ में बाजार जोखिम और ट्रैकिंग एरर जैसे जोखिम होते हैं, जिनका ध्यान निवेशकों को रखना चाहिए। आइये इसके कुछ मुख्य बिन्दुओं पर गौर किया जाए …

### प्रकार

- **इक्विटी :** ये स्टॉक्स या शेयरों में निवेश करते हैं। इन्हें बाजार के किसी इंडेक्स जैसे निफ्टी या सेंसेक्स के आधार पर डिजाइन किया जाता है।
- **बॉण्ड :** ये सरकारी या कॉर्पोरेट बॉण्ड में निवेश करते हैं।
- **कमोडिटी :** इनका निवेश किसी विशेष कमोडिटी जैसे गोल्ड, सिल्वर या अन्य धातुओं में होता है।
- **अंतर्राष्ट्रीय :** ये किसी दूसरे देश के शेयरों या इंडेक्स में निवेश करते हैं।

### निवेश के फायदे

- **लिक्विडिटी :** आप इसे बाजार के कामकाजी घंटों के दौरान कभी भी खरीद और बेच सकते हैं।
- **कम लागत :** ईटीएफ में मैनेजमेंट फीस अक्सर म्यूचुअल फंड्स से कम होती है।
- **विविधता :** एक ही ईटीएफ में विभिन्न प्रकार के स्टॉक्स, बॉन्ड्स या कमोडिटी में निवेश किया जा सकता है, जिससे जोखिम कम होता है।



### जोखिम

- **बाजार :** ईटीएफ बाजार में मौजूद कई एसेट्स (स्टॉक्स, बॉण्ड्स, कमोडिटीज़) के प्रदर्शन पर निर्भर होते हैं। अगर बाजार में गिरावट होती है, तो ईटीएफ में भी गिरावट आ सकती है।
- **ट्रैकिंग एरर :** ईटीएफ का उद्देश्य किसी विशेष इंडेक्स या एसेट क्लास को ट्रैक करना होता है, लेकिन कई बार ईटीएफ इंडेक्स से मेल नहीं खा पाता। इसे ट्रैकिंग एरर कहा जाता है। यह इंडेक्स और ईटीएफ में अंतर पैदा करता है।
- **कम लिक्विडिटी :** कुछ ईटीएफ, विशेष रूप से छोटे या कम लोकप्रिय ईटीएफ, में लिक्विडिटी की कमी होती है। इसका मतलब उन्हें आसानी से खरीदा या बेचा नहीं जा सकता, और ऐसे में आपको वांछित मूल्य पर बिक्री या खरीदने में कठिनाई हो सकती है।
- **कॉन्ट्रैक्ट :** कुछ ईटीएफ (जो डेरिवेटिव्स का प्रयोग करते हैं) में जोखिम होता है कि अगर कोई तीसरा पक्ष अपने अनुबंध को पूरा नहीं कर पाता है, तो ईटीएफ प्रभावित होता है।
- **कर :** कुछ देशों में ईटीएफ से होने वाले लाभ पर टैक्स अलग है, जो निवेशकों के लिए जोखिम हो सकता है।
- **कमोडिटी :** किसी ईटीएफ का आधार कमोडिटी (जैसे सोना या तेल) है, तो इसका मूल्य उनकी कीमतों में उतार–चढ़ाव पर बदल सकता है।
- **मुद्रा :** यदि ईटीएफ विदेशी एसेट या मार्केट्स में निवेश करता है, तो इस पर मुद्रा विनिमय दरों में बदलाव का असर पड़ता है।

## सेबी से 13 कंपनियों ने मांगी आईपीओ की मंजूरी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में जारी तेजी के बीच कंपनियां कोष जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की होड़ में हैं। सेबी से एक ही दिन में 13 कंपनियों ने आईपीओ की मंजूरी मांगी हैं। अगर मंजूरी मिली तो ये 8,000 करोड़ जुटाएंगी। विक्रम सोलर, आदित्य इन्फोटेक, वरिंदरा कंस्ट्रक्शंस, अजाक्स इंजीनियरिंग, राही इंफ्राटेक, विक्रान इंजीनियरिंग, मिडवेस्ट, विनी कॉरपोरेशन, सम्भव स्टील ट्यूब्स, जारो इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड रिसर्च, ऑल टाइम प्लास्टिक्स लि., स्कोडा ट्यूब्स और डेव एक्सेलरेटर ने आवेदन किया हैं।

## मौद्रिक नीति समिति का सरकार ने किया पुनर्गठन

- राम सिंह, सौगत भट्टाचार्य, नागेश कुमार बाहरी सदस्य नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने नीतिगत दर तय करने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का मंगलवार को पुनर्गठन किया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि राम सिंह, सौगत भट्टाचार्य और नागेश कुमार को एमपीसी का नया बाहरी सदस्य बनाया गया है। सरकार ने रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत मौद्रिक नीति समिति के पुनर्गठन को अधिसूचित किया है। पुनर्गठन के तहत दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स के निदेशक प्रो. राम सिंह, अर्थशास्त्री सौगत भट्टाचार्य और नई दिल्ली स्थित औद्योगिक विकास अध्ययन संस्थान के निदेशक और मुख्य कार्यपालक डॉ. नागेश कुमार इसके बाह्य सदस्य हैं। एमपीसी के प्रमुख भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर हैं। समिति की पहली बैठक सात से नौ अक्टूबर को होनी है। गवर्नर दास नौ अक्टूबर को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा करेंगे।

## क्लस्टर विकास का दृष्टिकोण अपनाएं : वित्तमंत्री

ईटानगर, एजेंसी



- अरुणाचल प्रदेश की सरकार को सीतारमण ने दिया सलाह

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश की सरकार को सलाह दी कि वह राज्य में सूक्ष्म व लघु उद्यमों (एमएसई) की उत्पादकता तथा प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के साथ क्षमता निर्माण के लिए क्लस्टर विकास दृष्टिकोण को अपनाए। भारतीय स्टेट बैंक के ऋण पहुंच कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अरुणाचल में आज तक एमएसएमई मंत्रालय द्वारा घोषित औद्योगिक क्लस्टर (संकुल) नहीं है।

वित्त मंत्री ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री पेमा खांडू से अनुरोध करती हूं कि वे राज्य में 20 जीआई-चिह्नित उत्पादों के लिए क्लस्टर विकास का दृष्टिकोण अपनाएं। छोटे स्थानों पर ऐसे क्लस्टर, मंत्रालय द्वारा घोषित किए जा सकते हैं और ऐसे उद्यमों को वित्तपोषित करने को भारतीय लघु औद्योगिक विकास बैंक को जोड़ा जा सकता है। सीतारमण ने कहा कि ऋण पहुंच कार्यक्रम के जरिये पीएम स्वनिधि, स्टैंड-अप इंडिया, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मुद्रा, एनआरएलएम-एसएचजी, पीएम सूर्य घर और पीएमईजीपी जैसी योजनाएं शुरू हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बैंक ऋण के जरिये लाभ पहुंचाने के लिए 17 योजनाएं शुरू की हैं, जिनके लिए गारंटी की जरूरत नहीं है।

### क्या है क्लस्टर

क्लस्टर उद्यमों का समूह है जो जहां तक संभव हो समीपस्थ क्षेत्र में स्थित होते हैं। यह एक समान तथा समान उत्पादों व सेवाओं का उत्पादन करता है। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने एमएसई को अधिक प्रतिस्पर्धी और उत्पादक बनाने में मदद करने के लिए क्लस्टर विकास दृष्टिकोण अपनाया है। इसमें एमएसई की वृद्धि तथा स्थिरता का समर्थन करने के लिए सामान्य सुविधा केंद्र स्थापित करना शामिल है।

## खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में मामूली बढ़कर 2.44% पर

**नई दिल्ली।** औद्योगिक कर्मचारियों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में मामूली बढ़कर 2.44% रही। इससे पिछले महीने जुलाई में यह 2.15% थी। श्रम मंत्रालय के अनुसार, अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-औद्योगिक श्रमिक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) इस साल अगस्त में 0.1 अंक घटकर 142.6 अंक रहा। इस साल जुलाई में सीपीआई-आईडब्ल्यू 142.7 था।

इसमें कहा गया है कि मुद्रास्फीति अगस्त, 2024 में सालाना आधार पर 2.44% रही, जबकि अगस्त, 2023 में यह 6.91 प्रतिशत थी। श्रम और रोजगार मंत्रालय का संबद्ध कार्यालय श्रम ब्यूरो देश के औद्योगिक रूप से महत्वपूर्ण 88 केंद्रों में फैले 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा कीमतों के आधार पर हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संकलित करता है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### टाइटलर की याचिका पर 29 नवंबर को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह जगदीश टाइटलर की उस याचिका पर 29 नवंबर को सुनवाई करेगा जिसमें कांग्रेस नेता ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान उत्तरी दिल्ली के पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की हत्या से संबंधित एक मामले में उनके खिलाफ हत्या और अन्य अपराधों के लिए आरोप तय किए जाने को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने मामले की संक्षिप्त सुनवाई के बाद टाइटलर के अधिवक्ता से कुछ गवाहों के बयान फाइल करने को कहा जो रिकॉर्ड में नहीं हैं।

### बाढ़ प्रभावित 14 राज्यों को 5,858 करोड़ रुपये जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य आपदा मोचन कोष से 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को 5,858.60 करोड़ जारी किए हैं। महाराष्ट्र को 1,492, आंध्र प्रदेश को 1,036, असम को 716, बिहार को 655.60, गुजरात को 600, हिमाचल को 189.20, केरल को 145.60, मणिपुर को 50, मिजोरम को 21.60, नागालैंड को 19.20, सिक्किम को 23.60, तेलंगाना को 416.80, त्रिपुरा को 25 और प. बंगाल को 468 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

### राम रहीम को मिली 20 दिन की पैरोल

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को 20 दिन की पैरोल दे दी है। इस अवधि में उस पर चुनावी गतिविधियों में भाग लेने तथा हरियाणा में प्रवेश पर रोक होगी। राम रहीम ने विधानसभा चुनाव से पहले पैरोल की अर्जी दी थी। आचार संहिता लागू होने से पैरोल अर्जी चुनाव विभाग को भेजा गया था। डेरा प्रमुख ने कहा था कि पैरोल मिलने पर वह उत्तर प्रदेश के बागपत में रहने का इच्छुक है। कोर्ट ने सिंह को दो शिष्याओं से दुष्कर्म का दोषी करार देते हुए जेल की सजा सुनाई थी।

# वांगचुक हिरासत में, अनिश्चितकालीन अनशन शुरू

## लद्दाख के लिए छठी अनुसूची में दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर दिल्ली की ओर कर रहे थे मार्च

नई दिल्ली, एजेंसी

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और दिल्ली सीमा पर हिरासत में लिये अन्य लोगों ने मंगलवार को उन पुलिस थानों पर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया जहां उन्हें रखा गया है। इनको उस समय हिरासत में लिया गया जब वे लद्दाख के लिए छठी अनुसूची में दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर राजधानी की ओर मार्च कर रहे थे।

वांगचुक एक महीने पहले लेह से शुरू हुई दिल्ली चलो पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे है। उन्हें और लद्दाख के 120 लोगों को सोमवार रात हिरासत में लिया गया। पदयात्रा का आयोजन लेह एपेक्स बॉडी ने किया था, जो करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ मिलकर चार साल से लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और इसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने, लद्दाख को लोक सेवा आयोग के साथ शीघ्र भर्ती शुरू करने और लेह एवं करगिल जिलों के लिए अलग लोकसभा सीटों की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है। पुलिस के अनुसार, वांगचुक व अन्य को निषेधाज्ञा के उल्लंघन में हिरासत में लिया गया और उन्हें बवाना, नरेला औद्योगिक क्षेत्र और अलीपुर सहित विभिन्न पुलिस थानों में ले जाया गया।



दिल्ली चलो पदयात्रा के दौरान पुलिस हिरासत में सोनम वांगचुक।

### वांगचुक की हिरासत अलोकतांत्रिक, अस्वीकार्य : विपक्ष

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक तथा कई अन्य लद्दाख वासियों को हिरासत में लिए जाने की आलोचना करते हुए मंगलवार को कहा कि इस अलोकतांत्रिक कार्रवाई को स्वीकार नहीं किया जा सकता। राहुल गांधी ने एक्स पर कहा कि संवैधानिक अधिकारों के लिए शांतिपूर्वक मार्च कर रहे सोनम और लद्दाख के लोगों को हिरासत में लिया जाना अस्वीकार्य है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर कहा कि सत्ता के नशे में चूर मोदी सरकार ने यह कायरतापूर्ण कार्रवाई की है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सोनम वांगचुक की यात्रा को बाधित करके कुछ हासिल नहीं कर सकती। आप नेता अरविंद केजरीवाल ने कहा कि निहत्थे लोगों से आखिर क्या डर है? दिल्ली आने से कभी किसानों तो कभी लद्दाख के लोगों को रोकते हैं। क्या दिल्ली किसी की बपौती है?

### सोनम को हिरासत में लेने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक और कई अन्य को हिरासत में लिये जाने के खिलाफ मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ता के वकील ने मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष मामले को सूचीबद्ध करने का उल्लेख किया। अदालत ने मामले को मंगलवार को सूचीबद्ध करने से इनकार करते हुए इस बात पर सहमति व्यक्त की कि यदि अपराह्न साढ़े तीन बजे तक उसके काम की स्थिति सामान्य होती है तो मामले को तीन अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

# संविधान पर हमला कर रही है मोदी सरकार : राहुल गांधी

सोनीपत, एजेंसी



- विधानसभा चुनाव से पहले सोनीपत की जनसभा में कांग्रेस नेता बोले- केंद्र सरकार कुछ अरबपतियों के लिए कर रही काम

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर संविधान पर हमला करने का आरोप लगाते हुए बेरोजगारी, अग्निपथ योजना और किसानों के कल्याण सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार की आलोचना की। पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए सोनीपत की जनसभा में गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार देश के कुछ चुनिंदा अरबपतियों के लिए काम कर रही है।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अग्निपथ योजना सैनिकों की पेंशन, कैंटीन की सुविधा और उन्हें मिलने वाले शहीद के दर्जे को चुराने' का तरीका है। पहले सार्वजनिक क्षेत्र में सरकारी कारखाने हुआ करते थे, इनका निजीकरण कर दिया गया। जहां भी देखो अडाणी और अंबानी ही नजर आते हैं। गांधी ने आरोप लगाया कि जवानों की पेंशन चुराने के पीछे का मकसद अडाणी जैसी बड़ी कंपनी के पीछे के गौतम अडाणी को रक्षा बजट सौंपना था। कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं मोदी से पूछना चाहता हूं कि जब आपके मित्र अडाणी के मुंद्रा बंदरगाह से हजारों किलो हेरोइन जब्त की गई थी तो आपने क्या कार्रवाई की। संविधान की प्रति हाथ में लिए गांधी ने कहा कि गरीबों, दलितों, किसानों और पिछड़े वर्गों के पास जो कुछ भी है वह इसी की बदौलत है। उन्होंने उपस्थित लोगों के समक्ष संविधान की प्रति दिखाते हुए आरोप लगाया कि भाजपा 24 घंटे संविधान पर हमला करती है।

# सावरकर पर टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी को समन जारी

मुंबई,एजेंसी

- नासिक की अदालत ने मानहानि के मामले पर की सुनवाई

महाराष्ट्र के नासिक जिले की एक अदालत ने हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि के मामले में उन्हें समन जारी किया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नासिक, दीपाली परिमल केडुस्कर ने 27 सितंबर को गांधी को इस संबंध में एक नोटिस जारी किया, जिसमें कहा गया है कि एक देशभक्त व्यक्ति के खिलाफ दिया गया बयान प्रथम दृष्टया अपमानजनक प्रतीत होता है। गांधी को मामले की अगली तारीख पर व्यक्तिगत रूप से या अपने कानूनी प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होना होगा, जिस पर अभी निर्णय होना बाकी है। शिकायतकर्ता एक गैर सरकारी संगठन के निदेशक हैं। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उन्होंने हिंगोली में गांधी द्वारा संबोधित सम्मेलन और 2022 में दिए गए भाषण को सुना और देखा है।

## एनआईए ने बंगाल में 12 जगह पर मारे छापे

**कोलकाता।** एनआईए ने माओवादियों से जुड़े लोगों के कोलकाता समेत प. बंगाल में 12 जगहों पर मंगलवार को एक साथ छापे मारे। सूत्र ने बताया कि दो महिलाओं और उनके सहयोगियों के माओवादियों के साथ कथित संबंधों में दक्षिण कोलकाता के नेताजी नगर इलाके के साथ उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी, बैरकपुर और सोदेपुर, पश्चिम बर्धमान जिले के आसनसोल और पश्चिम बंगाल के कई अन्य स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं। इन महिलाओं ने पूर्वी भारत में माओवादी नेटवर्क फैलाने के लिए उन्हें भेजे गए धन का कथित तौर पर इस्तेमाल किया।

# सिद्धारमैया ने धनशोधन के मामले पर सवाल उठाए

बेंगलुरु, एजेंसी

- बोले- एमयूडीए में इसके प्रावधान लागू नहीं होते, किस आधार पर ईडी ने किया मामला दर्ज



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को ईडी के धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने पर सवाल उठाया और कहा कि मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले में इसके प्रावधान लागू नहीं होते। सिद्धारमैया ने कहा कि मुझे नहीं पता कि यह किस आधार पर धन शोधन का मामला है।

संभवतः आपको भी ऐसा ही लगता होगा। मेरे हिसाब से, यह धन शोधन का मामला नहीं बनता क्योंकि ली गई जमीन के बदले में भूखंड दिया गया था, तो यह धन शोधन का मामला कैसे है? सोमवार को ईडी ने सिद्धारमैया के खिलाफ एमयूडीए की ओर से उनकी पत्नी को 14 भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितताओं को लेकर मामला दर्ज किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस्तीफा देने की जरूरत नहीं है। सिद्धारमैया की पत्नी ने सोमवार को एमयूडीए को पत्र लिखकर 14 भूखंडों का स्वामित्व और कब्जा छोड़ने की पेशकश की और कहा कि उनके लिए कोई भी भूखंड उनके पति और मानसिक शांति से बढ़कर नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोई किसी चीज को छोड़ने का फैसला करता है कि वह विवाद नहीं चाहता, तो यह अपराध या कबूलनामा कैसे हो सकता है?

### लोकायुक्त पुलिस ने भूमि का किया सर्वेक्षण

**मैसूरु।** भूखंड आवंटन की जांच कर रही लोकायुक्त पुलिस की टीम ने मंगलवार को उस भूमि का सर्वेक्षण किया, जिसके बदले में 14 भूखंड अवैध रूप से सिद्धारमैया की पत्नी को आवंटित हुए थे। भूमि सर्वेक्षण के दौरान विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी, सर्वेक्षक और एमयूडीए के नगर नियोजन सदस्य भी लोकायुक्त टीम के साथ थे।

## टीएमसी नेता घोष की जमानत पर लें निर्णय

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कोलकाता की विशेष अदालत को टीएमसी नेता कुंतल घोष की जमानत पर शीघ्र निर्णय करने का आदेश दिया। घोष को प. बंगाल स्कूल भर्ती-रिश्वत कांड से जुड़े धन शोधन के एक मामले में पिछले साल जनवरी में गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई और ईडी शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रहा है। आरोप है कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कुछ (आरोपी) नेताओं द्वारा 2014 से 2021 के बीच, शिक्षक बनने के आंकांक्षियों और राज्य सरकार संचालित स्कूलों के गैर शिक्षण कर्मियों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की उगाही की गई।

# मां की हत्या कर अंग खाने के दोषी की मौत की सजा बरकरार

मुंबई, एजेंसी

- बंबई हाईकोर्ट ने कहा- ये नरभक्षी है, उम्रकैद दी तो ये यही करेगा

बंबई हाईकोर्ट ने 2017 में मां की हत्या कर अंगों को कथित तौर पर खाने को लेकर कोल्हापुर की अदालत द्वारा दोषी को दी मौत की सजा मंगलवार बरकरार रखी। कोर्ट ने कहा कि यह नरभक्षी है, सुधरने वाला नहीं, अगर उम्रकैद दी तो ये यही करेगा।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि दोषी सुनील कुचकोरवी की फांसी की सजा बरकरार रखी जाती है। दोषी में सुधार की संभावना नहीं है। यह मामला दुर्लभतम श्रेणी का है। दोषी ने न केवल मां की हत्या की, बल्कि उसने उसके शरीर के अंगों - मस्तिष्क, हृदय, यकृत, गुर्दे, आंत को निकाल लिया और उन्हें बर्तन में पका रहा था। उसने उसकी पसलियां पकाई थीं और उसका हृदय पकाने वाला था। पीठ ने कहा कि अगर उसे उम्रकैद दी जाती है, तो वह जेल में भी इसी तरह का अपराध कर सकता है।

## दो अरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर हाईकोर्ट नाराज

**बदलापुर मामला**

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न कांड की जांच के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाने पर मंगलवार को एसआईटी से नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने सवाल उठाया कि पुलिस, जोआमतौर पर आरोपियों को पकड़ने के लिए किसी भी हद तक चली जाती है, इस मामले में उन्हें गिरफ्तार करने में असमर्थ कैसे है। अदालत ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बदलापुर कस्बे के स्कूल में चार और पांच साल की दो बच्चियों का एक पुरुष कर्मचारी ने यौन उत्पीड़न किया था। आरोपी अक्षय शिंदे घटना के बाद गिरफ्तार हुआ था और 23 सितंबर को मुठभेड़ में वह मारा गया।

# हरियाणा में दुष्यंत और चंद्रशेखर के वाहन पर पथराव, मामला दर्ज

जींद (हरियाणा), एजेंसी

जींद जिले के उचाना विधानसभा क्षेत्र में बीती रात को चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और उत्तर प्रदेश के सांसद चंद्रशेखर आजाद की गाड़ी पर अज्ञात लोगों ने पथराव कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, घटना के वक्त नेताओं का काफिला रुका था बज यह घटना हुई, तब वाहन में कोई नहीं था। चुनाव प्रचार के लिए जा रहे चौटाला और आजाद की गाड़ी पर कुछ युवकों ने पत्थर फेंके और ध्यान भटकाने के लिए धूल मिट्टी उड़ाई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। दुष्यंत और पुलिस में बहस भी हुई। उचाना सीट से जननायक जनता पार्टी (जजपा) के दुष्यंत चौटाला प्रत्याशी हैं और चंद्रशेखर उनके समर्थन में रोड शो करने आए थे। देर शाम को इनका काफिला उचाना कलां गांव पहुंचा था।

# एक ही मामले के अलग-अलग उल्लेख की परंपरा से सीजेआई चंद्रचूड़ नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोले- वह अनुमति नहीं देंगे क्योंकि यह उनकी खुद की विश्वसनीयता को दांव पर लगाता है



प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने तत्काल सुनवाई के लिए एक ही मामले का अलग-अलग वकीलों की ओर से उल्लेख करने की परंपरा की मंगलवार को निंदा बताते हुए नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि वह इसकी अनुमति नहीं देंगे क्योंकि यह उनकी खुद की विश्वसनीयता को दांव पर लगाता है। कई बार, वकील अपने मामलों को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कराने के लिए जोखिम उठाते हैं और अधिवक्ताओं को बदलकर एक ही मामले को बार-बार अलग-अलग तारीखों पर उल्लेखित करवाते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अलग-अलग वकीलों द्वारा बार-बार उल्लेख कराने की इस परंपरा को बंद करें। आप सभी जोखिम मोल लेने की कोशिश कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश के रूप में मेरे पास जो भी थोड़ा बहुत विवेक है, उसका इस्तेमाल कभी भी आपके पक्ष में नहीं किया जाएगा, क्योंकि इस न्यायालय को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।



## दो मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया, ढाई दिन के खेल में निकाला नतीजा, अश्विन प्लेयर ऑफ द सीरीज

# टेस्ट बना टी-20, बांग्लादेश क्लीन स्वीप



बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच जीतने के बाद प्लेयर ऑफ द सीरीज़ की ट्रॉफी लेते रविचंद्रन अश्विन ।>> ● एजेंसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में भारत ने मंगलवार को बांग्लादेश को 7 विकेट से पराजित करके सीरीज 2-0 से जीत ली। टीम इंडिया ने आखिरी 2 दिन के खेल में बड़ा उलटफेर कर दिया। पहले दिन सिर्फ 116 मिनट का ही खेल हो पाया था। दूसरे व तीसरे दिन बारिश के कारण मैच रद रहा था। टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया की घरेलू मैदान पर यह 18वीं जीत है। दोनों पारी में अर्द्धशतक लगाने वाले यशस्वी जायसवाल प्लेयर ऑफ द मैच रहे, जबकि सीरीज में 114 रन बनाने वाले व 11 विकेट लेने वाले आर अश्विन को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

ग्रीनपार्क में दूसरे टेस्ट में अंतिम दिन मंगलवार को बांग्लादेश दूसरी पारी में 2 विकेट पर 26 रन से आगे खेलने उतरी। टीम अपने स्कोर में 10 रन ही जोड़ सकी थी कि पहली पारी के शतकवीर मोमिनुल हक को 2 रन पर अश्विन ने राहुल के हाथों कैच आउट कराकर टीम को तीसरी सफलता दिलायी। इसके बाद शदमान खान और कप्तान नजमुल हसन शांतो ने संभलकर खेलते हुए भारत की 52 रनों की लीड को खत्म कर चौथे विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी की। 27.2 ओवर में 91 के स्कोर पर जडेजा ने नजमुल को 19 रनों पर क्लीन बोल्ड चौथा झटका दिया। इसके बाद अर्द्धशतक पूरा कर चुके शदमान आकाशदीप की गेंद पर स्लिप में यशस्वी को कैच थमा बैठे। शदमान ने 101 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 50 रन बनाए। 93 रनों पर पांचवां विकेट गिरने के बाद स्कोर में 1 रन ही जुड़ा था कि जडेजा ने लिट्टन दास को एक रन पर क्लीन बोल्ड किया फिर शाकिब अल हसन को 9 रनों पर विकेटकीपर पंत के हाथों कैच आउट दिलवाकर टीम को सातवीं सफलता दिलायी। एक छोर संभाले मुश्तिफिकुर रहीम और मेहंदी हसन मिर्जा ने टीम का स्कोर 100 रनों के पार पहुंचाया। बुमराह ने मुश्तिफिकुर को भी क्लीन बोल्ड कर बांग्लादेश की पारी का 146 रनों पर अंत किया। मुश्तिफिकुर ने 37 रन बनाए। खालिद अहमद 5 रन बनाकर नाबाद लौटे। भारत की तरफ से बुमराह, अश्विन और जडेजा ने 3-3 विकेट झटके वहीं 1 विकेट आकाशदीप को मिला।

दूसरी पारी में 95 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया को शुरुआती झटका कप्तान रोहित शर्मा के रूप में 18 रनों पर लगा। रोहित 8 रन बनाकर मेहंदी हसन की गेंद पर हसन महमूद को कैच दे बैठे। इसके बाद शुभमन गिल भी 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। 34 रनों पर 2 विकेट गिरने के बाद यशस्वी और विराट ने तेजी से खेलते हुए टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। इस दौरान यशस्वी ने अपना अर्द्धशतक पूरा किया लेकिन वह 92 के कुल स्कोर पर तैजुल हसन की गेंद पर शाकिब को कैच थमा बैठे। शेष रनों को कोहली और पंत ने 17.2 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर शानदार जीत दिलाकर सीरीज क्लीन स्वीप की।

### कोहली ने शाकिब को तोहफे में दिया अपना बल्ला

**कानपुर।** भारत के सुपर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला में घरेलू टीम के क्लीन स्वीप के बाद मेहमान टीम के जल्द ही संन्यास लेने वाले ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को अपने हस्ताक्षर वाला बल्ला तोहफे में दिया। यहां विदेशी सरजमीं पर अपना अंतिम टेस्ट खेलने वाले शाकिब पहले की स्पष्ट कर चुके हैं कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में तब तक नहीं खेलेंगे जब तक कि बांग्लादेश की मौजूदा कार्यवाहक सरकार उनके देश से बाहर जाने में किसी तरह की रुकावट नहीं आने का आश्वासन नहीं देती। जीत दर्ज करने के बाद कोहली बांग्लादेश की टीम की ओर बढ़े और बांग्लादेश के महानतम क्रिकेटर को अपना बल्ला सौंपा। दोनों को एक-दूसरे का अभिवादन करते और हंसते हुए देखा गया जबकि शाकिब ने बल्ले से शैडो ड्राइविंग की।

### यह जादू नहीं अनुभव का उपयोग : बुमराह

**कानपुर।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने स्वयं को जादूगर कहे जाने पर कानपुर टेस्ट जीतने के बाद कहा कि मैं विशेषण में विश्वास नहीं रखता यह परिस्थितियों के अनुसार अनुभव का उपयोग है। दूसरे टेस्ट मैच में कुल छह विकेट लेने वाले बुमराह ने (स्वयं को जादूगर कहे जाने पर) कहा कि मैं इस तरह के विशेषण में विश्वास नहीं रखता। यह टेस्ट जीत बेहद खास है। ऐसी स्थिति में आप अपने अनुभव का उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि चेन्नई की तुलना में यहां जीतना तुलनात्मक तौर पर अलग था। आकाश दीप बढ़िया गेंदबाजी कर रहे हैं और जिस तरह से वह बेहतर कर रहे हैं, उसे देखकर मैं बेहद खुश हूं। हमारा लंबा टेस्ट सत्र है विश्वकप के बाद से ब्रेक जरूरी था। अभ्यास भी उतना ही आवश्यक है और यह भी देखना जरूरी था कि इस टेस्ट सत्र के लिए हमारी तैयारी पूरी हो।



यशस्वी
51 रन
45 गेंद
8/1 चौके/छक्के

## स्कोर बोर्ड

बांग्लादेश पहली पारी : 233/10

भारत पहली पारी: 285/9 (घोषित)

बांग्लादेश दूसरी पारी: 146//10 — 47 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शादमान का जायसवाल बो आकाश | 50 | 101 | 10/0 |
| जाकिर हसन पगबाधा बो अश्विन | 10 | 15 | 1/0 |
| हसन महमूद बो अश्विन | 4 | 9 | 1/0 |
| मोमीनुल हक का राहुल बो अश्विन | 2 | 8 | 0/0 |
| नजमुल हुसैन शंटो बो जडेजा | 19 | 37 | 2/0 |
| मुशफिकुर रहीम बो बुमराह | 37 | 63 | 7/0 |
| लिटन दास का पंत बो जडेजा | 1 | 8 | 0/0 |
| शाकिब अल हसन का एवं बो जडेजा | 0 | 2 | 0/0 |
| मेहदी हसन मिराज का पंत बो बुमराह | 9 | 17 | 1/0 |
| ताइजुल इस्लाम पगबाधा बो बुमराह | 0 | 13 | 0/0 |
| खालिद अहमद नाबाद | 5 | 11 | 1/0 |

अतिरिक्त : 9, गेंदबाजी : बुमराह 10-5-17-3, अश्विन 15-3-50-3, आकाश दीप 8-3-20-1, सिराज 4-0-19-0, जडेजा 10-2-34-3

भारत दूसरी पारी: 98/3 — 17.2 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का महमूद बो मिराज | 8 | 7 | 1/0 |
| यशस्वी का शाकिब बो ताइजुल | 51 | 45 | 8/1 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो मिराज | 6 | 10 | 1/0 |
| विराट कोहली नाबाद | 29 | 37 | 4/0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 4 | 5 | 1/0 |

गेंदबाजी : मिराज 9-0-44-2, शाकिब 3-0-18-0, ताइजुल 5.2-0-36-1

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रा | अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इंडिया | 11 | 8 | 2 | 1 | 98 | 74.24 |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 3 | 1 | 90 | 62.50 |
| श्रीलंका | 9 | 5 | 4 | 0 | 60 | 55.56 |
| इंग्लैंड | 16 | 8 | 7 | 1 | 81 | 42.19 |
| द.अफ्रीका | 6 | 2 | 3 | 1 | 28 | 38.89 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 3 | 5 | 0 | 36 | 37.50 |
| बांग्लादेश | 8 | 3 | 5 | 0 | 33 | 34.38 |
| पाकिस्तान | 7 | 2 | 5 | 0 | 16 | 19.05 |
| वेस्टइंडीज | 9 | 1 | 6 | 2 | 20 | 18.52 |

## खेल डायरी

### भारत ने बांग्लादेश को हराया, सैफ अंडर-17 का खिताब

**थिम्पू (भूटान)।** भारत की फुटबॉल टीम ने फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को 2-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप का अपना खिताब बरकरार रखा है। सोमवार रात चांगलिमथांग स्टेडियम में खेले गये मैच का पहला हाफ बांग्लादेश के खिलाफ भारत के ग्रुप लीग मैच जैसा ही था। जहां भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार हमलावर रहे। वहीं बांग्लादेश के छह खिलाड़ी डिफेंस में लगे रहे। इसके बाद पहले हाफ में खराब प्रदर्शन के बाद मोहम्मद कैफ ने 58वें मिनट में हेडर से बेहतरीन गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद 95वें मिनट में मोहम्मद अरबाश ने बाएं पैर से शानदार गोल कर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन ऐसी टीम के खिलाफ गोल करना कभी आसान नहीं होता जोकि रक्षात्मक मानसिकता के साथ मैदान पर उतरी हो। मैच के दौरान केवल एक बार बांग्लादेश भारतीय गोल के करीब पहुंचा। यह ब्रेक पर एक मूव था और गोलमाउथ पर क्रॉस को गोलकीपर सूरज सिंह ने समय रहते रोक दिया।

### रहाणे और सरफराज के अर्धशतकों ने मुंबई को संभाला



**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।** रणजी चैंपियन मुंबई के पहले दिन ही जब तीन विकेट मात्र 37 रन के योग पर गिर गए तो ऐसा लगा कि टीम जल्द ही सिमट जायेगी। लेकिन कप्तान अंजिक्य रहाणे (नाबाद 86) और श्रेयस अय्यर ने शुरुआती झटकों के बाद टीम को संभाल लिया और पहले दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने ईरानी ट्रॉफी के लिए खेले जा रहे मुकाबले में शेष भारत के विरुद्ध चार विकेट खोकर 237 रन बना लिये। शेष भारत के मुकेश कुमार ने 3 विकेट झाटके। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में श्रेयस अय्यर (57 रन) और सरफराज खान ने (नाबाद 54 रन) अर्धशतक जड़े। इकाना स्टेडियम में मंगलवार को गीली आउट फील्ड के चलते पहले दिन 68 ओवर का ही खेल हुआ। मुकेश ने तीन विकेट चटकाये। यश दयाल को एक विकेट मिला।

### संघों को एथलीट मॉनिटरिंग सिस्टम देगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड प्रदेश संघों को आधुनिक एथलीट मॉनिटरिंग सिस्टम देगा जिससे खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। प्रदेश संघों को भेजे पत्र में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बताया कि बेंगलुरु के सेंटर आफ एक्सीलैंस की एक टीम एएमएस के प्रभावी इस्तेमाल की जानकारी देने के लिये जल्दी ही उन तक पहुंचेगी। शाह ने पत्र में लिखा मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बीसीसीआई सभी प्रदेश संघों को एएमएस देगा जिसका खर्च बीसीसीआई वहन करेगा। दिसंबर में आईसीसी चेयरमैन बनने जा रहे शाह ने कहा प्रदेश संघ इससे खिलाड़ियों का बेहतर प्रबंधन कर सकेंगे और खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ दे पाएंगे। एएमएस खिलाड़ियों को जोखिम और तैयारियों पर सूचना देने के साथ कोचों और प्रशासकों को प्रदर्शन अलर्ट, चोटों और फिटनेस पर विश्लेषण और कार्यभार मॉनिटरिंग भी करेगा।

### पार्थ को जूनियर विश्व चैंपियनशिप में दोहरा स्वर्ण


**लीमा।** पार्थ राकेश माने ने जूनियर विश्व चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सोमवार को इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पार्थ ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत खिताब जीतने के बाद, अजय मलिक और अभिनव शॉ के साथ मिलकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। गौतमी भालोट, शांभवी क्षीरसागर और अनुष्का थोकुर की भारतीय महिला टीम ने 10 मीटर एयर राइफल में 1894.8 के संयुक्त स्कोर के साथ नया जूनियर विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। इन तीन स्वर्ण पदकों के साथ जूनियर शूटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या आठ हो गई है। भारत टूर्नामेंट में अब तक पांच स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीत चुका हैं।

## चैंपियंस लीग में रोनाल्डो के गोल से अल नस्त्र ने अल रेयान को हराया

रियाद, एजेंसी

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल से सऊदी अरब के अल नस्त्र ने सोमवार को एएफसी चैंपियंस लीग एलीट ग्रुप चरण के मैच में कतर के अल रेयान को 2-1 से हराया।

पांच बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता रोनाल्डो वायरल संक्रमण के कारण इराक के अल शोर्ता के खिलाफ दो हफ्ते पहले 1-1 से ड्रॉ रहे टीम के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे। सोमवार को उनका एक गोल ऑफ साइड हो गया लेकिन मैच खत्म होने से 14 मिनट पहले उन्होंने एक और गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। लीवरपूल के पूर्व फारवर्ड सादियो माने ने मध्यांतर से ठीक पहले अल नस्त्र को बढ़त दिलाई जबकि रोनाल्डो ने टीम की बढ़त को 2-0 किया। मैच खत्म होने से तीन मिनट पहले रोजर गुएडेस ने अल रेयान के लिए गोल दागा लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए। अन्य मुकाबलों में सऊदी अरब के अल अहली ने यूएई के अल वासल को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की जबकि कतर के अल साद ने ईरान के एस्टेघलाल को इसी अंतर से हराया। ईरान के पर्सेपोलिस और उज्बेकिस्तान के पाख्ताकोर का मुकाबला 1-1 से बराबर रहा।



### बोर्नेमाउथ ने साउथम्पटन को हराया

**बोर्नेमाउथ (इंग्लैंड)।** बोर्नेमाउथ ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सोमवार को यहां साउथम्पटन को 3-1 से हरा दिया। सत्र के छह मैच के बाद भी साउथम्पटन को पहली जीत की तलाश है और टीम एक अंक जुटाकर वोल्वरहैम्पटन के साथ संयुक्त रूप से आखिरी पायदान पर है। बोर्नेमाउथ की ओर से एवनिलसन (17वें मिनट), डेंगो ओउआटारा (32वें मिनट) और एंटोनी सेमेन्यो (39वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा।

## अल्काराज फाइनल में पहुंचे, पेगुला बाहर

बीजिंग, एजेंसी

विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने मंगलवार को यहां रूस के दानिल मेदवेदेव पर सीधे सेट में 7-5, 6-3 से जीत के साथ चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने 88 मिनट में सेमीफाइनल जीतकर मेदवेदेव के खिलाफ अपने जीत-हार के रिकॉर्ड को 6-2 तक पहुंचाया।

फाइनल में अब अल्काराज का मुकाबला गत चैंपियन और शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी यानिक सिनर और चीन के वाइल्ड कार्ड धारक बु युनचाओकेट के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मैच के विजेता से होगा। इससे पहले महिला वर्ग में पाउला बेडोसा ने अमेरिकी ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली जेसिका पेगुला को 6-4, 6-0 से हराकर डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शुरुआती सेट में 1-3 से पिछड़ने के बाद दुनिया की पूर्व नंबर दो खिलाड़ी बेडोसा ने वापसी करते हुए तीसरे नंबर की खिलाड़ी पेगुला को हराया। बेडोसा क्वार्टर फाइनल में चीन की 35 वर्षीय झांग शुआई से भिड़ेंगी जिन्होंने पोलैंड की मैग्डेलेना फ्रेच को 6-4, 6-2 से हराया। रैंकिंग में 595वें स्थान की खिलाड़ी झांग ने लगातार 24 मैच हारने के बाद चीन ओपन में प्रवेश किया था लेकिन उन्होंने इस हफ्ते खेले चार मैचों में एक भी सेट नहीं गंवाया है। वहीं 115वें नंबर की यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा ने भी 14वीं रैंकिंग वाली अन्ना कालिन्स्काया को 7-5, 6-0 से हराकर उलटफेर किया। यूलिया क्वार्टर फाइनल में चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता नाओमी ओसाका और छठी रैंकिंग वाली कोको गॉफ के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी।

वहीं, तीन बार की ग्रैंड स्लैम विजेता एरिना सबालेंका ने सोमवार को यहां चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एश्लिन क्रूगर को 6-2, 6-2 से हराकर लगातार 14वीं जीत दर्ज करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सबालेंका का सामना अब अमेरिका की मेडिसन कीज से होगा जिन्होंने ब्राजील की बीट्रिस हदाद माइया को 6-3, 6-3 से हराया। प्री क्वार्टर फाइनल में सबालेंका की नजरें अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ लगातार 15 जीत की बराबरी करने पर होंगी।

चीन ओपन



- सबालेंका का विजय अभियान जारी गॉफ से भिड़ेंगी ओसाका

## बॉलीवुड हलचल

### रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म वेट्टैयन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आएगी। वेट्टैयन 10 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वेट्टैयन में राणा दग्गुबाती, फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका शामिल हैं।

### वेबसीरीज डायनेस्टी में काम करेंगी रवीना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन वेबसीरीज डायनेस्टी में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि रवीना टंडन वेब सीरीज डायनेस्टी में काम करने जा रही है। रवीना टंडन इस शो में मुख्य भूमिका निभाएंगी, जबकि दिग्गज गायक-अभिनेता तलत अजीज भी एक अहम किरदार निभाएंगे। कहा जा रहा है कि वेबसीरीज डायनेस्टी का निर्देशन साहिल संघा कर रहे हैं। रवीना टंडन इस वेबसीरीज की स्टार कास्ट के साथ अक्टूबर के दूसरे भाग में शूटिंग शुरू करेंगी। इस वेबसीरीज का बड़ा हिस्सा दिल्ली में शूट किए जाने की संभावना है।



### कार्तिक ने असली चैंपियंस के साथ मनाया जश्न

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने ओलंपिक और पैरालंपिक चैंपियन के साथ जश्न मनाया है। कार्तिक आर्यन ने फिल्म चंदू चैंपियन में मुरलीकांत पेटकर के किरदार को सिल्वर स्क्रीन पर जीवंत कर दिया। हर तरफ से ढेर सारा प्यार और प्रशंसा पाने के बाद कार्तिक ने अपने जबरदस्त परफॉर्मेंस से हमारे पैरालंपिक एथलीटों को सम्मानित किया है। कार्तिक हमेशा इन चैंपियनों की भावना का जश्न मनाते रहे हैं। इसकी झलक तब देखने मिली, जब वे हाल ही में नीता अंबानी द्वारा आयोजित एक खास कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां पहली बार 140 ओलंपियन और पैरालिंपियन एक साथ देखे गए। कार्तिक ने अपने सोशल मीडिया पर एक छोटा वीडियो शेयर किया है, जिसमें पैरालंपिक चैंपियन नवदीप सिंह और प्रीति पाल को उनकी फिल्म चंदू चैंपियन का फेमस डायलॉग चंदू नहीं चैंपियन है मैं बोलते हुए जोश में देखा जा सकता है। कार्तिक ने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा है, किसी को कभी कम मत समझना चंदू नहीं चैंपियन है। असली चैंपियंस के साथ। कार्तिक आर्यन, दीवाली पर रिलीज होने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आएंगे।

## आईओए कोषाध्यक्ष ने अध्यक्ष के दावों को दिया झूठ करार

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीटी उषा के दावों पर सहदेव ने किया पलटवार कहा- उनके आरोपों का ना कोई सबूत है और ना ही वास्तविक आधार

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव ने आईओए कार्यकारी समिति के सदस्यों के पेरिस ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित करने के प्रस्ताव पर सहमत नहीं होने के अध्यक्ष पीटी उषा के दावे के लिए उन पर पलटवार करते हुए कहा उनका दावा सरासर झूठ है।

उषा ने सोमवार को कहा था कि यह बेहद चिंताजनक है कि कार्यकारी समिति के सदस्य ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित करने में विफल रहे और उन्होंने वित्त समिति पर पेरिस खेलों के लिए भारतीय खिलाड़ियों की तैयारी के लिए दिए जाने वाले कोष को रोकने का आरोप लगाया। उषा के दावों का खंडन करते हुए सहदेव ने कहा समिति के सदस्यों के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है और ना ही पेरिस ओलंपिक 2024 के पदक विजेताओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए लिखित में कोई आधिकारिक प्रस्ताव है। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के भी अध्यक्ष सहदेव ने उषा पर आईओए संविधान के अनुसार जिम्मेदारी लेने के बजाय झूठ फैलाने और मनगढ़ंत बातें करने का आरोप लगाया। सहदेव ने कहा हम यह समझ पाने में असफल हैं कि आईओए अध्यक्ष झूठ क्यों फैला रही हैं। कार्यकारी समिति के सदस्यों को नीचा दिखाने के लिए जबकि इसका ना तो कोई सबूत है और ना ही कोई वास्तविक आधार है। उनके प्रयास और प्रस्ताव कुछ और नहीं बल्कि सफेद झूठ हैं जिन्हें अध्यक्ष हर बार मीडिया के सामने मगरमच्छ के आंसू बहाते हुए गढ़ती रहती हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

# थाईलैंड में बस में आग लगने से 25 विद्यार्थियों की मौत

- बस में छह शिक्षकों समेत 44 लोग थे सवार

बैंकॉक, एजेंसी

थाईलैंड में बैंकॉक के बाहरी इलाके में वॉट खाओ फ्राया विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों को ले जा रही एक बस में मंगलवार को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गयी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह हादसा थाईलैंड के खु खोत में ज़ीर रंगसिट शॉपिंग मॉल के पास फाहोन योथिन रोड पर स्थानीय समयानुसार अपराह्न 12.30 बजे हुआ।

राजधानी बैंकॉक से लगभग 250 किमी (155 मील) उत्तर में उथाई थानी प्रांत से चली बस में छह शिक्षकों समेत 44 लोग सवार थे। आग लगने के कारणों के बारे में फिलहाल का पता नहीं चल पाया है और मृतकों की



संख्या बढ़ने की आशंका है। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक दमकलकर्मी आग को काबू करने की मशक्कत कर रहे थे। पुलिस के अनुसार सोलह विद्यार्थियों और तीन शिक्षकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवहन मंत्री सूर्या जुआंगरूंगरूंगकिट ने कहा कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# 56 साल बाद ढाका ग्लेशियर में दफन मिला शहीद का शव

## वर्ष 1968 में लेह से चंढ़ीगढ़ के लिए निकला वायु सेना का विमान हो गया था क्रैश

- चालक सहित 102 यात्रियों को लेकर भरी थी उड़ान, आईडी से हुई सिपाही की पहचान

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भारत-चीन सीमा पर तैनात एक फौजी 56 साल पहले अपने घर के लिए निकला। वह अपने 102 साथियों के साथ वायु सेना के विमान में सवार था। विमान ने उड़ान तो भरी, लेकिन अपने बेस पर वापस नहीं लौट पाया। विमान क्रैश हो गया और सभी 102 लोग लापता हो गए। अब 56 साल बाद पता लगा कि विमान हादसे में लापता हुए सैनिक नारायण सिंह का शव ढाका ग्लेशियर में दफन है। सेना के जवानों ने शव निकाला। शव पहचानने की हालत में नहीं था, लेकिन शव से मिली एक आईडी से शहीद की शिनाख्त सिपाही नारायण सिंह के रूप में की गई। कोलपुड़ी पोस्ट गेरूर ब्लॉक थराली (चमोली) के रहने वाले नारायण सिंह भारतीय सेना में सिपाही थे। वर्ष 1968 में उनकी तैनाती भारत-चीन सीमा पर स्थित लेह में थी। सेना के अधिकारियों ने उनके पुत्र जयवीर सिंह को चार दिन पूर्व एक पत्र भेजा। मेजर साहिल रणदेव की ओर से भेजे गए पत्र में लिखा, 7 फरवरी 1968 को भारतीय वायुसेना का विमान एन-12-बीएल-534 चंडीगढ़ से उड़ा। छह क्रू सदस्यों के साथ विमान लेह पहुंचा, ताकि भारतीय सेना के लोगों को लेह से चंडीगढ़ वापस लाया जा सके। वापसी में विमान ने लेह से उड़ान भरी। विमान में कुल 102 यात्री (चालक दल सहित) सवार थे, लेकिन चंडीगढ़ की ओर बढ़ते समय खराब मौसम की वजह से ढाका ग्लेशियर के सामान्य क्षेत्र में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सिपाही नारायण सिंह भी एक यात्री थे। घटना के बाद सेना ने लगातार अपने लापता जवानों की तलाश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इधर, अब सेना को ढाका ग्लेशियर में एक शव मिला। शव पहचाना नहीं जा रहा था, लेकिन शव से एक आईडी मिली, जिस पर जिला टिहरी गढ़वाल उत्तर प्रदेश लिखा था। सेना ने पड़ताल की तो पता लगा कि शव सिपाही नारायण सिंह का था। नारायण सिंह की पत्नी बसंती के पुत्र जयवीर सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि फौज ने शव मिलने की पुष्टि की है। सभवतः दो दिन बाद शव को गांव लाया जाएगा।

### शादी के तुरंत बाद मिली पोस्टिंग और फिर शहादत

हल्द्वानी : जयवीर ने बताया कि उनकी मां बसंती देवी का 2011 में निधन हो गया है। बसंती ने अपने बच्चों को कभी नारायण सिंह के बारे में नहीं बताया। हालांकि बाद में बच्चों को इसका पता लग गया। बसंती से शादी के कुछ समय बाद ही नारायण को लेह में पोस्टिंग मिली थी। हादसे को जब पांच साल गुजर गए तो नारायण के भाई भवान सिंह ने बसंती को सहारा दिया। शादी की और फिर दो बच्चे सुजान व जयवीर हुए। हालांकि बच्चों पर किसी तरह का मानसिक असर न पड़े तो नारायण को बच्चों से छिपाए रखा गया।

### 1968 से अब तक बरामद हुए सिर्फ पांच शव

सेना की ओर से जो पत्र जयवीर सिंह को भेजा गया है, उसमें लिखा है कि भारतीय सेना और वायु सेना ने मिलकर कई खोज और बचाव अभियान चलाए गए हैं। अब तक कुल पांच शव बरामद किए गए हैं। सेना एक बार फिर ढाका ग्लेशियर के सामान्य क्षेत्र में खोज और बचाव अभियान चलाएगी, ताकि शहीदों के अवशेषों को ढूंढा जा सके और उन्हें उचित अंतिम सैन्य सम्मान दिया जा सके। सेना ने कहा, यह पीड़ित परिवार के सदस्यों की भावना और इच्छाशक्ति ही है, जो हमारी आत्माओं को शून्य से भी नीचे के तापमान, दुर्गम इलाकों में शहीदों के पार्थिव अवशेषों की खोज जारी रखने के लिए प्रेरित करती है।

## एक नजर

### अभिनेत्री जूलिया रॉबट्र्स को 50वें सीजर पुरस्कार में किया जाएगा सम्मानित

**पेरिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबट्र्स को सीजर पुरस्कार के 50वें संस्करण में सम्मानित किया जाएगा। एकेडमी ऑफ सिनेमा आट्र्स एंड टेक्निक्स ने यह घोषणा की। सीजर पुरस्कार की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी एक बयान में बताया गया कि रनअवे ब्राइड, प्रिटी वुमन, नॉटिंग हिल और एरिन ब्रोकोविच जैसी फिल्मों के लिए मशहूर 56 वर्षीय अभिनेत्री को 28 फरवरी, 2025 को फ्रांस की राजधानी के ओलंपिया हॉल में आयोजित पुरस्कार समारोह के दौरान 'ऑनररी सीजर' से पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### जाकिर नाइक एक महीने के पाकिस्तान दौरे पर

**इस्लामाबाद।** भारतीय भगौड़ा डॉ. जाकिर नाइक एक महीने की लंबी यात्रा के लिए पाकिस्तान पहुंचा, जहां वह कराची, इस्लामाबाद और लाहौर जैसे प्रमुख शहरों में व्याख्यान देंगा। यह जानकारी मंगलवार को मीडिया रिपोर्टों से प्राप्त हुई। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, तीन दशकों में नाइक की यह पहली पाकिस्तान यात्रा है। इससे पहले वह आखिरी बार 1992 में पाकिस्तान गए थे, जब वह भारत लौटने से पहले लाहौर में धार्मिक विद्वान डॉ. इसरार अहमद से मिले थे।

### श्रीलंका में मंत्रिमंडल की हुई पहली बैठक

**कोलंबो।** श्रीलंका में नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) गठबंधन की नई सरकार बनने के बाद देश के अब तक के सबसे छोटे मंत्रिमंडल की पहली बैठक हुई, जिसमें सिर्फ तीन मंत्री शामिल हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नए मंत्रिमंडल के प्रवक्ता विजिथा हेराथ ने बताया कि सोमवार को हुई इस बैठक में नवनियुक्त राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और प्रधानमंत्री डॉ. हरिणी अमरसुरिया के अलावा वह शामिल हुए।

### इंडोनेशिया के सुलावेसी प्रांत में भूकंप के तीव्र झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के दक्षिणपूर्व सुलावेसी प्रांत में मंगलवार को भूकम्प के तीव्र झटके महसूस किये गये। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय समयानुसार शाम करीब 04 :28 बजे आए भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6 .2 आंकी गयी। इसका केंद्र वाकाटोबी रीजेंसी से 186 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में समुद्र तल के नीचे 631 किमी की गहराई पर था। सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने बताया कि भूकंप से किसी जानमाल की हानि की फिलहाल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

### चीनी सेना की दक्षिण चीन सागर में समुद्री गश्त

**बीजिंग।** चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) दक्षिणी थिएटर कमांड ने सोमवार से मंगलवार तक दक्षिण चीन सागर में युद्ध-तैयारी गश्त करने के लिए एक नौसैनिक बेड़े का आयोजन किया। पीएलए आर्मी दक्षिणी थिएटर कमांड ने आज एक बयान में कहा कि यह गश्त वार्षिक सैन्य अभ्यास के तहत की गई।

# लेबनान में जमीनी हमले शुरू

## इजराइल ने हिजबुल्ला के ठिकानों के खिलाफ स्थानीय अभियान छेड़ा

यरुशलम, एजेंसी

इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों के खिलाफ जमीनी हमले शुरू कर दिए है। सेना उन उन क्षेत्रों में हमले कर रही है जो इजराइली सीमा के करीब हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हिजबुल्ला और हमास का समर्थन करने वाले ईरान को सोमवार को चेतावनी दी थी।

उन्होंने लेबनान के हिजबुल्ला समूह के नेता के एक हवाई हमले में मारे जाने के कुछ दिन बाद कहा, पश्चिम एशिया में ऐसी कोई जगह नहीं है जहां इजराइल नहीं पहुंच सकता। हिजबुल्ला ने अपने नेता हसन नसरल्ला और अन्य शीर्ष नेताओं के मारे जाने के बाद भी लड़ाई जारी रखने का सोमवार को संकल्प लिया।

आतंकी समूह के कार्यवाहक नेता नईम कासेम ने नसरल्ला की मौत के बाद सोमवार को टेलीविजन पर अपने पहले बयान में कहा कि अगर इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो हिजबुल्ला के लड़ाके पूरी तरह से तैयार हैं। वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि वह लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर स्थानीय जमीनी हमले कर रही है। सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हेगारी ने मंगलवार को मीडिया में जारी एक वीडियो बयान में कहा कि सैनिक यह सुनिश्चित करने के लिए हिजबुल्ला के खिलाफ अभियान चला रहे हैं कि इजराइली नागरिक उत्तरी हिस्से में अपने घरों में लौट सकें। हिजबुल्ला ने गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से ही उत्तरी इजराइल में रॉकेट हमले शुरू कर दिए थे जिससे वहां रहे लोगों को विस्थापित होना पड़ा था।



लेबनान सीमा की ओर बढ़ते इजराइली टैंकर।

### हवाई हमलों में 95 लोग मारे गए, 172 घायल हुए

**बेरूत।** लेबनान के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली हवाई हमलों में कुल 95 लोगों की मौत हो गयी और 172 अन्य घायल हो गये हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार रात यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि बालबेक-हर्मेल जिले में इजरायली हमले में 16 लोग मारे गए और 48 अन्य घायल हुए।

### संदिग्ध हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोत पर हमला किया

**दुबई।** हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को लाल सागर में एक पोत को निशाना बनाकर संदिग्ध हमला किया जो पिछले कुछ सप्ताह में वाणिज्यिक पोतों पर उनका संभवत: पहला हमला है। यह हमला लेबनान में हाल में हुए इजराइली हमलों और हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला के मारे जाने के बाद हुआ है। इससे पश्चिम एशिया में युद्ध के बड़े स्तर पर फैलने की आशंका पैदा हो गई है। हूती विद्रोहियों ने सोमवार को इजराइल के ऊपर उड़ रहे एक अमेरिकी सैन्य ड्रोन को मार गिराने के बाद इजराइल को निशाना बनाकर सैन्य अभियान तेज करने की धमकी दी।

### इजराइल ने लेबनान के कई समुदायों से क्षेत्र छोड़ने का आह्वान किया

**यरूशलम।** इजराइली सेना ने सीमा के निकट लेबनान के 24 समुदायों को वहां से चले जाने की चेतावनी दी है। इजराइल द्वारा दक्षिणी लेबनान में सेना भेजने के कुछ घंटों बाद मंगलवार को यह चेतावनी दी गई। इजराइल ने कहा कि उसके सैनिक लेबनान में घुस गये और हिजबुल्ला के लड़ाकों और बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए छापेमारी की। इस बीच हिजबुल्ला ने इजराइल की सेना के लेबनान में घुसने की खबरों को खारिज किया है। इसने कहा यदि वे सीमा पार करते हैं तो उसके (हिजबुल्ला) लड़ाके आमने-सामने की लड़ाई के लिए तैयार हैं। इजराइल की सेना के प्रवक्ता द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किये गये आदेश में दक्षिणी लेबनान के लगभग 24 समुदायों का जिक्र किया गया है और लोगों को सीमा से लगभग 60 किमी (36 मील) दूर, अवाली नदी के उत्तर में चले जाने को कहा गया है।

## वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हुआ समारोह

# वायु सेना दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम: राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारतीय वायु सेना देश के दुश्मनों को उनकी सीमा में घुसकर करारा जवाब देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि सरकार आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप बल को सबसे उन्नत प्लेटफार्मों से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध है। सिंह ने यहां राष्ट्रीय समर स्मारक में एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होना चाहिए ताकि सम्मान, गौरव और देश की सेवा की भावना के साथ जीवन जिया जा सके।

भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित समारोहों के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिंह ने 'वायु वीर विजेता' कार रैली को प्रारंभ किया जिसे आठ अक्टूबर को लद्दाख के थोइस से रवाना किया जाएगा जो समुद्र तल से 3,068 मीटर की ऊंचाई पर दुनिया के सबसे ऊंचे वायु सेना स्टेशनों में से एक है। लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक 7,000 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह रैली आठ अक्टूबर को वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित की जाएगी। सिंह ने कठिन परिस्थितियों में बहादुरी, समर्पण और देशभक्ति के साथ मातृभूमि की सेवा करने वाले सैनिकों की भी प्रशंसा की।



भारतीय वायु सेना की वर्षगांठ में शिरकत करने पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### चीन सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन सामान्य नहीं : थल सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि चीन से लगती सीमा पर स्थिति स्थिर है लेकिन इसे सामान्य नहीं कहा जा सकता और यह संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने अप्रैल 2020 से पहले की यथास्थिति की बहाली की मांग करते हुए कहा कि जब तक ऐसा नहीं होगा तक स्थिति संवेदनशील बनी रहेगी। जनरल द्विवेदी ने मंगलवार को यहां चाणक्य रक्षा संवाद- 2024 के दूसरे संस्करण के पूर्वावलोकन कार्यक्रम में राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हुए वर्ष 2047 तक एक मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध भारत के बारे में भारतीय सेना के दृष्टिकोण को रखा। साथ ही उन्होंने राष्ट्र निर्माण में भारतीय सेना के योगदान पर भी बात की। भारतीय सेना, सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (सीएलएडब्ल्यूएस) के सहयोग से, 'राष्ट्र निर्माण में उत्प्रेरक : समग्र सुरक्षा के माध्यम से विकास को बढ़ावा' विषय पर चाणक्य रक्षा संवाद-2024 के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रही है।

## पत्रकारिता का दोषी होने की बात मुक्त होने के लिए कबूली: असांजे

**फ्रांस।** विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे ने मंगलवार को कहा कि उन्हें वर्षों की कैद के बाद रिहा किया गया, क्योंकि उन्होंने पत्रकारिता का दोष होने की बात कबूल कर ली। असांजे ने फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में पार्लियामेंट्री असेंबली ऑफ द काउन्सिल ऑफ यूरोप की कानूनी मामलों और मानवाधिकार समिति के समक्ष अपनी हिरासत और दोषसिद्धि के प्रभाव के बारे में साक्ष्य दिया। इस पार्लियामेंट्री असेंबली में 46 यूरोपीय देशों के सांसद शामिल हैं। असांजे को ब्रिटेन की जेल में पांच साल बिताने के बाद जून में रिहा किया गया था। उन्होंने अभियोजकों के साथ समझौते में अमेरिकी सेना से जुड़ी जानकारी हासिल करने और प्रकाशित करने का दोष स्वीकार किया था।

# अमेरिकी वाणिज्य मंत्री से तकनीकी सहयोग पर चर्चा

वाशिंगटन, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वाशिंगटन में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो से मुलाकात की और उन्होंने सेमीकंडक्टर, आईसीईटी, महत्वपूर्ण खनिजों और परिस्थितियों में उतार चढ़ाव से अप्रभावित एवं सतत आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित किये जाने के मुद्दों पर चर्चा की।

विदेश मंत्री ने कहा वाशिंगटन डीसी में वाणिज्य मंत्री रायमोंडो से मिल कर बहुत खुशी हुई। हमने सेमीकंडक्टर्स, आईसीईटी, महत्वपूर्ण खनिजों, विश्वसनीय साझीदारियों और परिस्थितियों में उतार चढ़ाव से अप्रभावित एवं सतत आपूर्ति श्रृंखला पर चर्चा की। हम अपने तकनीकी सहयोग और आर्थिक साझीदारी में जो प्रगति कर रहे हैं, उसके महत्व पर भी बातचीत हुई।



## जापान की संसद ने शिगेरु इशिबा को प्रधानमंत्री चुना

**तोक्यो।** जापान की संसद ने सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख शिगेरु इशिबा को औपचारिक रूप से देश का नया प्रधानमंत्री चुना। इशिबा को शुक्रवार को लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी का नेता चुना गया था, ताकि वह फुमियो किशिदा की जगह ले सकें। फुमियो किशिदा के मंगलवार की सुबह प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद इशिबा के अगले प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यभार ग्रहण करने का मार्ग प्रशस्त हो गया था। इशिबा मंगलवार को बाद में अपने नए मंत्रिमंडल की घोषणा करेंगे। किशिदा ने 2021 में प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यभार संभाला था, लेकिन उनकी सरकार के घोटालों से घिरने के बाद उन्होंने पद छोड़ दिया।

# भारत व पड़ोसी देशों से चल रहा तनाव

## राष्ट्रपति शी ने राष्ट्रीय दिवस पर दी चेतावनी, आगे की राह आसान नहीं

बीजिंग, एजेंसी

चीन ने मंगलवार को अपना 75वां राष्ट्रीय दिवस मनाया और राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कड़ी चेतावनी दी कि कम्युनिस्ट राष्ट्र के लिए आगे की राह आसान नहीं होगी, क्योंकि उसे आर्थिक चुनौतियों के साथ-साथ अमेरिका के साथ बढ़ती प्रतिद्वंद्विता और भारत सहित अन्य पड़ोसियों के साथ बढ़ते तनाव का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को बीजिंग के विशाल तियानमेन स्कवायर पर राष्ट्रीय दिवस मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग प्रतीकात्मक ध्वजारोहण समारोह में शामिल हुए। देश में एक सप्ताह का अवकाश घोषित है। राष्ट्रीय दिवस की 60वीं और 70वीं वर्षगांठ की तरह इस बार कोई उत्सव या चीन की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने वाली भव्य सैन्य परेड नहीं हुई, बल्कि शी ने लोगों से कठिन समय के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। शी ने वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर एक भोज के दौरान अपने भाषण में कहा आगे की राह आसान और सुगम्य नहीं होगी, इसमें कठिनाइयां और बाधाएं आएंगी। (हमें) मुश्किल हालात का सामना करना पड़ सकता है। चीन चुनौतीपूर्ण भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच, आर्थिक गति हासिल करने की कोशिश कर रहा है।



शी ने कहा हमें शांति के समय में सतर्क रहना चाहिए, आगे की योजना बनानी चाहिए और पूरी (कम्युनिस्ट) पार्टी, पूरी सेना (पीएलए) और देश भर के सभी जातीय समूहों के लोगों पर पूरा भरोसा करना चाहिए। उन्होंने कहा, कोई भी कठिनाई चीन के लोगों को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। पार्टी और जनवादी सेना (पीएलए) का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रपति शी (71) का पांच वर्षों का यह तीसरा कार्यकाल है।


# डोभाल ने फ्रांस के सशस्त्र बलों, मंत्री से मुलाकात की

- द्विपक्षीय रक्षा संबंधों के साथ वैश्विक स्थित पर चर्चा की

पेरिस, एजेंसी

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने यहां फ्रांस के सशस्त्र बलों के मंत्री से मुलाकात की और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने, अंतरिक्ष सहयोग को आगे बढ़ाने के साथ-साथ वैश्विक स्थिति पर चर्चा की।

फ्रांस स्थित भारतीय दूतावास ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, फ्रांस की अपनी यात्रा के दौरान भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने फ्रांस के सशस्त्र बलों के मंत्री सेबेस्टियन लेकॉर्नू के साथ व्यापक चर्चा की। इसमें कहा गया है, उनकी बातचीत का उद्देश्य द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करना और अंतरिक्ष सहयोग को आगे बढ़ाना था। इसके साथ ही उभरते अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक परिदृश्य को लेकर



विचारों का आदान-प्रदान करना था। बैठक के बाद लेकॉर्नू ने कहा हम लोगों ने हमारे द्विपक्षीय रक्षा सहयोगः राफेल मरीन, स्कॉर्पीन पनडुब्बियां, अंतरिक्ष तथा अंतरराष्ट्रीय स्थिति, विशेष रूप से यूक्रेन पर चर्चा की।

## यूएनजीए में स्थायी सीट के लिए समर्थन करने वाले देशों का धन्यवाद

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने सोमवार को उन देशों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता देने का समर्थन किया। इनमें यूएनएससी के स्थायी पांच सदस्य देशों में से चार अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस, साथ ही अंगोला, चिली, माइक्रोनेशिया, पुर्तगाल शामिल हैं, जबकि बेलारूस और भूटान ने विकास पहल में मदद के लिए भारत को धन्यवाद दिया। जिन लोगों ने 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूएनएससी में भारत के साथ-साथ अफ्रीका के एक देश की स्थायी सदस्यता तथा जर्मनी और जापान के समर्थन में बात की, उनमें शामिल हैंः अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंको, चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट, कीर स्टार्मर।

ज्ञान-विज्ञान | नासा के मार्स पर्सिवरेंस रोवर की महत्वपूर्ण खोज, खोलेगी कुछ और राज

# मंगल पर मिली अजीबो-गरीब धारीदार चट्टान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** लालग्रह मंगल में एक अजीबोगरीब धारीदार चट्टान की खोज हुई है। मार्स पर्सिवरेंस रोवर ने यह खोज की है। जेज़ेरो क्रेटर में यह चट्टान मिली है। माना जा रहा है कि यह चट्टान मंगल के बारे में नई जानकारी दे सकती है।

नासा का मार्स पर्सिवरेंस रोवर मंगल की सतह की जांच पड़ताल में लंबे समय से जुटा हुआ है। अभी तक कई महत्वपूर्ण खोजों को अंजाम दे चुका है और अब धारीदार चट्टान का मिलना मंगल की सतही पदार्थों का रहस्य उजागर कर सकती है। यह चट्टान अजीब काली और सफेद धारीदार है। मार्स पर्सिवरेंस रोवर लाल ग्रह के अतीत में सूक्ष्मजीव जीवन के साक्ष्य की तलाश कर रहा है। मगर काली और सफेद धारियों वाली इस चट्टान ने बहुत सारे प्रश्न खड़े कर दिए। वैज्ञानिकों ने इसका नाम फ्रेया कैसल रखा है। यह चट्टान कुछ हद तक पृथ्वी के रूपांतरित चट्टानों के समान दिखता है। जिन्हें नाइस, मार्बल व शिस्ट कहा जाता हैं। प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकोन ने इसका खुलासा किया है। उनका कहना है कि फ्रेया कैसल उच्च श्रेणी की चट्टान जैसा दिखता है । जिन स्थितियों में मंगल पर फ्रेया कैसल का निर्माण होगा, वह संभवतः पृथ्वी के समान रही होंगी। यह खोज मंगल की सतह पर चट्टानों के बारे मे नई जानकारी उजागर करती है। बहरहाल इस चट्टान का विस्तृत अध्ययन किया जाना है। तभी इसकी वास्तविकता का पता लग सकेगा। मंगल पर अनेक प्रकार की चट्टान मिलती रही हैं, मगर इसका रंग रूप अजीब कहानी बयां करता है। जिस स्थान पर यह चट्टान मिली है, वह स्थान करीब 3.9 अरब साल अस्तित्व में आया । संभावना यह भी जताई जा रही है कि तब कुछ इस तरह की चट्टानें बनी हो सकती है। प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों का कहना है कि वह जल्द इस चट्टान का रहस्य उजागर कर देंगे।
बॉक्स



### मंगल पर खोज क्रांति से कम नही

नैनीताल : मंगल ग्रह पर खोज किसी क्रांति से कम नही। पिछले दो दशक में परत दर परत मंगल के खुलासे होते चले गए हैं। इस दिशा में आधुनिक विज्ञान व तकनीक मील का पत्थर साबित हुई है। अब मानव का मंगल पर पहुचना शेष रह गया है। अगले पांच वर्ष में यह कार्य भी पूर्ण हो जाएगा।